# शताब्दी गौरव

वर्ष-27 | अंक-4 | पृष्ठ -112 | ₹-3 | पाक्षिक | 1-15 अप्रैल 2025




भगवान महावीर जन्म स्थल, कुंडलपुर



# Happy Mahavir *Janma Kalyanak* Mahotsav!!

May Lord Mahavir Bless you
abundantly and fill your life
with
The virtue of truth
Non violence &
External Compassion

***Prakash Jain | Chairman***
***Consulate General, Republic of Rwanda***

inspira®

Innovation I Impact I Integrity

23, Level 2, Kalpataru Square, Kondivita Lane, Off Andheri Kurla Road, Andheri (East), Mumbai 400059.
Phone No.: +91 22 4056 9999, Fax: +91 22 4056 9966 | Email: sales@inspira.co.in / Website: www.inspira.co.in


AIR IN ITS PUREST FORM
WITH GM'S BLADELESS FAN
GM
SWITCH TO A BETTER WORLD
Oxy air
BLADELESS FAN • AIR PURIFIER • LED LIGHT
The Oxy Air Signature Series Bladeless Fan with suspended air purifier comes with a HEPA filter. With a built-in air quality sensor, 120° oscillation, UV sterilisation, smart control and much more, Oxy Air is a revolutionary fan in an elegant tripod shape.
PLASMA TECHNOLOGY PURIFIES AIR & ELIMINATES ODOUR
GM KONNECT SMART PHONE CONNECTIVITY
POWERFUL BLDC MOTOR
FAN WITH LED LIGHT
REMOTE
SCAN & BUY
amazon
MODULAR SWITCHES • TOUCH SWITCHES • Wi-Fi SWITCHES • HOME AUTOMATION SOLUTIONS • BLUETOOTH MUSIC SYSTEM
• VIDEO DOOR PHONES • LED LIGHTING • WIRES & CABLES • PVC PIPES & FITTINGS • DBs, MCBs & RCCBs • FANS & APPLIANCES


MI LIFESTYLE
Its MI life Its.MI style
Elements WELLNESS
Indiagro
ON&ON
neustar
AAHAR
Mi Home
indiaShoppe
Where India Shops...
MI LIFESTYLE MARKETING GLOBAL PRIVATE LIMITED
25 G.N Chetty road, T.Nagar, Chennai - 600017
www.indiashoppe.com


Flair®
Carishma Ball Pen
Writo-meter Ball Pen
MOVE Ball Pen
Ezee-Click Ball Pen
Flair
CHECK & CORRECT CALCULATOR
FC-450
14 DIGITS
LARGE DISPLAY
WARRANTY 12 MONTHS
FC-450
DESKTOP CALCULATOR
बस Flair और कुछ नहीं!
Connect with us at
/flairpensindia
www.flairworld.in
Scan QR CODE to view TVC / buy online
FLAIR WRITING INDUSTRIES LIMITED
Tel.: 022 4203 0405, e-mail : flairindia@flairpens.com
pierre cardin PARIS
HAUSER® Germany
Maped®
Flair ELECTRONIC CALCULATORS
Flair Creative




Mentor Capital Limited

AUTHUM

AUTHUM INVESTMENT & INFRASTRUCTURE LTD.

*Sanjay Dangi*

FCA, CS - Director

707, Raheja Centre, Free Press Journal Road, Nariman Point, Mumbai - 400 021. INDIA

Ph. : (022) 6747 2110 / 11 | Mobile : +91 9820000960

Email : sanjay@authum.com / info@authum.com


022 69315114
FROM THE SUCCESS OF TOWER 1
TO THE GRANDEUR OF TOWER 2
UNVEILING EXTRASPACIOUS 3 & 4 BHK STARTING ₹ 6.76 CR*
RUNWAL ENTERPRISES SINCE 1978
MASTER BEDROOM
ARTIST'S IMPRESSION
GRAND ENTRANCE LOBBY & RECEPTION
GRAND CLUBHOUSE
JAIN TEMPLE IN THE PREMISES
7 MAHALAXMI
LIVE EXTRAORDINAIRE.
At the junction of N. M. Joshi Marg & Sane Guruji Marg
A grand clubhouse of about 65,000 sq. ft. & ~1.5 acres of podium amenities
Exceptional 11 ft. clear height floor to ceiling
Construction in full swing
THE SHOW RESIDENCE IS OPEN! VISIT THE SALES LOUNGE FOR AN EXCLUSIVE VIEWING
www.7mahalaxmi-runwalenterprises.com
Site Address: 7 Mahalaxmi, Junction of N. M. Joshi Marg & Sane Guruji Marg, Mumbai 400 011.
This project has been registered via MahaRERA Registration No. 7 Mahalaxmi - Tower 1: PR1170002400011, Tower 2 - P51900079270, available on http://maharera.mahaonline.gov.in
7 Mahalaxmi is a project being developed in phase wise manner jointly by Runwal Real Estates Pvt. Ltd. and Shreepati Build Infra Investment Limited. The offer is valid for a limited purpose only and on select apartments and the promoter reserves the right to modify or withdraw the same. This material does not constitute an offer and/or contract of any type between the owners and the recipient. Any purchaser/allottees of this project shall be governed by the terms and conditions of the booking form and agreement for sale to be entered into between the parties and no details mentioned in this material shall in any way govern such transaction. The project may undergo variations pursuant to change in plans, permissions and approvals of relevant authorities as per the prevailing government norms. The project is financed by IndusInd Bank Limited. *T&C Apply.
Shreepati Group
Since 1984

2624 वें **महावीर** जन्म कल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएं!!

अहिंसा

**त्याग की बात तो हर कोई करता है**
**सत्य का नारा तो हर कोई लगाता है**
**उतारे कथनी को करनी बनाकर जीवन में**
**ऐसा वर्धमान महावीर तो एक ही हुआ करता है।**



**PRAKASH** STEELAGE LIMITED | TRUSTED AND RECOGNIZED MANUFACTURERS OF STAINLESS STEEL PIPES & TUBES

25+ YEARS OF TRUST




## PRAKASH GROUP OF COMPANIES

**Mr. Prakash C. Kanugo, is the Promoter, Chairman & Managing Director of the Company.**

He established Prakash Steelage Ltd. in the year 1991. Prakash Steelage Ltd. is a flagship company of the Prakash Group. PSL had got listed in both of the stock exchanges "BSE and NSE" in the year 2010 and engaged in the manufacturing of welded stainless steel Pipes, Tubes, and U-tubes.

Prakash Steelage Ltd. is an ISO 9001: 2008 & PED Certified Company and also a "Govt. Recognized Star Export House" exporting to several MNCs into more than 40 countries across the Globe. The company entered into a joint venture agreement in the year of 2015 with Tubacex S.A. Spain, a world leader in the manufacturing of seamless stainless steel tubes for seamless division with the factory name of Tubacex Prakash India Pvt. Ltd. At Umbergaon (Gujarat). The Joint Venture was in force till March 2021. Also, had a stainless steel pipes and tubes welded manufacturing plant at silvassa since 1996. Mr. Prakash Kanugo is also involved in Real Estate business with name of Prakash Land Developer.

**Business Associates**

- ☑ Sunrise Metal Industries
  Stockiest, Supplier, Stainless Steel Coils Sheets & plates.
  **Email:** sunrisemetalind.2021@gmail.com
- ☑ Sun International
  Authorized dealer of Jindal Stainless Limited, Stockiest, Supplier, Export of Sheets Coils & Plates.
  **Email:** info@sunintlinc.com
- ☑ V.K.International
  Authorized dealer of Jindal Stainless Limited, Stockiest, Supplier, Export of Sheets Coils & Plates.
  **Email:** sales@vkinternationalinc.com
- ☑ Steelage Alloys LLP
  Authorized dealer of Ferro's metals, Supplier, Stockiest & Exports.
  **Email:** exim@steelagealloys.com

**Corporate Office**
101 Shatrunjay Apartment, 28 Sindhi Lane, Nanubhai Desai Road, Mumbai – 400 004, India.

**Manufacturers & Exporters of Stainless Steel Pipes & Tubes**
Survey No. 46/1, Parjai Road, Village – Kherdi, Silvassa – 396 230. U.T. of Dadra & Nagar Haveli and Daman & Diu, India.

+91 22661 34500
sales@prakashsteelage.com










### PRAKASH LAND DEVELOPERS
### PROJECT UMBERGAON, GUJARAT

**Prakash Land Developers, led by Hemant Kanugo and Jagdish Chandan, excels in industrial, residential, and commercial projects.** Renowned for technical excellence and superior living experiences, their developments are conveniently near the railway station, Jain temple, schools, and marketplace.

**Site Office**
New Survey No - 48 & 49, At Dahad, Umbergaon Station Road, Taluka Umbergaon, Dist - Valsad, Gujarat. 396165
+91 98203 09051
prakashprojects.com

### PRAKASH INDUSTRIAL PARK
### PROJECT WAVANJE, MAHARASTRA

**Prakash Industrial Park offers infrastructure ready plots, factories, and warehouses.** Positioned for optimal connectivity, it is just 14.50 km from Panvel, 11 km from Taloja, 10 km from Kalamboli, 25 km from Vashi, and 17.81 km from Thane, ensuring easy access to major commercial hubs and highways.

**Site Office**
Survey No. 83/1/1A, Wavanje-Palekhurd Road, Village Wavanje, Tal-Panvel, Dist. Raigad-401208, Maharashtra
+91 98203 09051
+91 98202 10320

### HUMAN TOUCH CONSULTANCY LLP
### PROJECT MUMBAI, MAHARASTRA

**We provide recruitment solutions with over 130 physical Antal offices in 35+ countries, with an unmatched understanding of local markets and cultures.** Our recruitment solutions cover everything from Permanent to Temporary vacancies to RPO solutions and more, across skill base and industry.

**Corporate Office**
101, Shatrunjay Apartment, 28 Sindhi Lane, Nanubhai Desai Raod, Mumbai-400004
+91 9820210320
www.antal.com

MANDEV TUBES

ONLY MANUFACTURER OF - NEWLY DESIGNED AWARD WINNING COPPER TUBES WITH PRE-INSERTED BRAZING RING

FOR AIR CONDITIONING AND MEDICAL GAS PIPELINE APPLICATION



VRF WORLD

VOLTAS VVX
BLUE STAR VRF V S
Cruise VU5 F
MITSUBISHI ELECTRIC CITY MULTI
MITSUBISHI HEAVY INDUSTRIES, LTD. KX Micro Series
DAIKIN X/A/H/R Series
SAMSUNG DVM S2
LG MULTI V™ 5
FUJITSU VRF J-VS
Panasonic FSV - EX
Carrier XCT 7
TRANE N– GEN CITY MULTI
HITACHI Inspire the Next SET FREE Σ
TOSHIBA Leading Innovation SM
Midea V 8
GREE GMV 6
Haier MRV5 - S






M/S MANDEV TUBES PVT. LTD.
6351384180
022 - 66131818
Email : sales@mandevtubes.com
Web : www.mandevtubes.com
706, Lodha Supremus, 7th Floor, Senapati Bapat Marg, Railway Colony, Lower Parel, Mumbai - 400 013.

2624 वें महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएं!!

सत्य-अहिंसा का डंका बजाया था महावीर ने,
मानवता का पाठ सबको पढाया था महावीर ने
अज्ञान के अंधकार को मिटाया था महावीर ने,
जिया और जीने दो सिखाया था महावीर ने।



***Chunnilalji Chandan***
***Dilip C. Chandan***
***Vijay C. Chandan***
***Chirag D. Chandan***
***Chetan D. Chandan***

Sanchore / Mumbai / Umbargaon



ISO 9001:2008
PED
AD 2000-Merkblatt WO
approved

# True Stainless Value

Chandan Steel is a globally recognised Stainless Steel manufacturer specialising in long products & now also tubular products. Our manufacturing facilities offer:

- Stainless Steel Billets
- Square/Hex bars
- Wires
- Hot Rolled Bars
- Flat Bars
- Structurals
- Bright Bars
- Angles/Unequal Angles
- Forged Flanges

- Stainless Steel Tubes & Pipes
- Bright Annealed Heat Exchanger Tubes & U Tubes
- Instrumentation Tubes

The grades offered are 304/304L, 316/316L, 303, 321, 316Ti, 317, 347, Duplex 2205 & Super Duplex 32750 in both standards EN & AISI.

For more details about our facilities and product range, contact us or visit our website.


Seamless Pipes & Tubes


Forged Flanges


Heat Exchanger Tubes

Corporate Office : 504, Sukh Sagar, N S Patker Marg, Mumbai-400 007.
India. Tel: +91 22 6629 0600 Fax: +91 22 6629 0633 / 34

Plant : 35, GIDC, Umbergaon, Dist. Valsad, Gujarat-396 171, India
Tel: +91 (260) 308 9999 / 256 2066 / 1166 / 3447, Fax: +91 (260) 308 9872

emails: exports@chandansteel.net, exports.smls@chandansteel.net, flanges@chandansteel.net

CHANDAN STEEL LIMITED
True Stainless Value

www.chandansteel.net




# THE DAWN OF NEW HOPE IN ADDICTION TREATMENT

Samarpan, a world-class Residential De-addiction Center for Drugs & Alcohol, set up by the Abheraj Baldota Foundation, near Mulshi, Pune, Maharashtra, addresses the urgent need for a world-class facility where people can beat their addiction and embrace their life.

Clinical Evidence based Program | Personalised Treatment | Adherence to Ethical Practices | Qualified Experienced Team of Professionals
100% Confidentiality

samarpan
BACK TO LIFE
www.samarpan.in

Baldota Bhavan, Maharshi Karve Road, Churchgate, Mumbai, Maharashtra – 400 020.
T: 1800-2100-220, E: info@samarpan.in


अहिंसा परमो धर्म
२६२४ वें
भगवान महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव की
शुभकामनाएं!!
त्याग की बात तो हर कोई करता है
सत्य का नारा तो हर कोई कहता है।
उतारे कथनी को करनी बनाकर जीवन में
ऐसा महावीर तो एकाध हुआ करता है।
Edit and Design by
RUPESHPAWAL
Mob:- 9146701446
UNITY AND FREEDOM
VINOD DUGAR
Advisor JATF
SHEETAL DUGAR
Chairperson JLW
Vinod Dugar
Hon. Consul of the Republic of Malawi, Kolkata
RDB GROUP
GOING TOGETHER
GROWING TOGETHER
RDB Group
8/1, Lalbazar Street
Kolkata-700001. WB, India
Tel.: +91 33 4450 0500
Mobile : + 91 98319 09393
Twitter : @vinodSDugar
Web : www.rdbindia.com
Email : vinoddugar@rdbindia.com

MICRO LABS
MICRO LABS LIMITED

# Micro Labs,
## Where Excellence Lies in Small Details . . .

Established in 1973, Micro Labs Limited is a multifaceted healthcare organization present across the entire pharmaceutical value chain from Research and Development, Active Pharmaceutical Ingredients, Finished Formulations to Marketing and Distribution in India and overseas.

- Ranked amongst the top 20 pharma companies in India
- 22 specialty divisions with a wide product range having over 6000 dedicated field force
- 14 World class manufacturing facilities approved by USFDA, UK-MHRA, Health Canada, WHO, TGA Australia & Medsafe-New Zealand, with 2000 qualified technical personnel
- A vibrant presence in over 50 countries, exporting formulations and APIs in all major therapeutic segments
- Three R&D centres with more than 400 experienced scientists
- GDA foundation which runs the Surana College and Surana PG centre in Bangalore
- Smt. Pyaribai Chunnilalji Surana Charitable trust which runs Shree Parshwa Susheel Dham" and Shri Suswani Mata Dham, magnificent Jain temples in Attibele, Bangalore



MICRO LABS LIMITED
31, Race Course Road, Bangalore-560 001. India.
Tel: +91 80 22370451 - 57
Web: www.microlabsltd.com

...Because health is in small details


त्याग, तप, सत्य व अहिंसा के शाश्वत प्रतीक भगवान महावीर जी ने
कर्म प्रधानता से परिपूर्ण अपनी शिक्षा से सम्पूर्ण मानव जाति के
कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया।
उनका जीवन व उनके विचार सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।
2624 वें
महावीर
जन्म कल्याणक
महोत्सव की शुभकामनाएं!!
कांतिलाल पी. शाह   रेखा के. शाह
ANSAA
JEWELLERS(P)LTD.
Office No 24, 2nd Floor, 118 Kansara Chawl Co-Op. Hsg. Soc. Ltd.,
Kalbadevi Road, Bhuleshwar, Mumbai 400 002.
Tel.: +91 (22) 22411244 / 1245 Email : kantipshah@gmail.com
Website : www.ansaajewellers.com | Intercom : 4003


Sanstar™
LIMITED
Since 1953
Our Products
• Maize Starch Powder
• Tapioca Starch Powder
• Malto Dextrin Powder
• Modified Starches
• High Maltose Corn Syrup
• Dextrose Monohydrate
• Liquid Glucose
• Pregelatinised Starch
• Corn Gluten
• Dextrins
• Maize Germ
• Adhesives
Regd. & Corp. Office:
"Sanstar House",
OPP. Suvidha Shopping Centre,
Near Under Bridge, Mahalaxmi Char Rasta,
Paldi, Ahmedabad - 380 007, Gujarat (India).
admin@sanstar.in 91 7926651819/20/21
Unit - 1
"Gulabpura",
Village: Karvand - 425405 ,
Taluka: Shirpur,
Dist: Dhule, Maharashtra
Unit - 2
"Sanstar Nagar",
Sukhpar Road, Post: Sukhpar - 370 020
Village: Morgar, Taluka: Bhachau,
Dist: Kutch, Gujarat (India)

## शताब्दी गौरव

• संपादक
सिद्धराज लोढा

• प्रबंध संपादक
राकेश लोढा

• सह संपादक
कुणाल लोढा

• डिजाइन
कमलाकर तावडे, रवि गोरुले

• प्रिन्टर
प्रतिक ऑफसेट, मुंबई

• सेल्स एवं ऑफिस प्रबंधक
सुरेश बोर्ले, हरिशंकर लोधी
तुकाराम ठीक

407, कालबादेवी रोड़, दौलत भवन, दुसरा माला, ऑफिस नं. 203, मुंबई - 400 002.

Tel.: 022-2201 7091 / 022-2240 0338
E:mail:. shatabdigaurav@gmail.com
www.shatabdigaurav.com

मालिक एवं संपादकः सिद्धराज लोढा द्वारा फ्लॅट नं. 702, 7वां माला, प्राइम रोज, स्वरूप को.हॉ.सोसायटी, अंधेरी (वेस्ट), मुंबई-400058, 407, कालबदेवी रोड़, दौलत भवन, दुसरा माला, ऑफिस नं. 203, मुंबई - 400 002. से प्रकाशित कर प्रतिक ऑफसेट, 180 सी, गायवाडी, कर्नाक कंपाउंड, गिरगांव, मुंबई-4 से मुद्रित.



शताब्दी गौरव में प्रकाशित किसी भी लेख के विचार से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

किसी भी प्रकार के वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।


# महावीर न बन पाएं तो कम से कम वीर तो बनें

महावीर महान थे, महावीर भगवान थे, महावीर तीर्थंकर थे, महावीर जिनशासन के सम्राट थे और महावीर परमात्मा थे। उनके इतना कुछ होने को तो हम जानते हैं लेकिन इन सबके अलावा भी जाने किस किस तत्व में और किस किस स्वरूप में महावीर हमारे जीवन में आज भी उपस्थित हैं, यह हम नहीं जानते। फिर भी हम जैन हैं, फिर भी हम महावीर के अनुयायी है और अनुयायी होने के कितने तत्वों में हम जैन है यह हम कतई नहीं जानते। फिर हम कैसे जैन हैं, क्यों जैन हैं और कहां तक जैन हैं यह जानना हमारे लिए सर्वाधिक आवश्यक हैं।

महावीर ने हमें जीवन जीने के सिद्धांत दिये, उन सिद्धांतों के अनुरूप हमें धर्म दिया एवं उस धर्म के अनुसार हमें माहौल दिया। लेकिन हम उस माहौल के अनुरूप अपने आप को कितना ढाल पाये हैं, महावीर के सिद्धांतों को कितना जान पाए हैं और धर्म की धारा में कितना बह पाये हैं, ये सवाल हमारे मन में अक्सर जगते रहते हैं, हमें जगाते रहते हैं और उस जागरण में हम जैन बन पाते हैं तो ही हम महावीर के असली अनुयायी है। लेकिन हम तो जीवन के झंझटों में उलझकर महावीर के दर्शाए जीवन मार्ग को ही भूल गये है। महावीर ने हमें सिखाया कि सदा सत्य बोलो, लेकिन हम जानते हैं कि अपने जीवन के विकास के लिए दिन भर में कई कई बार सत्य का साथ छोड़ देते हैं और वह भी बहुत सोच समझकर छोडते हैं। महावीर ने हमें अहिंसा का सिद्धांत दिया। यह सही है कि ज्यादातर जैन भले ही किसी की हिंसा करने में विश्वास नहीं करते, लेकिन महावीर का अहिंसा का सिद्धांत सिर्फ किसी की हिंसा तक सीमित ना होकर सुक्ष्म अर्थों में मन, वचन एवं कर्म से भी किसी को आहत करने को भी हिंसा माना गया है, वह तो जाने अनजाने में हमसे हो ही जाता हैं। महावीर ने हमें अपरिग्रह सिखाया लेकिन हम इस सिद्धांत के सर्वथा विपरित कार्य करते हैं एवं अपनी आवश्यकताओं से कई गुणा अतिरिक्त इकट्ठा करने में लगातार लगे रहते हैं। उन्होंने अस्तेय अर्थात बिना किसी की आज्ञा के कुछ न लेना सिखाया लेकिन मनुष्य जीवन की कई कमजोरियों से भरे होने के नाते जाने अनजाने में हमसे हर रोज इसमें भी चूक हो ही जाती हैं। महावीर ने हमें ब्रह्मचर्य का पालन सिखाया लेकिन काम भावना की लालसा सदैव हमारे मन में कई तरह के भाव जगाती रहती है एवं उन भावनाओं से भरकर हम ब्रह्मचर्य का पालन किस हद तक कर पाते हैं यह हम सभी व्यक्तिगत रूप से अच्छी तरह से जान लेते हैं।

जब हम भगवान महावीर की मुनष्य जीवन को जीने के लिए आवश्यक बताई गई सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अस्तेय एवं ब्रह्मचर्य इन पांचों मूलभूत शिक्षाओं का पालन भी सही अर्थों में नहीं कर पा रहे हैं, या कम कर पा रहे हैं अथवा अक्सर इन आज्ञाओं का उल्लंघन करते रहते हैं तो फिर हमारे मन में यह सवाल क्यों नहीं आता कि हमने जैन कुल में जन्म लिया, लेकिन जैन होने का तत्व हम में कितना कम हैं। हम महावीर के अनुयायी है, अतः महावीर न बन पाएं, तो कम से कम वीर तो बनें। लेकिन वह भी नहीं बन सकते हैं तो फिर हम कैसे जैन हैं?



सिद्धराज लोढा




Great Place To Work.
Certified
APR 2024-APR 2025
INDIA
refex
22
YEARS OF
Excellence
AIRPORTS & TRANSPORTATION
COMPRESSED BIOGAS
GREEN MOBILITY
refex eVeelz
RENEWABLES
VENWIND
PHARMACEUTICALS
MED-TECH
ASH & COAL HANDLING
Let's Build The Future Together!
Corporate Office: Refex Building, 67, Bazullah Road, Parthasarathy Puram, T Nagar, Chennai - 600017 | info@refex.co.in | 044 4340 5900/50
www.refex.group
Refex Group
refex group
@GroupRefex
refexgroup



• अहिंसा परमो धर्म •

# महावीर जन्म कल्याणक का इतिहास

भगवान महावीर स्वामी महान थे, यह तो हम मानते हैं, लेकिन यह भी हमें मानना होगा कि संसार में जनम लेने वाला कोई भी जीव यूं ही महान नहीं बन जाता। महान बनने के लिए उसे न केवल स्वयं की आत्मा के उद्धार करना होता है, बल्कि संसार के समस्त जीवों के कायाकल्प तथा उद्धार की धारणा को व्यवस्थित रूप से सभी के सामने प्रतिपादित करना भी होता है। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर के रूप में मानवता के कल्याण का मार्ग बताने वाले भगवान महावीर स्वामी के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाने वाला त्यौहार महावीर जन्म कल्याणक जैन धर्म के प्रत्येक अनुयायी के लिए सबसे महत्वपूर्ण पर्वों में से एक है।

भगवान महावीर का जन्म लगभग 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलग्राम में हुआ था। कुंडलग्राम वर्तमान में बिहार के वैशाली जिले में स्थित है। तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के पुत्र थे। उनके जन्म के समय अनेक शुभ संकेत प्रकट हुए, जिससे यह भविष्यवाणी की गई कि वे एक महान आध्यात्मिक गुरु बनेंगे। हम सभी उनको भगवान मानते हैं तथा यह बेहद अच्छी तरह से जानते हैं कि तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी त्याग और तपस्या, तथा क्षमा की मूर्ति थे, तथा उसी त्याग, तपस्या व क्षमा के मार्ग पर हमें भी चलना है। लेकिन हम अपने जीवन को महान बनाने की कोशिश के बजाय केवल जीवन को जीने के उपक्रम करते रहते हैं। केवल 30 वर्ष की आयु में राजपाट छोड़कर संन्यास ग्रहण करने वाले तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य के सिद्धांतों का पालन करते हुए गहन तपस्या की, तथा 12 वर्षों तक कठोर साधना के बाद उन्हें केवलज्ञान की प्राप्ति हुई, जिसे शास्त्रों में कैवल्य ज्ञान भी कहा जाता है, और उसके बाद वे तीर्थंकर बने। भगवान महावीर स्वामी ने जितनी कठोर तपस्या की, उसका एक छोटा सा कण जितना भाग भी यदि हम अपने जीवन में अपना लें, तो हम वर्तमान में महान बनने की राह पर थोड़ा तो बढ़ ही सकते हैं। जैन धर्म के प्रत्येक अनुयायी के जीवन में भगवान महावीर के जन्म दिवस, महावीर जन्म कल्याणक का बहुत ही बड़ा महत्व है। मनुष्य जीवन के लिए यह बड़ा ही पवित्र दिन माना जाता है। भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के दिन जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, प्रवचन, शोभायात्रा और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। भगवान महावीर स्वामी के बताए गए अहिंसा, सत्य और त्याग के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा दी जाती है, लेकिन हम उस राह पर वास्तव में कितना चलते हैं, यह हमारा मन ही गवाही दे सकता है।



प्रदीप राठौड

हमारे महान साधु भगवंतों के पवित्र प्रवचनों तथा धर्म शास्त्रों में जिस प्रकार के उदाहरण उल्लेखित हैं, उनको देख कर केवल यही कहा जा सकता है कि तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के विचार और शिक्षा जब तक पृथ्वी पर जीवन रहेगा, तब तक बराबर प्रासंगिक रहेंगे। महावीर स्वामी की अहिंसा और शांति की अवधारणा न केवल जैन धर्म के अनुयायियों बल्कि संपूर्ण समस्त संसार की मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। महावीर जन्म कल्याणक का पर्व हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश देता है।

# भगवान महावीर स्वामी के कान में कीलें ठोकीं, फिर भी विचलित नहीं हुए



प्रकाश जैन

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जीवन में ऐसी कई घटनाएं घटीं, जो उनकी असाधारण सहनशीलता, अहिंसा और धैर्य को दर्शाती हैं। उनके जीवन की हर घटना में अत्यंत कठोर परीक्षाएं थी, जिनमें वे हर बार क्षमा तथा संयम की प्रतिमा के रूप में स्थित हुए। जब उनके कानों में कीलें ठोकी गईं, तो भी वे तनिक भी विचलित नहीं हुए। कानों में कील ठोंकने की यह घटना महावीर स्वामी की अटूट सहनशीलता और अपार करुणा का प्रतीक है। भगवान महावीर के कानों में कीलें ठोंकने की घटना के विवरण के मुताबिक जब भगवान महावीर स्वामी संन्यास लेकर कठोर तपस्या कर रहे थे, तब उन्होंने सभी प्रकार के कष्टों को सहन किया, लेकिन कभी क्रोध या पीड़ा प्रकट नहीं की। वे पूर्ण अहिंसा और शांति के मार्ग पर थे।

एक बार, जब वे ध्यान और तपस्या में लीन थे, तब एक क्रुर व्यक्ति, जिसे पिछले जन्म के कर्मों के कारण अत्यधिक क्रोध और द्वेष था, उनके धैर्य की परीक्षा लेने के लिए आया। उस व्यक्ति ने निर्दयता से भगवान महावीर के कानों में कीलें ठोक दीं। यह पीड़ा बेहद असहनीय थी, लेकिन भगवान महावीर ध्यानस्थ रहे। उन्होंने तनिक भी कष्ट या क्रोध व्यक्त नहीं किया। उनके मन में उस व्यक्ति के प्रति कोई द्वेष नहीं था।



**भगवान महावीर के कानों में कीलें ठोंकने की घटना के विवरण के मुताबिक जब भगवान महावीर स्वामी संन्यास लेकर कठोर तपस्या कर रहे थे, तब उन्होंने सभी प्रकार के कष्टों को सहन किया, लेकिन कभी क्रोध या पीड़ा प्रकट नहीं की। वे पूर्ण अहिंसा और शांति के मार्ग पर थे।**

भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा के मार्ग का पालन करते हुए उस व्यक्ति को क्षमा कर दिया और अपनी साधना में लीन रहे तथा धैर्य और करुणा का संदेश दिया। यह घटना महावीर स्वामी की अत्यधिक सहनशक्ति और आत्मसंयम को दर्शाती है। उन्होंने न केवल शारीरिक कष्ट सहा, बल्कि अत्यधिक मानसिक परीक्षा का भी सामना किया। उनके मन में उस व्यक्ति के लिए कोई दुर्भावना नहीं थी, बल्कि उन्होंने यह समझा कि यह सब उनके पूर्व जन्मों के कर्मों का फल है। भगवान महावीर का यह धैर्यपूर्ण व्यवहार हमें यह सिखाता है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ आए, हमें धैर्य, करुणा और अहिंसा का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। इस कथा का संदेश यही है कि प्रत्येक मनुष्य को अहिंसा का पालन करना चाहिए। भगवान महावीर ने यह दिखाया कि असली बल हिंसा में नहीं, बल्कि सहनशीलता में है। इसके साथ ही कर्मों का सिद्धांत सदा चलता रहता है।

उन्होंने किसी को दोष नहीं दिया, बल्कि यह स्वीकार किया कि यह सब उनके पूर्व जन्मों के कर्मों का परिणाम है। यही नहीं क्रोध पर नियंत्रण रखने का भी इस कथा में संदेश है। भगवान महावीर स्वामी ने अपने कानों में कीलें ठोंकने वाले को क्षमा करके यह संदेश दिया कि क्रोध और प्रतिशोध के बजाय, करुणा और क्षमा से जीवन को ऊँचा उठाया जा सकता है। भगवान महावीर स्वामी तके जीवन का यह प्रसंग हमें सिखाता है कि सहनशीलता और अहिंसा ही सच्चे आत्मबल के प्रतीक हैं। चाहे कितनी भी विपत्तियां आएं, हमें अपने धर्म सिद्धांतों से तनिक भी विचलित नहीं होना चाहिए। भगवान महावीर स्वामी का जीवन समस्त संसार के लिए एक महान आदर्श है, जो हम सभी को प्रेम, करुणा और धैर्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

• • •

# महावीर का निर्वाण और उनकी विरासत



सुखराज नाहर

भगवान महावीर स्वामी ने 72 वर्ष की आयु में पावापुरी (बिहार) में निर्वाण प्राप्त किया और जन्म-मरण के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त हुए। उनके निर्वाण दिवस को दीपावली के रूप में मनाया जाता है, जो ज्ञान और आत्मशुद्धि के प्रकाश का प्रतीक है। वे संयम तथा क्षमा की साक्षात प्रतिमा थे। भगवान महावीर स्वामी के जीवन में संयम तथा क्षमा की सबसे अहम कथा के तौर पर चंडकोशिक नाग की एक कथा बड़ी प्रचलित है। वैसे तो भगवान महावीर स्वामी के जीवन से जुड़े कई प्रसंग हैं, जिनमें से एक चंडकोशिक नाग की कथा ज्यादातर लोग सरलता से समझ सकते हैं।

यह कथा भगवान महावीर की करुणा, अहिंसा और धैर्य को दर्शाती है। चंडकोशिक नाग और महावीर स्वामी की कथा के अनुसार एक बार भगवान महावीर स्वामी अपनी साधना और उपदेश यात्रा के दौरान एक जंगल से गुजर रहे थे। उस जंगल में चंडकोशिक नामक एक विशाल और क्रोधित नाग रहता था। वह बहुत ही हिंसक था और जो भी प्राणी या मनुष्य उसके पास से गुजरता, वह उसे काटकर मार देता था। लोगों ने भगवान महावीर से आग्रह किया कि वे उस मार्ग से न जाएं, क्योंकि चंडकोशिक नाग बहुत ही जहरीला



और क्रुर था। लेकिन महावीर स्वामी अहिंसा के सिद्धांत का पालन करते हुए निर्भय होकर उसी रास्ते से आगे बढ़े। जब वे नाग के बिल के पास पहुंचे, तो चंडकोशिक नाग तेजी से निकला और क्रोध में आकर भगवान महावीर को डसने के लिए फुफकारने लगा। लेकिन भगवान महावीर ने शांत भाव से उसकी ओर देखा। उनके नेत्रों में करुणा और शांति थी। नाग ने क्रोध में आकर उन्हें काट लिया, लेकिन महावीर स्वामी अपनी ध्यान-साधना में लीन रहे और तनिक भी विचलित नहीं हुए। उनके चेहरे पर शांति बनी रही। चंडकोशिक नाग यह देखकर अचंभित रह गया कि उसका विष भी भगवान महावीर को कष्ट नहीं पहुँचा सका। वह धीरे-धीरे शांत हो गया और भगवान महावीर से पूछा - तुम कौन हो? और मेरे डसने पर भी तुम विचलित क्यों नहीं हुए? तो भगवान महावीर स्वामी ने प्रेमपूर्वक उत्तर दिया - क्रोध, अहंकार और हिंसा का मार्ग तुम्हें कभी शांति नहीं देगा। तुम अपने पिछले जन्मों की बुरी आदतों के कारण हिंसक बने हो, लेकिन सच्चा सुख और मोक्ष अहिंसा और प्रेम में ही है। भगवान महावीर स्वामी के वचनों ने चंडकोशिक नाग के हृदय को पूरी तरह बदल दिया। उसने अपने पिछले जीवन के पापों को समझा और भगवान महावीर के चरणों में गिरकर क्षमा मांगी। उसने हिंसा का मार्ग छोड़ दिया और अहिंसा का पालन करने की प्रतिज्ञा ली। यह कथा हमें सिखाती है कि अहिंसा और प्रेम सबसे बड़ी शक्तियाँ हैं। क्रोध और हिंसा से कुछ भी प्राप्त नहीं होता, बल्कि यह आत्मा को अधोगति की ओर ले जाता है। भगवान महावीर के धैर्य, करुणा और शांति ने एक हिंसक नाग का भी हृदय परिवर्तन कर दिया, जिससे यह सिद्ध होता है कि सच्चा बल शस्त्रों में नहीं, बल्कि संयम और दया में है। महावीर स्वामी का यह उपदेश आज भी प्रासंगिक है और हमें अहिंसा, धैर्य और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# भगवान महावीर को निर्वाण प्राप्ति



संजय डांगी

भगवान महावीर स्वामी ने अपने उपदेशों और तपस्या के माध्यम से संसार को सत्य, अहिंसा और मोक्ष का मार्ग दिखाया। उनके जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष (निर्वाण) की प्राप्ति था, जिसे उन्होंने 72 वर्ष की आयु में प्राप्त किया। उनका निर्वाण जैन धर्म का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण है।उन्होंने समाज को आत्मा की शुद्धि और मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग दिखाया।72 वर्ष की आयु में, उन्होंने पावापुरी (वर्तमान बिहार में नालंदा जिला) में अपने अंतिम दिन बिताए।

उन्होंने अपने शिष्यों और अनुयायियों को अंतिम उपदेश दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि आत्मा अमर और शुद्ध है, और मोक्ष प्राप्त करने के लिए अहिंसा, तपस्या, ध्यान और सत्य का मार्ग अपनाना आवश्यक है। भगवान महावीर के निर्वाण की रात की घटना को देखें, तो तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने कार्तिक मास की अमावस्या अर्थात दीपावली की रात को ध्यान मग्न स्थिति में समाधि में लीन होकर निर्वाण प्राप्त किया। यही वह क्षण था जब उन्होंने जन्म-मरण के चक्र अर्थात संसार सागर से मुक्ति पाई और परम आनंद मोक्ष की अवस्था में प्रवेश किया। उनके निर्वाण प्राप्त करने के बाद, उनके अनुयायियों ने दीप जलाए और ज्ञान के प्रकाश को फैलाने का संकल्प लिया। यही कारण है कि जैन अनुयायी दीपावली को भगवान महावीर के निर्वाण दिवस के रूप में मनाते हैं। उनके निर्वाण के बाद की घटनाएं भी बेहद प्रेरणादायक रहीं। भगवान महावीर के निर्वाण के बाद, उनके प्रमुख शिष्य गौतम गणधर को केवलज्ञान (सर्वज्ञता) की प्राप्ति हुई और उन्होंने जैन संघ का नेतृत्व किया। उनके अनुयायियों ने उनके उपदेशों को संकलित किया और आगे चलकर इन्हीं शिक्षाओं के आधार पर जैन धर्म के विभिन्न ग्रंथों की रचना हुई। भगवान महावीर की शिक्षाओं ने समाज में अहिंसा, सत्य और आत्मसंयम के महत्व को बढ़ाया। उनकी शिक्षाएँ आज भी जैन धर्म के अनुयायियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण से प्राप्त संदेश मनुष्य के जीवन के कल्याण करने की राह दिखाते हैं तथा मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बताते हैं। भगवान महावीर ने बताया कि संसार में दुखों से मुक्ति पाने के लिए आत्मा की शुद्धि आवश्यक है, और इसके लिए तपस्या, ध्यान और सच्चे धर्म का पालन जरूरी है। उन्होंने अहिंसा के महत्व को संसार में प्रतिपादित किया तथा यह सिद्ध किया कि अहिंसा केवल बाहरी आचरण नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धि का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उन्होंने ज्ञान और आत्मजागृति के जरिए हमें संदेश देते हुए सिखाया कि प्रत्येक व्यक्ति में असीम शक्ति होती है, जिसे आत्मज्ञान और साधना के द्वारा जाग्रत किया जा सकता है। भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण उनकी आध्यात्मिक यात्रा की पूर्णता थी। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षण तक मानवता को सत्य और अहिंसा का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएँ केवल जैन धर्म तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। उनके निर्वाण दिवस को दीपावली के रूप में मनाना यह दर्शाता है कि उनका ज्ञान अमर है और उनका प्रकाश सदैव हमें सत्य, अहिंसा और आत्मशुद्धि की राह पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा।

• • •

**भगवान महावीर ने जन्म-मरण के चक्र अर्थात संसार सागर से मुक्ति पाई और परम आनंद मोक्ष की अवस्था में प्रवेश किया। उनके निर्वाण प्राप्त करने के बाद, उनके अनुयायियों ने दीप जलाए और ज्ञान के प्रकाश को फैलाने का संकल्प लिया। यही कारण है कि जैन अनुयायी दीपावली को भगवान महावीर के निर्वाण दिवस के रूप में मनाते हैं। उनके निर्वाण के बाद की घटनाएं भी बेहद प्रेरणादायक रहीं।**

# भगवान महावीर स्वामी का महान जीवन



सुभाषचंद्र रुणवाल

**भगवान महावीर का समस्त जीवन त्याग, तपस्या और आत्मज्ञान का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने न केवल अपने समय में संपूर्ण मानवता को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी, बल्कि उनका जीवन हमें आज भी वही राह दिखा रहा है, लेकिन यह हम पर है कि हम उनके बताए मार्ग पर कितना चल सकते हैं।**

मनुष्य सदा से ही महानता के धर्म पथ पर चलने की कोशिश तो करता रहा है, लेकिन सांसारिक सुखों की चाह उसे उस मार्ग से पथभ्रष्ट भी करती रही है। माना कि संसार के प्रत्येक मनुष्य को संसार में उपलब्ध समस्त सुखों की चाह होती है, तथा सुङ मनुष्य को धर्म के मार्ग से विचलित करते हैं। इस तथ्य को जानने के बावजूद सांसारिक सुख हमें लुभाते हैं, ललचाते हैं, तथा हम हर हाल में उनहें जीने को बेताब मचलते रहते हैं। ऐसे समय में हमें भगवान महावीर स्वामी के जीवन सिद्धांतों में एक नई राह दिखती है, जो हमारे पटरी से उतरे हुए जीवन को, ललचाते हुए मन को तथा सुख प्राप्रित की लालसा में ललायित जीवन को संयमित करने का मार्ग बताती है। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने जीवन भर अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य जैसे सिद्धांतों का प्रचार किया। उनका समस्त जीवन त्याग, तपस्या और आत्मज्ञान का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने न केवल अपने समय में संपूर्ण मानवता को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी, बल्कि उनका जीवन हमें आज भी वही राह दिखा रहा है, लेकिन यह हम पर है कि हम उनके बताए मार्ग पर कितना चल सकते हैं। भगवान महावीर स्वामी के जन्म और प्रारंभिक जीवन पर नजर डालें, तो उनका जन्म लगभग 599 ईसा पूर्व कुंडलग्राम (वैशाली) में एक क्षत्रिय महाराजा सिद्धार्थ और महारानी त्रिशला के घर राज परिवार में हुआ। उनके जन्म के समय अनेक शुभ संकेत प्रकट हुए, जिससे भविष्यवाणी की गई कि वे एक महान तपस्वी या चक्रवर्ती सम्राट बनेंगे। भगवान महावीर स्वामी के जन्म की पूर्व रात्रि को माता त्रिशला को 14 स्वप्न आए, जिनमें भगवान महावीर स्वामी के जीवन की समस्त घटनाओं को प्रतिबिंबित किया गया था, कि वे कब - कब, कैसे - कैसे और किस तरह का जीवन जीएंगे। उन्होंने जीवन में त्याग को अपनाया, तपस्या की तथा संयम का मार्ग अपनाया, इसीलिए वे त्याग, तपस्या, संयम की मूर्ति के रूप में जाने जाते हैं। भगवान महावीर स्वामी बचपन से ही करुणा और सहनशीलता के प्रतीक थे। केवल 30 वर्ष की आयु में जब उन्होंने राजपाट, परिवार और सभी सांसारिक सुखों को त्यागकर संन्यास ग्रहण करने का निर्णय ले लिया, तो संसार के सारे सुखों का परित्याग करने वे राजमहल से विदा लेकर निकल गए। उन्होंने 12 वर्षों तक कठिन तपस्या की और आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए घोर साधना की। इस दौरान उन्होंने अहिंसा, अपरिग्रह और संयम का कठोर पालन किया, इतना कठोर कि उन्होंने अपने काम में कील ठोकने वाले को माफ किया, जहरीला डंक मारकर डसने वाले सांप को भी क्षमादान दिया तथा उनके जीवन की मंगल कामना की। पूरे 12 वर्षों की कठोर तपस्या के बाद, उन्हें कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर के रूप में स्थापित हुए। उन्होंने समाज को सत्य, अहिंसा और त्याग का उपदेश देना शुरू किया। उन्होंने संसार को सिखाया कि प्रत्येक जीव में आत्मा होती है, इसलिए किसी भी जीव को कष्ट नहीं देना चाहिए। उनके विचारों ने करोड़ों लोगों को प्रभावित किया और उनका जीवन बदल दिया।

# मानवता को नई दिशा देने वाली शिक्षाएँ

**महावीर जन्म कल्याणक का पर्व हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश देता है**





दिलीप सुराणा

भगवान महावीर ने अपने उपदेशों के माध्यम से संसार के समस्त लोगों को आत्मशुद्धि की राह दिखाई। उनकी शिक्षाएँ संपूर्ण मानवता के लिए प्रासंगिक हैं, क्योंकि वे हमें आंतरिक शांति और मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग दिखाती हैं। अहिंसा के सिद्धांत की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि सभी जीवों में आत्मा है, इसलिए किसी को भी कष्ट पहुँचाना गलत है। उन्होंने केवल शारीरिक हिंसा ही नहीं, बल्कि मानसिक और वाणी की हिंसा से भी बचने का संदेश दिया। इसी तरह से जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सत्य को सर्वोपरि बताते हुए वे कहते थे कि सत्य ही धर्म का मूल है। भगवान महावीर ने सदैव सत्य बोलने और सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। अपरिग्रह उनका सबसे अहम सिद्धांत रहा, क्योंकि वे मानते थे कि अधिक संग्रह की प्रवृत्ति मोह और बंधन को जन्म देती है, जिससे आत्मा शुद्ध नहीं हो सकती। इसलिए संतोष और त्याग का पालन करना चाहिए और वह अपरिग्रह से ही आ सकता है। इसके साथ ही वे चोरी से परे रहने के पक्षधर सदा से रहे तथा अचौर्य का सिद्धांत प्रतिपादित किया। उनकी अचौर्य की शिक्षा का सार है कि दूसरों की वस्तुओं का उपयोग या चोरी करना आत्मा को अशुद्ध करता है। इसलिए हमेशा ईमानदारी और न्याय का पालन करना चाहिए। इसके साथ ही वे ब्रह्मचर्य को जीवन का अहम मार्ग मानते थे उनका कहना है कि प्रत्यंक मनुष्य जीवात्मा को अपनी इंद्रियों पर संयम रखना चाहिए तथा आत्मशुद्धि के लिए ब्रह्मचर्य का पालन आवश्यक तत्व के रूप में जीवन में समाहित करना चाहिए। ब्रह्मचर्य मनुष्य के मन का भीतरी शुद्धिकरण करता है और आत्मा को उन्नति की ओर ले जाता है। भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष प्राप्त किए हुए 2500 साल बीत गए, किंतु उनकी ये पांच शिक्षाए आज भी पूरी दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में हर हाल में प्रासंगिक हैं। भगवान महावीर स्वामी के द्वारा दिखाया गया आत्मशुद्धि और अहिंसा का मार्ग न केवल जैन धर्म के अनुयायियों बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए एक नई दिशा प्रदान करता है। भगवान महावीर स्वामी का संदेश संपूर्ण मानवता के लिए था। उन्होंने धर्म को किसी जाति, संप्रदाय या वर्ग तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे संसार के सभी प्राणियों के लिए हितकारी बनाया। उनके उपदेशों ने समाज को नई दिशा दीं है, उनके जीवन ने त्यागा का संदेश दिया है तथा उनके प्रवचनों ने एक दूसरे के सुख - दुख में सहभागी होने की प्रेरणा दी है।

हम युगों युगों से उनके बताए मार्ग पर चलते रहे हैं, इसीलिए हमारे आस पास का जीवन दूसरों के मुकाबले थोड़ा सा ठीक लगता है, तथा यदि हम लोग भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर नहीं चलते, तो आज का हमारे आसपास का संसार इतना खिला खिला नहीं होता। भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग को संसार में जैन धर्म के रूप में जाना जाता है, जिसमें संयम का महत्व अत्यधिक होता है। भगवान महावीर का प्रदान किया हुआ संयम का मार्ग जैन धर्म के मूल सिद्धांतों में से एक है और इसका अर्थ है अपनी इन्द्रियों, अपनी मानसिक वृत्तियों, और अपनी क्रियाओं पर हर प्रकार से संयम रखना।

BEST COMPLIMENTS

NH STUDIOZ

INDIA'S BIGGEST FILM COPYRIGHTS MANAGEMENT COMPANY HAVING OWNERSHIP OF MORE THAN 2500 INDIAN FILMS. WITH A JOURNEY OF 40+ YEARS, OUR FILM LIBRARY RANGES OF MOVIES MADE IN 1950S TO DATE.

FOLLOW US

/ NH_STUDIOZ / NH_STUDIOZ / NHSTUDIOZ / NH_STUDIOZ

NARENDRA HIRAWAT CO.

+9122 24370713/24385099 | INFO@NHSTUDIOZ.TV | WWW.NHSTUDIOZ.TV

A/1502, NAMAN MIDTOWN, S.B ROAD, PRABHADEVI, MUMBAI 400013


Madhuban Toyota
A fresh experience in customer delight
TOYOTA
Awesome NEVER BEFORE DEALS
ROI as low as 0.91%*
HURRY!! OFFER ONLY TILL STOCKS LAST!!
THE COOL TOYOTA
GLANZA
THE ALL NEW
URBAN CRUISER
TAISOR
T&C - OFFER APPLICABLE ON SELECT GLANZA & TAISOR CNG MODELS
Visit your nearest showroom today!
Kurla / Bandra / Lower Parel / Breach Candy
0224243 1999 / +9198197 97976.
TOYOTA
TRUST
Buy | Sell | Exchange - Used cars

SamcO Since 1971 Shree Ambika Metal Corporation Enterprise

HFAIPL

# HINDUSTAN FERRO ALLOY INDUSTRIES PVT. LTD.

TÜV AUSTRIA CERTIFIED

✧ BRIGHT BAR MANUFACTURER ✧

FREE CUTTING STEEL - CARBON STEEL - MILD STEEL - ALLOY STEEL



ROUND, SQUARE, FLAT, HEX & SPECIAL PROFILE

**PEELING & GRINDING FACILITY AVAILABLE**

**: Manufacturers & Importers of :**

SAE 1006, 1008, 1010, 1018, En8M, En8D, EN1A, EN1AL, 16/20MnCr5, 35C8, En9, En15, En18, En19, SAE 4140, En24, En353, SAE 8620, En31, 10B25, 15B25, OHNS, DIE STEEL, BRASS, COPPER, ALUMINIUM, STAINLESS STEEL

**Sizes : Bright - 5 mm to 80 mm, Black - Upto 400 mm**

**: CORPORATE OFFICE :**

Sr. No. 37/1/1, "Samco House", Dhayari - Narhe Road,
Narhe, Tal. Haveli, Dist. Pune - 411 041.
☎ : 020 - 66475100 / 01
**E-mail :** director@hindustanferro.com
**Website : www.hindustanferro.com**

CELEBRATING 50 YEARS THANKS FOR GROWING WITH US

**Branches : PUNE | MIDC - BHOSARI | CHAKAN | SANAND (Guj.)**

Follow us : hindustanferro

**Kantilal Oswal -** Mob. 9822035805
**Dinesh Oswal -** Mob. 9822079223
**Samkit Oswal -** Mob. 8888816695
**Siddhant Oswal -** Mob. 9175896004



# जीवन में भगवान महावीर के लिए जगह कितनी, ये तलाश जरूरी?



अनिल जैन

भगवान महावीर स्वामी की जयंती अर्थात महावीर जन्म कल्याणक का अवसर फिर से आ गया है, क्योंकि इसे तो हर साल आना ही है। लेकिन हम अपने आप को कितना बदल पाते हैं, यह जानना हमें जरूरी है। हम इस तथ्य को जानते हैं कि हमारा समाज धार्मिक तो है, लेकिन ज्यादातर लोग बाहरी आडंबरों, दिखावे तथा क्रियाओं में उलझे हुए हैं, हम यह भी जानते हैं कि हर कोई संपूर्ण क्षमता से स्वयं को धार्मिक साबित करने की होड़ में लगा है। जबकि भगवान महावीर स्वामी अंतर्मन के आराध्य हैं, वे दिखावे, प्रदर्शन, होड़, आडंबर तथा इस प्रकार के प्रपंचों से दूर थे। हम जानते हैं कि भगवान महावीर स्वामी का जीवन दर्शन हमें अपना व्यवहार धर्म के अनुरूप बनाने की राह दिखाता है। मन में जीव मात्र के प्रति करुणा का भाव रखने से ही हम भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर चल सकते हैं, फिर भी हम यह सब कर नहीं पाते। क्योंकि हमारा जीवन विभिन्न प्रकार के स्वार्थों में सदा उलझा रहता है। हमें यह बात भी अच्छी तरह से पता है कि केवल पूजा, व्रत, और धार्मिक अनुष्ठान करने से ही कोई भगवान महावीर स्वामी का सच्चा अनुयायी नहीं बन सकता। महावीर का तत्व हमें भीतर से शुद्ध और सरल बनने की प्रेरणा देता है। अतः इस बार के महावीर जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर हमें आत्मालोचन करना चाहिए कि क्या हम वास्तव में सत्य, अहिंसा, करुणा, प्रेम, सदाचार के साथ धर्म परंपरा का पूर्ण पालन कर रहे हैं? यदि नहीं, तो महावीर हमारे भीतर कहाँ हैं?

# महावीर को पूजने से ज्यादा जरूरी उनके बताए मार्ग पर चलना



विनोद दुग्गड

भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है, क्योंकि हम जैन हैं तथा 24वें भगवान महावीर स्वामी जैन धर्म के प्रवर्तक थे। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के इस पावन अवसर पर हम अपने धार्मिक होने का चिंतन करते हैं, तो इस चिंतन के सागर में पाते हैं कि जैन धर्म में जन्म लेने के कारण हम सभी जैन हैं, यह तो हम जानते हैं, तथा मानते भी हैं। लेकिन क्या हम वास्तव में जैन है, इस पर हमें सदा विचार करते हुए भगवान महावीर स्वामी के जीवन सिद्धांतों को पल प्रति पल याद करते रहना चाहिए, ताकि हम वास्तव में जैन धर्म के मार्ग पर चल सकें, तथा सच्चे जैन बन सकें। हालांकि, जब हम यह जानते हैं कि हम जैन हैं, तो फिर कईयों के मन में ये सवाल उठता भी होगा कि जब हम जैन हैं, तो फिर ये सच्चा जैन क्या होता है। तो, उसका जवाब केवल यही है कि भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर हम कितना चल रहे हैं। जो जैन कुल में जन्मा व्यक्ति शत प्रतिशत धर्म की परंपराओं का पालन करता है, जिसके मन में करुणा बसी हुई है, जो सत्य के सिद्धांत में समाया हुआ रहता है, जिसके जीवन में ब्रह्मचर्य के पालन की अनिवार्यता हो, जिसने अपरिग्रह के सिद्धांत को जीवन में स्थायी रूप से उतारा हो तथा अचौर्य के सिद्धांत पर जीवन जीता है, वहीं सच्चा जैन है। भगवान महावीर स्वामी को हम पूजते तो हैं, लेकिन जब हमारा जीवन उनके बताए मार्ग के पूर्ण अनुकूल होगा, तभी हम सच्चे जैन होंगे। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएं।

# महावीर के जीवन सिद्धांतों के सत्य में जीवन की आधुनिकता



सुरेश मुथा

भगवान महावीर स्वामी का संपूर्ण जीवन एक महान तपस्वी का जीवन था। लेकिन उनका संदेश केवल तपस्वीयों के लिए नहीं, साधु - संतों तथा धर्माचार्यों व संन्यासियों के लिए नहीं, बल्कि संसार के प्रत्येक व्यक्ति के लिए है। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के इस पावन दिवस पर हमआज के अपने आस पास के ही नहीं समस्त संसार के वर्तमान माहौल को देखें, तो आधुनिक युग में हर तरफ बढ़ती हिंसा, समाज में बढ़ता असहिष्णुता, मनुष्य के मन में बसा भौतिकवाद और हर व्यक्ति की मानसिक अशांति को देखकर स्पष्ट होता है कि हम भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर नहीं चल रहे हैं तथा उनके द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जीवन का निष्कर्ष सदा सत्य में था। सत्य यही है कि हमें जीव मात्र के प्रति प्रेम रखना है, उसके प्रति द्वेष को मन में आने भी नहीं देना है। किंतु कभी हमने सोचा कि ऐसा करने में हम स्वयं को ही असमर्थ क्यों पा रहे हैं। कारण केवल यही है कि हम भगवान महावीर स्वामी को मानते तो है, उनकी पूजा भी करते हैं, लेकिन वास्तव में महावीर के तत्व से दूर हैं। भगवान महावीर हमारी चेतना के केंद्र तभी बन सकते हैं, जब हम उनके तत्वों को केवल बाह्य रूप से नहीं, बल्कि आंतरिक रूप से आत्मसात करें। उनका तत्व हमारे जीवन का मार्गदर्शक बनकर हमें सच्ची शांति, आनंद और मुक्ति की ओर ले जा सकता है। यही सच्ची भक्ति होगी, और यही उनका वास्तविक अनुसरण होगा।

# हमारी तरह ही जन्मे थे महावीर मगर महान तीर्थंकर बन गए



नरेन्द्र मेहता

भगवान महावीर स्वामी का जीवन बड़ा ही पावन था। वे समस्त संसार के जीवनदृष्टा थे, महानता के शिखर थे तथा उनका ध्यान मनुष्य मात्र के जीवन के उत्सर्ग पर ही था। वे स्वयं के लिए कभी जिए ही नहीं, वे तो हमारे लिए जिए थे। उन्होंने 30 साल की आयु में राजभवन का त्याग करके साधु का जीवन अपनाया, तो इसी से हमें समझना चाहिए कि वे यदि स्वयं के सुख के लिए जी रहे होते, तो उन्होंने कुंडलपुर के राजकुमार वर्धमान होने की पहचान का त्याग क्यों किया, उन्होंने राजपाट क्यों छोड़ा तथा समस्त जीवन दूसरों के जीवन का स्तर ऊंचा उठाने के लिए क्यों समर्पित किया। हम महावीर के अनुयायी है, तो हमें महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के महान अवसर पर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक की पावन बेला में भगवान महावीर के बताए जीवन के तत्व को अपनाने के लिए हमें अपने जीवन की प्राथमिकताओं को नए सिरे से परिभाषित करना होगा। जिससे कि उनकी धार्मिक शिक्षाएं केवल प्रवचनों तक सीमित न रहें, केवल पुस्तकों तक केंद्रित न रहे बल्कि हमारे दैनिक जीवन में भी परिलक्षित हों। भगवान महावीर भी हम लोगों की तरह ही इस संसार में जन्मे थे, लेकिन वे सामान्य तौर पर जन्म लेने के बावजूद मनुष्यता के अपने उच्च कर्मों के परिणाम से जीते जी महानता के शिखर पर स्थापित हो गए, तो यह कोई साधारण घटना नहीं थी। उन्होंने अपने जीवन को अवगुणों से रिक्त रखकर असाधारण तरीके से सबके कल्याण का बीड़ा उठाया, इसीलिए वे महावीर बन गए।

# भ्रष्ट और हिंसकमय वातावरण में महावीर की अहिंसा ही शांति प्रदान कर सकती है


पारस गुंदेचा

इतने वर्षों के बाद भी भगवान महावीर का नाम स्मरण उसी श्रध्दा और भक्ति से लिया जाता है। इसका मूल कारण यह है कि महावीर ने इस जगत को न केवल मुक्ति का संदेश दिया अपितु भक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई। भगवान महावीर ने आत्मिक और शाश्वत सुख की प्राप्ति हेतु पांच सिध्दांत हमें बताए वह हैं- सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य।

वर्तमान में अशांत, आतंकी, भ्रष्ट और हिंसक मय वातावरण में महावीर की अहिंसा ही शांति प्रदान कर सकती है। महावीर की अंहिसा केवल सीधे वध को ही हिंसा नहीं मानती, अपितु मन में किसी के प्रति बुरा विचार आना भी हिंसा है। जब मानव का मन ही साफ नहीं होगा तो अहिंसा के लिए स्थान ही कहां होगा। वर्तमान युग में प्रचलित नारा समाजवाद तब तक सार्थक नहीं होगा जब तक आर्थिक विषमता रहेगी। एक ओर अथाह पैसा, दूसरी ओर अभाव। इस असमानता की खाई को केवल भगवान महावीर और अपरिग्रह सिध्दांत ही भर सकता है। अपरिग्रह का सिध्दांत कम साधनों में अधिक संतुष्टि पर बल देता है। यह आवश्यकता से ज्यादा रखने की सहमति ही नहीं देता है। इसलिए सबको मिलेगा और भरपूर मिलेगा। जब अचौर्य की भावना का प्रचार-प्रसार और पालन होगा तो चोरी, लूटमार का भय ही नहीं रहेगा। इसके फलस्वप सारे जगत में मानसिक और आर्थिक शांति स्थापित होगी।

# महावीर जन्म कल्याणक अर्थात आत्मावलोकन का पावन अवसर


डॉ. विनय जैन

धर्म हमारी चेतना है तथा धर्म के विभिन्न पर्व या उत्सव हमारी धार्मिक चेतना की वास्तविकता को परखने के अवसर। महावीर जयंती हमारे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म दिवस भले ही हैं, तथा हम सभी जैन धर्म के अनुयायियों के लिए बड़े ही धूमधाम से मनाने का अवसर भी हैं, लेकिन वास्तव में यह हमारे लिए स्वयं की आत्मा के अवलोकन का अवसर भी है। हम जीवन भर दूसरों का अवलोकन करते रहते हैं, हर रोज दूसरों का मूल्यांकन करते रहते हैं तथा हमारे आस पास के लोगों के बारे में चिंतन करते रहते हैं, परंतु साल में कम से कम महावीर जन्म कल्याणक के दिन तो पूजा पाठ करके भगवान महावीर स्वामी को अपने मन में बसाकर हम स्वयं के गुणों, अवगुणों, कार्यों तथा कर्मों की जांच करे कि हमारे भीतर जैन धर्म की चेतना कितनी है, यदि है, तो वह धार्मिक चेतना हमें किधर ले जा रही है, या कहीं ले जा भी रहीं है या नहीं। जब हम महावीर जन्म कल्याणक को हमारी धार्मिक चेतना की वास्तविकता को परखने के अवसर के रूप में मानेंगे, तो ही इसे मनाते हुए अपने भीतर की धार्मिक चेतना को गहन रूप से जगा सकेंगे। हमें यह जानना होगा कि हम जैन हैं, तो हमारा जैनत्व हमारे अलावा किस किस के क्या क्या काम आ रहा है, या काम आ भी रहा है या नहीं। हमें हर साल भगवान महावीर जन्म कल्याणक के दिन यह आत्म चिंतन करना ही चाहिए कि क्या हम अपने कार्यों, विचारों और शब्दों से अहिंसा, सत्य और करुणा का पालन कर रहे हैं?

# संयम शब्द बहुत छोटा सा, मगर महावीर की महानता का स्वरूप


नरेश रांका

संयम वैसे तो केवल साढ़े तीन अक्षरों के मेल वाला संस्कृत के शब्द कोष का महज एक शब्द हैं, जो कि हमें हर तरफ हर रोज कई कई बार सुनने को मिलता है। संयम एक छोटा सा शब्द है, लेकिन यह जितना छोटा है, उसती ही बड़ी इसकी महिमा है। इसकी विशालता अत्यंत अनंत व अपरंपार है। भगवान महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे और उन्होंने संयम को ही जीवन का मूल आधार माना। जैन धर्म के जीवन दर्शन में संयम का अर्थ है आत्म-नियंत्रण और इंद्रियों पर विजय प्राप्त करना, जो कि सामान्य तौर पर सामाजिक प्राणियों के लिए आसान नहीं है। तीर्थंकर महावीर स्वामी का संयम सिद्धांत मुख्य रूप से उनकी प्रमुख शिक्षाओं, सत्य, अहिंसा, सत्य, अस्तेय ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे पांच महाव्रतों पर आधारित है। इन पांचों महाव्रतों का सार संयम में ही निहित है। भगवान महावीर स्वामी के उपदेशों में संयम को ही प्रभावी रूप से प्रस्थापित किया जाता रहा है। संयम के माध्यम से ही व्यक्ति अपने मन, वचन और कर्म को शुद्ध कर सकता है, जिससे आत्मा की मुक्ति संभव होती है।भगवान महावीर स्वामी ने संयम को दो स्तरों पर देखा, जो कि श्रावकों तथा धमणों के लिए अलग अलग है। श्रावक संयम, की गहनता को देखें, तो यह गृहस्थ जीवन जीने वालों के लिए है, जिसमें छोटे-छोटे व्रतों और नैतिक नियमों का पालन किया जाता है तथा श्रमण संयम की बात करें, तो यह साधुओं और साध्वियों के लिए है, जो उनको पूर्ण त्याग और कठोर आत्म-अनुशासन के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता हैं।



# महावीर जन्म कल्याणक हमारे जन्म के कल्याण का अवसर भी


कांतिलाल ओसवाल

भगवान महावीर स्वामी का जीवन हमें सिखाता है कि हमें स्वयं के साथ साथ समस्त समाज के लिए भी जीना है। क्योंकि हमारा उद्धार तभी होगा, जब हमारे आस पास के सभी लोगों का उद्धार होगा। हम देखते हैं कि महावीर जन्म कल्याणक अर्थात महावीर जयंती के अवसर पर हम आम तौर पर पूजा, पाठ उपवास तथा भक्ति आदि तो करते हैं, शोभायात्राओं के आयोजन भी करते हैं तथा साधु संतों के प्रवचन सुनने के साथ ही अपने धर्मस्थलों व मंदिरों पर जगमगाते दीयों का उजाला भी करते हैं। लेकिन हमें सबसे पहले भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर अपने जीवन के उद्धार के लिए सर्वाधिक ध्यान स्वयं की जीवन की धारा भी पर देना चाहिए, जिससे कि हमारा जीवन सफल हो सकें। हमें अपने मंदिरों पर किये जाने वाले उजालों की तरह ही अपने मन में भी एक दीया जलाना चाहिए, क्योंकि भगवान महावीर स्वामी की यह जयंती उनके जन्म कल्याणक का पर्व तो है ही, हमारे जन्म के कल्याण का अवसर भी है। हमारे मन में उजाला होगा, तभी हम संसार की सच्चाई को समझ सकेंगे, जैसे कि भगवान महावीर ने जाना। हम अपने धर्म शास्त्रों में पढ़ते आए हैं कि भगवान महावीर स्वामी ने केवल 30 साल की युवा अवस्था राजपाट का त्याग करके 12 वर्ष तक कठोर तपस्या की। यह तपस्या उन्होंने कोई स्वयं के लिए नहीं की थी, उन्होंने तथा उस तपस्या के अनुभवों से समस्त मानवता को कल्याण की राह दिखाई। अतःहमें महावीर जन्म कल्याणक पर संकल्प लेना होगा कि हमें सब के लिए जीना है।

# जगत कल्याण के लिए जन्मे थे महावीर, अतः कल्याणक महोत्सव



निमित पुनमिया

महावीर जयंती अथवा महावीर जन्म कल्याणक पर्व समस्त जैन समुदाय का एक महान पर्व है तथा इसे हम सब लोग बड़े ही धूमधाम के साथ धर्म का परंपराओं के साथ मनाते हैं। लेकिन जैन धर्म में महावीर जयंती को इसके सही अर्थों में महावीर जन्म कल्याणक के रूप में जाना जाता है। आम तौर पर इसे महावीर जयंती ही कहते हैं, लेकिन जैन धर्म में इसे भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के रूप में मनाया जाता है। महावीर जन्म कल्याणक का अर्थ केवल जन्म से है, जो कि बहुत ही सतही शब्द है जैसे कि कोई जन्म दिवस हो, मगर जन्म कल्याणक अर्थात हमारे जन्म को सफल बनाने का कल्याणकारी मार्ग दर्शाने वाला दिन। वास्तव में यह दिवस है तो भगवान महावीर स्वामी का जन्म दिन ही, लेकिन हमारे धर्मवेत्ताओं तथा साधु - संतों ने, बड़े ही व्यापक अर्थों में इसका नाम रखा है जन्म कल्याणक पर्व। तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म होना कोई सामान्य घटना नहीं थी। दरअसल, उनका जन्म ही समस्त संसार के कल्याण के लिए हुआ था, अतः कल्याणक का पर्व ही सही शब्द है जयंती के लिए। तो, हमारे जनम के कल्याण का अवसर भी यह दिवस है, जो हमारे जीवन में संयम का प्रवाह तेज करके क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों को दूर करता है। भगवान महावीर स्वामी की कठोर तपस्या और संयम दोनों साथ साथ चले। संयम के बिना तप संभव ही नहीं है। तप का वास्तविक नाम ही संयम है। उनका यही सिद्धांत हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है, जो जीवन में संतुलन और शांति की राह दिखाता है। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर शुभकामनाएं।

# हर दिन जीवन के कल्याण का दिन अगर महावीर को जीवन में उतारें



जे. बी. जैन

महावीर जन्म कल्याणक पर्व हमारे सबसे प्रमुख त्यौहारों में सर्वोपरि है, हर साल हम इसे उत्सव के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, लेकिन हम केवल इसे एक दिन मनाकर अगले साल तक के लिए भूल जाते हैं। किंतु भगवान महावीर स्वामी के लिए तो प्रत्येक दिन कल्याण का दिन था। वे तो न केवल हर दिन बल्कि हर पल को कल्याण का पल मानते थे, इसी कारण वे न केवल अपने लिए बल्कि सभी के कल्याण के लिए जीते रहे। भगवान महावीर स्वामी के जो जीवन सिद्धांत हैं, उनमें जीवन के श्रेष्ठतम बनाने के सभी तत्व समाहित थे। राजपाट त्यागकर 12 साल की कठिन तपस्या के बाद जब वे गांव - गांव, गली - गली घूम कर लोगों को जीवन के उत्कर्ष का मार्ग बताने के लिए उपदेश देते थे, तो उनको कई तरह के कष्ट भोगने पड़े, लेकिन तनिक भी विचलित हुए बिना उन्होंने संयम रखते हुए जन जीवन के कल्याण हेतु अपनी राह को रुकने नहीं दिया। उनके उपदेशों में अनावश्यक भोग-विलास से बचने और आत्मसंयम को विकसित करने की शिक्षा है। समता भाव तथा किसी के भी प्रति ईर्ष्या या द्वेष न करने तथा सभी जीवों के सभी कर्मों को समान दृष्टि से देखने की शिक्षा है। उनका कहना था कि किसी भी परिस्थिति में सत्य से न डिगें और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वाह करें। हम भगवान महावीर स्वामी के जीवन का एक अंश भी यदि अपने जीवन में उतार सकें, तो भी हम अपने जीवन का कल्याण कर सकते हैं, बस यही महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर्व का वास्तविक फलितार्थ है।

# भगवान महावीर ने सिखाया हमारे दृष्टिकोण को विकसित करना



सुरेन्द्र दस्सानी

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस पर इस बार हम बात करते हैं उनके दो सिद्धांतों की, एक तो है अनेकांतवाद तथा दूसरा है स्यादवाद। जैन धर्म के हम सब अनुयायियों ने ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लोगों ने हमारे महान तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के पांच महाव्रतों - सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य तथा ब्रह्मर्य के बारे में तो बहुत सुना, पढ़ा तथा लिखा भी है, जिनकी व्याख्या भी बहुत बार अलग अलग तरीकों से हुई है। लेकिन भगवान महावीर स्वामी के अनेकांतवाद तथा स्यादवाद के उनके दृष्टिकोण के बारे में सामान्यतया बहुत कम लोग जानते हैं। अनेकांतवाद अर्थात बहु-पक्षीय दृष्टिकोण हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अनेकांतवाद के जरिए भगवान महावीर स्वामी ने हमें सिखाया कि सत्य को विभिन्न दृष्टिकोणों से देखा जा सकता है। अनेकांतवाद यह दर्शाता है कि किसी भी वास्तविकता के कई पहलू और दृष्टिकोण होते हैं। अतः केवल किसी एक दृष्टिकोण से किसी की सच्चाई नहीं जानी जा सकती। इस दृष्टि से यह सिद्धांत सबके प्रति सहिष्णुता और सभी के विचारों का सम्मान करना सिखाता है। इसी तरह से स्यादवाद अर्थात किसी भी चीज़ के बारे में पूर्ण रूप से निश्चित न होने की बात। क्योंकि हर सत्य अलग अलग परिस्थितियों पर निर्भर करता है। स्यादवाद का वास्तविक अर्थ है सापेक्षतावाद। यह सिद्धांत किसी वस्तु के गुण को समझने, समझाने, और अभिव्यक्त करने के तरीके बताता है, तथा यह साबित करता है कि हमारा ज्ञान हमारी जानकारी के अनुरूप ही सीमित होता है। अनेकांतवाद तथा स्यादवाद, इन दो सिद्धांतो के द्वारा भगवान महावीर ने हमें अपने दृष्टिकोण को विकसित करना सिखाया।





अशोक बाफना

# जैसे कर्म, वैसा जीवन, यही हमें बताया महावीर स्वामी ने

महावीर स्वामी हमारे आराध्य तीर्थंकर भगवान हैं, अतः वे ही हमारे तारणहार हैं। उन्होंने अपने कर्मो से स्वयं को मनुष्य जीवन के उच्च शिखर पर ले जाकर कर एक चमकते सूर्य समान तीर्थंकर के रूप में स्वयं स्थापित किया। हम उनको अपना भगवान मानते हैं, जबकि वे राजकुमार ही रहते, तो वर्धमान ही होते। लेकिन अपनी समस्त कामनाओं, भावनाओं, आकांक्षाओं तथा इंद्रियों पर विजय प्राप्त करके वे महावीर बने। उनका जीवन दर्शन कर्म में विश्वास करता है तथा उस दर्शन का सार केवल यही है कि मनुष्य का जीवन कर्म के अनुरूप ही ढलता है। कर्म के सिद्धांत बताते हुए उन्होंने अपने उपदेशों मे कहा कि हमारे कर्म ही सुख व दुख का कारण हैं। अच्छे कर्मों से आत्मशुद्धि और मुक्ति संभव है। वे अपने उपदेशों में कहते थे कि मनुष्य अपने कर्म फल को ही जीता है। अर्थात हमारे हर सांसारिक सुख - दुख के मूल में हमारे कर्म ही हैं। उनके पांचों जीवन सिद्धांत भी कर्म पर ही मूल रूप से आधारित हैं। अहिंसा का अर्थ हिंसा से बचना नहीं, बल्कि वाणी और विचारों में भी संयम रखना सिखाता है। अपरिग्रह का अर्थ केवल भौतिक संपत्ति का त्याग नहीं, बल्कि अनावश्यक इच्छाओं और लालच से मुक्त होना भी है। अतः महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर हमें इन सवालों पर भी चिंतन करना चाहिए कि क्या हम वास्तव में सत्य की राह पर हैं, क्या हमारे व्यवहार में अहिंसा का तत्व हैं? या हमारे भीतर अधिक पाने की लालसा बनी हुई है? इन सवालों की खोज ही महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की सार्थकता है।




<u>**नवकार महामंत्र की महिमा**</u>

नवकार महामंत्र सभी जाती, धर्म, सम्प्रदाय से परे विश्व शांती और आपसी भाई चारे की भावना को प्रेरित करता है। संसार के सभी अरिहंत, इष्टदेव, सिद्धि धारक, आचार्य, उपाध्याय, साधु को नमन करते हुए यह महामंत्र समग्र प्राणीमात्र के मंगल की कामना करता हैं। इस महामंत्र के जाप से हृदय मे प्रेम, करुणा, समभाव एवं शांती का प्रवाह होता हैं।

<u>**विश्व नवकार महामंत्र दिवस**</u>

आत्मशुद्धि की आध्यात्मिक यात्रा हेतु **बुधवार, 9 अप्रैल 2025 को सुबह 8:01 से 9:36** तक आप नवकार मंत्र का सामूहिक जाप करे। इस महामंत्र का जाप आप अपने नजदीकी मंदिर, उपाश्रय, स्थानक, देरासर, स्कूल, कॉलेज, भवन, सोसाइटी हॉल, ऑफिस प्रांगण आदि स्थानों पर आयोजित कर सकते हैं या भाग ले सकते हैं। संपूर्ण विश्व से, 108 देशों के करोडो लोग इस महा अभियान विश्व महामंत्र दिवस मे भाग लेंगे। 6000 से अधिक स्थानों पर होने वाले इस सामूहिक महामंत्र जाप का कई टीवी चैनलों पर लाइव प्रसारण होगा। आप स्वयं को एवं अपने पुरे परिवार को दिए हुए **QR CODE** पर रजिस्टर करे और इस अभियान को गति प्रदान करे। अधिक जानकारी, मार्गदर्शन एवं किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए ये किसी भी JITO पदाधिकारी या नजदीकी **JITO CHAPTER** से संपर्क करें।

**CALL : 9998889003 EMAIL : jitomumbaizone.1@gmail.com**


NARENDRA PLASTIC
relogix
CRYSTAL life
enviro bag
BRINGING GREEN
LIVING TO EVERY CORNER OF YOUR LIFE!
Sustainable Plastic Solutions, designed to reduce your carbon footprint and create a cleaner, greener planet.
OUR PRODUCT RANGE INCLUDES
BEST SELLER
ZIPSEAL & SLIDESEAL POUCHES
Keep food fresh and secure with our reusable, biodegradable pouches.
BIODEGRADABLE GARBAGE BAGS
Tear-resistant and durable, perfect for home and office waste management.
COMPOSTABLE GARBAGE BAGS
100% compostable bags that return to nature, leaving no harmful waste behind.
POOP & HYGIENE BAGS
Designed for pet lovers and personal care needs with a clean, mess-free solution.
COMPOSTABLE GROCERY BAGS
The perfect alternative to single-use plastic bags-strong, sturdy & guilt-free.
INDUSTRIAL PCR BAGS
Post-consumer recycled bags for industrial and commercial use.
COMBO BUNDLES
Get the best value with our eco-friendly combo packs for everyday essentials.
WHY CHOOSE US?
100% SUSTAINABLE PRACTICES
ISO CERTIFIED
TRUSTED BY CONSUMERS
MADE IN INDIA
022-42525252
info@narendrabags.com
www.narendrabags.com | www.relogix.in | www.crystallife.in | www.envirobag.in

# STUDENT HOUSING
## APARTMENTS (Womens Hostel)

WITTY®



**Witty Juhu Vistas**
**Vile Parle (W)**



**Witty Neelkanth**
**Malad (W)**

## 100% PURE VEG, SAFE & SECURED FACILITY FOR STUDENTS & WORKING WOMEN

FULLY FURNISHED A/C ROOMS | DOUBLE / TRIPLE OCCUPANCY WITH ATTACHED BATHROOMS | CAFETERIA FACILITY | WELL-EQUIPPED LIBRARY | CCTV CAMERAS | AUTOMATED ACCESS CONTROL SYSTEM | GYMNASIUM | LAUNDRY SERVICES | HOUSEKEEPING FACILITY | INDOOR GAMES ARENA | ON CALL MEDICAL ASSISTANCE | OVEN / TOASTER / FILTERED WATER IN EACH APARTMENT

Head office: Witty Neelkanth Apartments, Ramchandra Lane, Malad (West), Mumbai 400 064

+91 86579 96021 / 22, +91 22 46160493 admin@wittyhostels.com www.wittyhostels.com

# वाणी में सत्य और व्यवहार में विनम्रता महावीर की विशेषता



रमेशकुमार धाकड़

जैन धर्म के प्रवर्तक हमारे परम प्रभावी 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की वाणी में बहुत बड़ी ताकत थी। कहते हैं कि उस जमाने में वे जहां भी जाते, और जिससे जो भी कहते, हर व्यक्ति उनकी बात मान जाता था। इसका अर्थ यह कतई नहीं था कि भगवान महावीर स्वामी ताकत के साथ ऊंची आवाज में बोलते थे, और लोग डर के मारे उनकी बात मान जाते थे। दरअसल, आजकल, आम तौर पर किसी की वाणी में ताकत को लेकर यही मान लिया जाता है कि कोई दम लगाकर बोलता है, तो उसकी हर बात लोग सुन लेते हैं। परंतु भगवान महावीर स्वामी की बात करें, तो उनकी वाणी में सत्य का साथ था, विनम्रता की विशेषता थी तथा गंभीरता का गगन लहराता था। वे अपनी बात कहने के लिए किसी भी प्रकार के शब्दों के जाल नहीं बुनते थे। वे सीधी, सरल और सच्ची बात कहते थे, तो वह बात सीधे हर किसी के मन में उतरकर मस्तिष्क में सदा के लिए बस जाती थी। ऐसे महान आत्मा भगवान महावीर के जन्मोत्सव को बोलचाल की भाषा में भले ही महावीर जयंती कहते हों, किंतु वह भगवान महावीर का जन्म कल्याणक है, जो हमारे कल्याण की राह खोलता है। जैन धर्म के प्रत्येक अनुयायी के जीवन में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक का अत्यंत महत्व है। यह एक ऐसा पर्व है, जब हर साल चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को प्रत्येक व्यक्ति भगवान महावीर के जन्म का उत्सव मनाता है। उनका जन्म समस्त जैन समुदाय बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाता है।

# पांच महाव्रतों से दिखाया समस्त संसार को निर्वाण का मार्ग



प्रकाश कोठारी

भगवान महावीर स्वामी का चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन जन्म कल्याणक महोत्सव के रूप में हमारे लिए अत्यंत महत्व इसलिए है क्योंकि भगवान महावीर ने अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय जैसे पांच महाव्रत का जो सिद्धांतों प्रचारित किया है, वह न केवल जैन धर्म का मूल आधार एवं मूल अवधारणा हैं, बल्कि संसार के समस्त प्राणी मात्र के जीवन के परम उद्धारक तत्व हैं। 24वें तार्थंकर भगवान महावीर स्वामी का समस्त जीवन सदाचार, सत्य, त्याग, तपस्या और आत्म-शुद्धि का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने संसार के दुखों से मुक्ति पाने के लिए अपने पांच महाव्रतों को जीवन में उतारकर प्रत्येक काम करते हुए समस्त संसार को निर्वाण का मार्ग दिखाया। उनके जन्म दिवस महावीर जयंती अर्थात चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के दिन जैन अनुयायी अपने मंदिरों में भव्य सजावट करते हैं, विशेष पूजा-अर्चना करते हैं, प्रवचन सुनते हैं तथा भगवान महावीर स्वामी की शिक्षाओं पर चिंतन करते हैं, दान-पुण्य भी करते हैं और सत्य - अहिंसा के संकल्प को दोहराते हैं। यह पर्व न केवल भगवान महावीर स्वामी के जन्म का उत्सव है, बल्कि उनके द्वारा दिखाए गए नैतिक और आध्यात्मिक मार्ग को अपनाने का अवसर भी हमें प्रदान करता है। इस महान पर्व के कई ऐसे विशेष पहलू हैं, जो हैं तो भगवान महावीर स्वामी की शिक्षाओं पर ही आधारित हैं तथा अपने जीवन को संसार सागर से पार निकल जाने के लिए नई राह दिखाते हैं।

# जन्म कल्याणक अर्थात सत्य की राह पर चलने का अवसर



नरेन्द्र हिरावत

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर हम तीर्थंकर महावीर को अपने जीवन में उतारने के प्रयास में धार्मिक प्रथाओं का पालन करते हैं। पूजा करते हैं, पाठ करते हैं, व्रत करते हैं, उपवास करते हैं, प्रतिक्रमण करते हैं, प्रवचन सुनते है तथा करुणा व सेवा के काम करते हैं। जिससे हमारा जीवन सफल हो तथा धर्म के मार्ग पर चलते रहें। हम यह सब इसलिए करते हैं क्योंकि भगवान महावीर स्वामी की शिक्षाएं हमें प्रेरणा देती है। जैन धर्म के मूल सिद्धांतों पर आधारित महावीर स्वामी की शिक्षाएं समस्त मानव जीवन को नैतिकता, आत्म-संयम और मुक्ति की ओर ले जाने का मार्ग दिखाती हैं। उनकी शिक्षाएं वैसे तो बेहद सरल हैं, लेकिन वास्तव में बहुत गहरे अर्थ लिए हुए हैं, जो हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में संतुलन और शांति लाने पर केंद्रित हैं। सही मायने में देखें, तो भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव हमारे जीवन में बदलाव के अवसर लेकर आता है, क्योंकि वर्ष भर में हम व्यापारिक जीवन की मजबूरियों को जीते हुए लगातार लोगों से कई प्रकार के लोभ, लालच, झूठ, फरेब, छल, तथा पाखंड जैसे व्यवधानों की वजह से, भगवान महावीर स्वामी द्वारा प्रवर्तित जैन धर्म में जन्म लेने के बावजूद भगवान महावीर स्वामी के बताए रास्ते से भटक जाते है। उनकी उनकी पांच प्रमुख शिक्षाओं के अनुरूप जीवन जीते हुए भी कभी कभार हमारे जीवन की रेलगाड़ी पटरी से उतर जाती है। ऐसे में तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव हमारे जीवन में सत्य की राह पर चलने का अवसर लेकर आता है। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएं।

# महावीर का जीवन आत्मोत्सर्ग, तपस्या और सादगी का आईना



किशोर बाफना

हमारा जैन धर्म अहिंसा पर आधारित धर्म है, क्योंकि भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा को ही जीवन का सर्वोच्च सिद्धांत माना। उनके अनुसार, न केवल शारीरिक हिंसा, बल्कि मन और वचन से भी किसी को दुख नहीं पहुंचाना चाहिए। यह सिद्धांत सभी प्राणियों, यहाँ तक कि सूक्ष्म जीवों के प्रति भी करुणा और सम्मान पर जोर देता है। भगवान महावीर का कहना है कि आत्मा ही हमारा मित्र और शत्रु है। किसी को चोट पहुँचाने से पहले हमे सोचना चाहिए कि क्या हम स्वयं वह दर्द सहन कर सकते है। इसी तरह सत्य बोलना और सत्य पर चलना भी भगवान महावीर स्वामी की शिक्षा का दूसरा महत्वपूर्ण आधार है। लेकिन उन्होंने यह भी सिखाया कि सत्य को अहिंसा के साथ जोड़ा जाए, यानी सत्य बोलते समय किसी का दिल न दुखे। उनका मानना था कि सत्य आत्मा की शुद्धि और मुक्ति का मार्ग है। भगवान महावीर का जीवन आत्मनिरीक्षण, तपस्या और सादगी से ओतप्रोत हैं। उनका लगातार12 वर्षों तक का कठोर तपस्याकाल हमें तप के लिए प्रेरित करता है, तथा उनको प्राप्त केवल्य ज्ञान का एक कण भी हमें प्राप्त हो जाए, तो हम जीवन को कृतार्थ कर सकते हैं। उनकी शिक्षाएं न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए हैं, बल्कि समाज में सामूहिक शांति और समरसता स्थापित करने के लिए भी प्रेरित करती हैं। उनके उपदेशों तथा शिक्षा का सार यही है कि हम सतत धर्म पथ पर चलते रहें। भगवान महावीर स्वामी का यह जन्म कल्याणक महोत्सव हमें धर्म के पथ पर चलते रहने का मार्ग दिखाने ही हर साल हमारे जीवन में आता है।

# भगवान महावीर के जीवन सिद्धांत अहम आवश्यक



रमेश जैन

**भगवान महावीर कहते हैं कि पेड़ लोगों को अपनी छाया देता है, अपने पत्तों से खाद देता है, फूल देता है, फल देता है, तथा सूख जाने पर लकड़ी भी देता है। मतलब, पेड़ अपना जीवन समाप्त हो जाने के बाद भी लोगों के काम आता है, तो भगवान महावीर के जीवन दर्शन के मुताबिक मनुष्य में तो उससे भी ज्यादा उपयोगी होने के गुण है।**

मनुष्य संसार का वह प्राणी है, जो समस्त जीवों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। सही तथा गलत की पहचान, उचित एवं अनुचित का भान तथा निकृष्टता व श्रेष्ठता की परख ही उसे संसार के समस्त जीवों में उच्चतम स्थान प्रदत्त कराती है। उसकी श्रेष्ठता का सबसे उच्चतम मापदंड यही है कि उसकी जीवन धर्म के अनुरूप आचरण है या नहीं। परंतु यदि धर्मानुरूप जीवन है, तो भी उसका प्रभाव उसके आसपास के समस्त जीवों पर है या केवल स्वयं के लिए ही सीमित है, यह भी जानना आवश्यक है। यदि स्वयं के लिए ही उसके कर्मों का प्रभाव सीमित है, तो उस व्यक्ति में धर्माचरण की कमी है। भगवान महावीर का जीवन दर्शन कहता है कि संसार के समस्त जीवों का जीवन सभी के लिए हो, लेकिन जो समर्थ है, उनका जीवन तो अपने आसपास के लोगों के लिए होना ही चाहिए। जिनसूत्र में भगवान महावीर के जीवन सिद्धांत की व्याख्या में कहा गया है कि जैसे पेड़ हालांकि सजीव है, लेकिन वह मनुष्य की तरह सजीव नहीं है, फिर भी एक वनस्पति होने के बावजूद पेड़ स्वयं के लिए नहीं जीता। भगवान महावीर कहते हैं कि पेड़ लोगों को अपनी छाया देता है, अपने पत्तों से खाद देता है, फूल देता है, फल देता है, तथा सूख जाने पर लकड़ी भी देता है। मतलब, पेड़ अपना जीवन समाप्त हो जाने के बाद भी लोगों के काम आता है, तो भगवान महावीर के जीवन दर्शन के मुताबिक मनुष्य में तो उससे भी ज्यादा उपयोगी होने के गुण है। इसलिए जो व्यक्ति जितना संपन्न है, उसे उतना ही जनोपयोगी होना चाहिए। जैन दर्शन में इसीलिए, वर्तमान में ही नहीं धर्म की स्थापना की शुरूआत से ही परोपकार की भावना को प्राधान्यता दी गई है। परोपकार, यानी जरूरतमंदों का सहयोग, समस्त जीवों के प्रति दया का भाव तथा प्रत्येक प्राणी के प्रति सदभाव हमारे जीवन में होना चाहिए। यही सदभाव जब जगेगा, तो हमारा अंतर्मन खिल उठेगा। भगवान महावीर की इन्हीं शिक्षाओं का हमारे जीवन और विशेषकर वर्तमान व्यावहारिक जीवन में हर प्रकार से समावेश होना अति आवश्यक है। क्योंकि समस्त प्राणियों के जीवन में समान रूप से भगवान महावीर की जीवन पद्धति की अहम आवश्यकता है। जैन कुल में जन्म लेना व जैन होना दो अलग अलग बातें हैं। वास्तव में तो जैन होना एक जीवनपद्धति है, किंतु हममें से कितने लोग जीवन पद्धति से जैन है। जरुरत है हमें सच्चा जैन बनने की तथा भगवान महावीर का सच्चा अनुयायी बनने की। मगर वही व्यक्ति महावीर बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जिसके मन में संपूर्ण प्राणीमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो। आज मानव समाज के लिए सबसे बड़ी व सबसे पहली आवश्यकता है कि हम अपने जीवन को भगवान महावीर की शिक्षा के अनुरूप जीवन पद्धति के अनुसार बना लें। किंतु इससे भी पहले यह अधिक आवश्यक है कि हम स्वयं के जीवन में सत्य की स्थापना करें। क्योंकि सत्य की स्थापना से ही समस्त संसार में मानव समाज एक परिवार की तरह परस्पर व्यावहारिक स्वरूप लेगा। भले ही हम जैन हैं, भगवान महावीर के अनुयायी है, लेकिन हमें भगवान महावीर की जीवन पद्धति की कसौटी पर खुद को कस के सबसे पहले यह जान लेने की जरूरत है कि क्या हम सच्चे अर्थों में जैन है?

जय गुरूनाना जय महावीर जय गुरू राम

परम श्रद्धेय आचार्य प्रवर श्री रामलालजी म.सा., उपाध्याय प्रवर श्री राजेशमुनिजी म.सा. के चरणों में कोटी कोटी वन्दन

Mumbai - Delhi - Jaipur - Bikaner - Hyderabad

DEEPCHAND DASSANI & SONS

Sarafa Bazar, Bikaner - 334005 (Rajasthan)

P.P. JAIN & CO.

Importer & Exporter of Diamond

HW-4040, H-Building, Bharat Diamond Bourse
BKC Compound, Bandra (E) Mumbai-400 051
Ph. : 33927382, 33926416, 79635094
Email : skdassani@gmail.com

शुभेच्छुक

Heera Chand, Shanti Chand, Shubh kumar, Ajay kumar Dinesh, Mahesh. Sumit, Amit, Dilip, Ashish, Jayant Arpit, Bhimanyu Dassani & Family

DASSANI BROTHERS

P.P. JAIN EXPORTS PVT. LTD.

EXPORTERS IMPORTERS OF DIAMONDS

Specialized in : Bikaneri, Kundan, Meena Jewellery

901-03 Majestic Shopping Centre, 144, JSS Road,
Girgaon, Mumbai - 400 004
E-mail : sumitd1980@gmail.com
Tel.: 23862915 intercom : 6108 |Telefax : 91-22-23860652



सुरेन्द्रकुमार दस्सानी

राष्ट्रीय महामंत्री : भारत जैन महामंडल, मुंबई
ट्रस्टी : जेएटीएफ एण्ड जीप
जोन चेयरमेन, मुंबई : जीप
एफसीपी एण्ड वाइस प्रेसिडेंट : जीतो वालकेश्वर
पूर्व कोषाध्यक्ष : दि मुंबई डायमंड मर्चेंट एसोसिएशन, मुंबई
पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष : श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ, बीकानेर
पूर्व अध्यक्ष : श्री साधुमार्गी जैन संघ, मुंबई
कार्यकारिणी सदस्य : भारत डायमंड बुर्श, बीकेसी, मुंबई
संस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष : बीकानेर ओसवाल जैन मित्र मंडल, मुंबई



# ज्ञान व दर्शन जीवन के दो महत्वपूर्ण पक्ष है जिसमें जीवन का सार समाहित है





दिलीप चंदन

कर्म बाधक नहीं हमारी अज्ञानता बाधक है। अज्ञानता जायेगी कर्म बंधन बंद हो जायेंगे। महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर हमें वहीं प्रेरणा लेनी है कि मैं शुद्धात्मा हूं। कर्म परेशान करते रहे अंत में मोक्ष ही है। महावीर स्वामी के बतायें मार्ग पर चलेंगे तो महावीर जन्म-कल्याणक मनाने का हमारा यही उद्देश्य होना चाहिए।



अशोक दोशी

अहिंसा के भगवान महावीर ने अनेकों आयामों को देखा, अनुभव किया। महावीर एक ऐसे समता पुरूष थे, जिन्होंने पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और वनस्पति एक जड़ महाभूतों में जीवन का, चेतना का, अपनत्व का दर्शन किया और अपने को उनके समकक्ष रख दिया।



नरेन्द्र श्रीश्रीमाल

भगवान महावीर साधन और साध्य दोनों की पवित्रता और शुद्धि पर बल दिया है। वर्तमान युग में भी महात्मा गांधी ने इसका राजनीति में सफल प्रयोग किया है। भगवान महावीर अहिंसा के अवतार माने जाते हैं वे अवतार नहीं थे बल्कि अहिंसा उनके समग्र आत्मभूति थी, चेतना थी।



मानकचंद राठौड

महावीर ने जिस अहिंसा, दया और अपरिग्रह का रहस्य जन साधारण को बतलाया, समय की कसोटी पर वे खरे उतरे हैं। महावीर जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर हमें महावीर के सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लेना चाहिए तभी हम महावीर रूपी ज्योति के आलोक के में स्वयं को आलोकित कर पाएंगे।



राकेश घोडा

महावीर ने सिद्ध शिला का अनावरण किया, मानवता सौंप दानवता का हरण किया जैन धर्म के आदर्शों को ध्यान दो, महावीर के संदेशों को मान दो। खुश किस्मत हूं जैन धर्म में जन्म मिला, महावीर का मनन मिला। बंद पिंजरे के आतम का उत्थान करो, शोर शराबा दिखावे से कुछ ना होगा। करना है तो महावीर को याद करो, पल-पल मत जीवन को यूं बरबाद करो।



श्रेजस कोठारी

यह पर्व अहिंसा, संयम व तप का संदेश देता है। भगवान महावीर का जीवन दर्शन परोपकार व जनकल्याण की प्रेरणा देता है। भगवान महावीर सत्य और अहिंसा के अवतार थे। उनकी पवित्रता ने संसार को जीत लिया था। भगवान महावीर का नाम यदि इस समय संसार में पुकारा जाता है, तो सिर्फ उनके द्वारा प्रतिपादित अहिंसा परिग्रह और अनेकान्त के कारण।



पंकज राठौड

भगवान महावीर ने सदा ही अहिंसात्मक आचरण पर जोर दिया है। जैन आचरण छुआछुत मूलक न होकर जिसमें हिंसा न हो या कम से कम हिंसा हो के आधार पर निश्चित किया गया है। पानी छानकर काम में लेना। रात में भोजन नहीं करना। मद्य, मांस आदि का सेवन नहीं करना। आज समस्त आचरण अहिंसा को लक्ष्य में रखकर अपनाए गए हैं।



कनक गोलिया

क्रोध को क्रोध से नष्ट नहीं किया जा सकता। आग को आग से कैसे बुझाया जा सकता है? आग को बुझाने के लिए जल चाहिये। इसी प्रकार क्रोध को नष्ट करने के लिए शान्ति चाहिये। वर्धमान महावीर का यह संदेश ज्ञान व दर्शन पर आधारित है। ज्ञान व दर्शन जीवन के दो महत्वपूर्ण पक्ष है। जिसमें जीवन का सार समाहित है।



रमेश हरण

भगवान महावीर के विचारों को किसी काल देश अथवा सम्प्रदाय की सीमा में नहीं बांधा जा सकता। महावीर ने धर्म का मर्म अनेकान्त और अहिंसा बताया है। उन्होंने कहा है कि धर्म का हृदय अनेकांत है और अनेकांत का हृदय है समता। समता का अर्थ है परस्पर सहयोग, समन्वय, सद्भावना, सहानुभूति एवं सहजता।



अमित संघवी

अहिंसा से भगवान महावीर ने अनेकों आयामों को देखा, अनुभव किया। महावीर एक ऐसे समता पुरुष थे, जिन्होंने पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और वनस्पति में जीवन का, चेतना का, अपनत्व का दर्शन किया और अपने को उनके समकक्ष रख दिया। महावीर ने कहा है कि सबकी बात सुनी जानी चाहिए। यदि ऐसा होगा तो घृणा, द्वेष, ईर्ष्या का स्वयं ही नाश हो जाएगा।



प्रायुल जैन

आज के पदार्थवादी युग और तनावग्रस्त जीवन तन्त्र में अगर राहत दे सकता है तो वह एकमात्र महावीर का सिद्धांत दे सकता है। महावीर जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर हमें महावीर के सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लेना चाहिए तभी हम महावीर रुपी ज्योति के आलोक में स्वयं को आलोकित कर पायेंगे।



नितिन मेहता

विश्व में शांति भगवान महावीर के सिद्धांतो से ही संभव है। उनके सच्चे और प्रभावशाली उपदेशों का अगर हम पालन करें तो रिश्वत, बेईमानी, भ्रष्टाचार व अनाचार जैसी कई समस्याओं का समाज से खात्मा हो जाएगा। महावीर स्वामी के बतायें मार्ग पर चलेंगे तो महावीर जन्म-कल्याणक मनाने का हमारा यही उद्देश्य होना चाहिए।


Duvon Plus
TOOTHBRUSH | BODYWASH | SHAMPOO | CONDITIONER | HANDWASH | SOAPS | GIFT SETS
AUTHORISED DISNEY & MARVEL PARTNERS
DERMATOLOGICALLY TESTED
PARABEN FREE
SAFE FOR KIDS
SULPHATE FREE
© Disney © 2024 MARVEL
NEW LAUNCHES
PETROLEUM JELLY
India's 1st OUD Petroleum Jelly
ALOE VERA Petroleum Jelly
ORIGINAL Petroleum Jelly
LAVENDER Petroleum Jelly
BODY MIST
LIP BALM
LAUNCHING SOON... SPF15
BEETROOT & BLUEBERRY
*The images in this artwork are for representation only and may not be exact.
SCAN TO BUY
amazon
Flipkart
meesho
firstcry
Our Distribution Partners
IMPORTER AND EXPORTER OF FMCG PRODUCTS
GLOBAL DISTRIBUTOR / WHOLESALER FOR CONSUMER PRODUCTS
Brand Building And Marketing (A Part of Manik Shah Group)
Mascot INTERNATIONAL PVT. LTD.
Regd Add: Manik Villa, Plot No. 11, 3rd Floor, R. A. Kidwai Road, Wadala (W), Mumbai 400031
Corporate Office Add: One Lodha Place, Unit No.: A 910, Senapati Bapat Marg, Near Kamala Mill Compound, Upper Worli, Mumbai 400013
TEL: +91 22 35100801 / 35174260 / 35402539 / 35402477 | Mob: +91 88980 77203 Email: manik@manikshahgroup.com | Web: www.manikshahgroup.com


A GLOBAL BUSINESS CONGLOMERATE
ESTABLISHED IN 1977
Mohan Mutha Exports Pvt. Ltd.
Only Earth
Mohan Mutha Translogistics Pvt. Ltd
Mohan Mutha Group
medix
Mohan Mutha Infrastructures Pvt. Ltd.
URBAN SPACES
INTERNATIONAL TRADING
SHIPPING & LOGISTICS
REAL ESTATE | INFRASTRUCTURE
WATER PROJECTS
PHARMACEUTICALS &
SURGICAL EQUIPMENTS
PLANT BASED BEVERAGES
"Moving the global way as it turns"
SEVERAL AWARDS
TOP EXPORTER AWARDS FROM
EEPC | CAPEXIL | PLEXCONCIL |
ASSOCHAM | AIMO | FIEO |
INDIAN CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY.
www.mmexports.com


2624 वें
महावीर
जन्म कल्याणक
महोत्सव की शुभकामनाएं!!
आप के जीवन में निरंतर
धर्म वृद्धि शांति और सौहार्द का प्रसार
हो ऐसी शुभेच्छाए...
जो पर-पीड़ा मन में धारे, वो नयन नीर हो जाएगा
जो नैनों की भाषा समझा, अनकही पीर हो जाएगा
जो जीवन के व्यामोह मोह को तजकर गंगाजल से
तन-मन को तीर्थ बना लेगा, वो महावीर हो जाएगा
Jaswant Munoth
Chennai

# महावीर ने बताया कि परिस्थिति या व्यक्ति चाहे कितने भी बलशाली हो, वश में किये जा सकते है



जयंत जैन

**भगवान महावीर स्वामी के दौर में भी शिक्षा की प्राप्त करने के साधन केवल गुरुकुल ही हुआ करते थे, अतः भगवान महावीर स्वामी भी गुरुकुल में रहकर ही शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। शिक्षा ग्रहण करने में बालक महावीर को काफी खुशी मिलती थी, क्योंकि उनकी तार्किक बुद्धि काफी तीक्ष्ण थी एवं अपने गुरुजनों से वे अक्सर शास्त्रार्थ भी किया करते थे।**

गुरुकुल हमारी पुरातन जीवन पद्धति में शिक्षा के अहम केंद्र माने जाते थे। उस दौर में लेखन कला का विकास नहीं हुआ था, अतः गुरुकुल में रहकर ही ब्रह्मचर्य व्रत जीते हुए शिक्षा ग्रहण करने की परंपरा थी। गुरु के मुख से निकले हुए शब्द ही शिक्षा प्राप्त करने का एकमात्र माध्यम हुआ करते थे। किसी भी धर्म के ग्रंथों को देखें, तो पता चलता है कि शिक्षा पाने का एकमात्र माध्यम गुरुकुल ही हुआ करते थे। अतः प्रत्येक वर्ण, समाज, कुल या जाति के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए गुरुकुल में जाना पड़ता था। भगवान महावीर स्वामी के दौर में भी शिक्षा की प्राप्त करने के साधन केवल गुरुकुल ही हुआ करते थे, अतः भगवान महावीर स्वामी भी गुरुकुल में रहकर ही शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। शिक्षा ग्रहण करने में बालक महावीर को काफी खुशी मिलती थी, क्योंकि उनकी तार्किक बुद्धि काफी तीक्ष्ण थी एवं अपने गुरुजनों से वे अक्सर शास्त्रार्थ भी किया करते थे। भगवान महावीर के जीवन में एक मतवाले हाथी को अपनी शक्ति से शांत करने की कथा का भी बड़ा महत्व है। यह उस दौर की बात है, जब भगवान महावीर अपने गुरुकुल के सहपाठियों के साथ भिक्षाटन के लिए नगर में जाया करते ते। एक दिन उन्होंने देखा कि सारे लोग डर के मारे बदहवास हालत में इधर-उधर भाग रहे हैं, तो महावीर ने किसी को पूछा तो पता चला कि एक पागल हाथी गांव में घुस आया है और मदमस्त हालत में जो भी सामने आ रहा है, उसे अपने पैरों तले रौंदता जा रहा है, इसीलिए लोग अपनी जान बचाकर डर के मारे इधर-उधर भाग रहे हैं। भगवान महावीर स्वामी के साथी भयभीत हो गए और वहां भागने लगे। लेकिन भगवान महावीर स्वामी ने सभी को धैर्य रखने को कहा तथा निश्चिंत करते हुए रुकने को कहा। अगले ही पल भगवान महावीर स्वामी उस पागल हाथी के पास पहुंचे और निडरता के साथ उसकी सूंड को पकड़ लिया तथा धीमे धीमे उस हाथी को वश में करके शांत कर दिया। हाथी भी ऐसा शांत हुआ कि जैसे पहले कुछ हुआ ही नहीं था। फिर, तो माहौल ऐसा बदला कि लोग जो भयभीत होकर इधर उधर भाग रहे थे, वे भी शांत होकर हाथी के पास आ गए तथा उसे वश में करने वाले भगवान महावीर स्वामी की जय बोलने लगे, हाथी के शांत स्वरूप को देखकर सभी ग्रामीणजनों को बहुत आश्चर्य हुआ। लेकिन वे भगवान महावीर स्वामी के जीवन के पहले के किस्सों से वाकिफ थे, अतः समझ रहे थे कि वे अत्यंत बलशाली हैं, तथा बल का कहां, कब, किस प्रकार से प्रयोग करना है, उसका भी उन्हें पता है। भगवान महावीर दरअसल, अपनी ध्यान से अर्जित शक्ति से सामने वाले किसी की भी शक्ति की दिशा को मोड़ना जानते थे। निश्चित रूप से वे कोई हाथी से अधिक बलवान नहीं थे, किंतु उन्हें पता था कि हाथी को कैसे वश में करना है। अर्थात, जीवन में चाहे कोई व्यक्ति या परिस्थिति कितनी भी शक्तिशाली हो, उसे वश में किया जा सकता है, बशर्ते अपनी शक्ति का संयोजन सही से किया जाए। गुरुकुल में पढ़ने वाले भगवान महावीर स्वमी ने बाल्यकाल में ही मतवाले हाथी का मानमर्दन करके हमें सिखाया है कि संयम ही जीवन का श्रेष्ठ रास्ता है।

ASHIKA
GROWING & SHARING WITH YOU
A well-diversified
Global Financial Conglomerate



On This Happy Occassion
May Lord Mahavir Fulfill Your
All Dreams & Wishes And Bless You A
Happy & Successful Life Ahead!!
Happy Mahavir
Janma Kalyanak
Mahotsav!!

GLOBAL FAMILY OFFICE SERVICES
Serving Global Family Offices to have Asia exposure across Asset Classes

ASHIKA INDIA ALPHA FUND (CAT III AIF)
A tailor-made fund for Global Family Offices

INSTITUTIONAL SERVICES DESK
80+ FIIs & DIIs trade on our platform

INVESTMENT BANKING & DEBT SYNDICATION
Helping Startups and Corporates to raise funds via structured debt and equity

MERCHANT BANKING
Listing, De-listing, Mergers & Acquisitions for corporates

RETAIL BROKING SERVICES
500+ touchpoints across the country

YOUR Trusted PARTNER IN YOUR FINANCIAL WELL-BEING

Get intouch with us:
Mr. Shrey Shah
+91 98334 98734
www.ashikagroup.com

Registered Office
Trinity, 226/1, A.J.C Bose Road,
7th Floor Kolkata 700020
T: (033) 40102500 F: (033) 40033254
E: ashika@ashikagroup.com

Corporate Office
1008 Raheja Centre, 214 Nariman Point,
10th Floor, Mumbai 400021
T: (022) 66111700 F: (022) 66111710
E: mumbai@ashikagroup.com

Ashika Stock Broking Ltd.: CIN: U65921WB1994PLC217071 | DP SEBI Registration No.: IN-DP-533-2020
CDSL: IN-DP-533-2020 | DPID: 12034500 | NSDL: IN-DP-533-2020 | DPID : IN303591 | Research Analyst: INH000000206
Member IDs- NSE: 08334 | BSE: 912 | MSEI: 18300 | MCX: 56415 | ICEX:1133 | NCDEX: 1286 |
AMFI Registered Mutual Fund Advisors: ARN -12417 | SEBI Registration No.: INZ000169130

*Investment in Securities market are subject to market risks, read all the related documents carefully before investing.
Clients must read Risk Disclosure Document (RDD) & Do's & Dont's before investing.

*With Best Compliments From*

RHJ

*Since 1961*

# RAMESHKUMAR HAMERLAL JAIN

**TOTAL METAL RECYCLERS**
**DEVELOPERS, MINING & MFG. METAL SALTS**

EXTRUDERS OF COPPER & COPPER ALLOYS,
ALUMINIUM & ALUMINIUM ALLOYS

**Head Office**
111/119, Thakurdwar Road, Mumbai - 400 002.
Tel. : 2201 3540, 2206 9972
E-mail : info@rhjmetals.com

**Corporate Office**
A-55, New Empire Industrial Estate,
Kondivita Road, Opp. Regent Hotel,
J.B. Nagar, Andheri (E), Mumbai - 400 059
Tel.: 4973 2016 | 4973 2017



2624 वें
महावीर
जन्म कल्याणक
महोत्सव की शुभकामनाएं!!

## ASSOCIATE CONCERNS

RHJ Industries Pvt. Ltd.
RHJ Metals Pvt. Ltd.
Dhakad Metal Corporation
Sameer Industries
D.B. Granites

MTC GROUP™
METTLE MAKES US



**Largest Metal Scrap suppliers in India catering to Foundries & Steel Plants. Manufacturers of Steel Billets, TMT Bars & MS Structural Steel. Dealers of all kinds of Ferro Alloys.**

- All kinds of Ferrous Scrap, Non-Ferrous Scrap, Ferro Alloys, Base Metals, Minor & Major Metals
- Manufacturing of TMT Bars, MS Structural Steel & Copper Tubes.
- Turnkey Demolition Projects.
- Presence all over India with scrap yards & offices.
- Global Presence in USA, UK, UAE, SINGAPORE & AFRICA for domestic & international trading.
- Automobile Dealership of Toyota - 3S facility with 4 state-of-the-art showrooms in Mumbai.

40 Years Ahead

Corporate Office: 401-404, Navkar Complex, Opp. Andheri Court, Court Lane, Andheri (East), Mumbai 400 069, INDIA.
+91-22-67872900 | info@mtcgroup.in | www.mtcgroup.in




बरसों की तपस्या का फल है, वरना ऐसा कोई महावीर नहीं होता।
महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर हार्दिक शुभकामनाएं...!

PadmaJi Group
पद्मा एवं भरत शाह



# महावीर स्वामी का जीवन मानवता के लिए एक प्रकाश स्तंभ

भगवान महावीर स्वामी का जीवन मानवता के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से यह सिद्ध किया कि आत्मा की शुद्धि और मोक्ष प्राप्त करने के लिए अहिंसा, सत्य, तपस्या और त्याग का मार्ग ही सर्वोत्तम है। उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है और हमें जीवन में संयम, करुणा और शांति का पालन करने की प्रेरणा देता है। जिन्होंने अपने जीवन के माध्यम से आत्मशुद्धि, अहिंसा, सत्य और त्याग का संदेश दिया। उनका जीवन न केवल जैन अनुयायियों के लिए बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। भगवान महावीर स्वामी ने यह सिद्ध किया कि आत्मशुद्धि के बिना मोक्ष संभव नहीं है और इसके लिए व्यक्ति को अहिंसा, संयम और तपस्या का मार्ग अपनाना आवश्यक है। उन्होंने बचपन से ही करुणा, धैर्य और संयम का पालन किया। राजकुमार होने के बावजूद उनका मन सांसारिक सुखों में नहीं लगा। 30 वर्ष की आयु में उन्होंने राजमहल, परिवार और सभी भौतिक सुखों को त्यागकर आत्मज्ञान की खोज में संन्यास ले लिया। वे सदा आत्मशुद्धि की राह पर चले तथा उसके लिए कठोर तपस्या करते रहे। संन्यास लेने के बाद महावीरजी ने 12 वर्षों तक कठोर तपस्या की। इस दौरान उन्होंने अत्यधिक कष्ट सहे, लेकिन कभी विचलित नहीं हुए। उन्होंने गहन ध्यान और साधना के माध्यम से अपने सभी कर्मों को समाप्त किया और अंततः केवलज्ञान प्राप्त किया। उनकी तपस्या और आत्मसंयम का सबसे बड़ा उदाहरण वह घटना है, जब उनके कानों में कीलें ठोक दीं, फिर भी उन्होंने अहिंसा और धैर्य का पालन किया। यह उनकी असीम सहनशीलता और आत्मशुद्धि की गहराई को दर्शाता है। उनके समस्त जीवन का निष्कर्ष यही रहा है कि मनुष्य अपने धर्म से नहीं कर्म से महान बनता है। भगवान महावीर स्वामी ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि आत्मशुद्धि ही मोक्ष प्राप्ति का एकमात्र मार्ग है। उन्होंने मानवता को अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और संयम का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उनके समय में था। यदि हम उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं, तो हमारा जीवन न केवल सुखमय होगा, बल्कि हमें आध्यात्मिक उन्नति की ओर भी ले जाएगा। भगवान महावीर कहते थे कि कर्मों की बंधन से मुक्ति पाने के लिए संयम आवश्यक है। इसीलिए, जैन धर्म में माना जाता है कि अधिकांश कर्म इन्द्रियों की अनावश्यक खोज और प्रेम के कारण होते हैं, और यह कर्म आत्मा को बंधित रखते हैं।



पृथ्वीराज कोठारी

संयम द्वारा इन्द्रियों का निग्रह किया जा सकता है, जिससे नए कर्मों की बंधना रोकी जा सकती है। अपने मन, वचन तथा कर्म पर मनुष्य को संयम रखना चाहिए, जिससे संसार के सभी लुभावने सुखों से दूरी बनी रहेगी। संयम के मार्ग पर चलने के सिद्धांत का पालन से मानव जीवन सरल होता है। कभी- कभार आपको भी विचार तो आता ही होगा कि हम जवीन-मरण, लाभ - हानि, धर्म - अधर्म तथा पाप - पुण्य तथा त्याग - तपस्या की बातें करते-करते भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव तो मनता हैं, किन साल दर साल उसे धूमधाम से मनाने के बावजूद उनकी शिक्षा की वास्तविकता से दूर होते चले जा रहे हैं।



# महावीर को मानना या उनको जानना, दोनों में से क्या ज्यादा जरूरी है ?

## जब हम महावीर को मानने की बात कहते हैं तो हमारे भीतर से एक प्रकार का अहंकार प्रदर्शित होता है। क्योंकि महावीर को मानना कोई आसान खेल नहीं हैं


भरत शाह

हम महावीर को मानते हैं। हम स्वयं को मानते हैं। अपने समाज को मानते हैं और इन सबकी वजह से ही अपनी अहमियत भी जताते हैं। लेकिन क्या सिर्फ महावीर को मानना ही पर्याप्त हैं? क्या स्वयं को मानना ही जरूरी है? या सिर्फ अपने समाज को मानने से ही हमारी अहमियत बढ जायेगी? हम में से ज्यादातर लोग जब समाज की बात करते हैं तो वे संकुचित मानसिकता की वजह से समाज का अर्थ सिर्फ जैन समाज को ही मानते हैं। जबकि महावीर के लिए समाज का अर्थ समस्त मानव समाज था। जब हम स्वयं के बारे में सोचते हैं तो हम केवल अपने हित को देखते हैं, अपनी वजह से दूसरों को पहुंचे कष्ट के बारे में नहीं सोचते। जबकि महावीर का दर्शन तो स्वयं के बारे में चिंतन करने का था ही नहीं, उनका तो दर्शन ही अपने जीवन का अवलोकन करने का था और सर्वप्रथम अपने आचरण को सुधार कर औरों को सुख देने से संबद्ध था। इसलिए जब हम कहते हैं कि हम महावीर को मानते हैं तो सत्य यह है कि हम वास्तव मे महावीर को जानते ही नहीं। क्योंकि जब हम महावीर को मानने की बात कहते हैं तो एक हमारे भीतर से प्रकार का अहंकार प्रदर्शित होता है। क्योंकि महावीर को मानना कोई आसान खेल नहीं हैं। महावीर हमारी आत्म चेतना को जगानेवाले महान तत्वज्ञानी व्यक्ति थे जिन्होंने अपनी समस्त संचित ऊर्जा को संपूर्ण मानव समाज की चेतना को जगाने के लिए रूपांतरित कर दिया था। लेकिन हम ऐसा कुछ नहीं कर सकते, क्योंकि महावीर को जानते ही नहीं। इसलिए महावीर को हम मानते हैं यह अहंकार करने की आवश्यकता नहीं है। महावीर को मानना तो, समस्त मनुष्यता को आंगीकार करने जैसा है।

अब, सवाल यह है कि महावीर को केवल मानना जरूरी है या पहले जानना जरूरी है। वास्तविकता तो यह है कि जब तक हम किसी को जानते नहीं तब तक किसी को मान ही नहीं सकते। लेकिन हम देखते रहे हैं कि हमारे पूर्वज महावीर को मानते थे, हमारे बाप -दादे महावीर को मानते थे। हमारी दादी - नानी महावीर की पूजा करती थी। हमारी माँ महावीर को मानती थी, इसलिए हम भी महावीर को मानने लग गये। इसके अलावा महावीर को मानने का हमारे पास और कोई विशेष कारण नहीं है। वंश परंपरा, सामाजिक परिवेश और अपने आसपास के लोगों की मान्यताओं को हमने ओढ लिया और हम भी उनकी तरह महावीर को मानने लगे। वास्तव में मानना भक्ति है, और जानना ज्ञान है। संसार में ज्ञानी सदा श्रेष्ठ हुआ है और भक्त केवल मान्यताओं पर आधार रखता हुआ सदासर्वदा आहत भाव से जीता रहा है। उसके पास जानने का कोई रास्ता न होने के बावजूद मानने के सारे तर्क मौजूद है क्योंकि मनुष्य ने जानने के लिए पता नहीं कब अपना मस्तिष्क खपाना ही छोड दिया है और मानने के लिए उसे कुछ करना नहीं पडता, इसके लिए व बिना जाने ही सिर्फ मानने लग गया। क्योंकि घर के, परिवार के, जाति के समाज के और हमारे आसपास के लोग जो मानते है वह हमने भी माना है। हम महावीर को इसीलिए माने जा रहे हैं कि वे हमारे भगवान हैं। लेकिन भगवान है, तो भगवान को पहले जानो तो सही। मेरा स्वयं से और आप सबसे भी यही कहना है कि आप और हम सब महावीर को मानते तो हैं, लेकिन इस महावीर जन्म कल्याणक अवसर पर यह निश्चय करें कि पहले महावीर को जाने, समझें और अपने जीवन में उतारें, तब जाकर उन्हें मानना हमारे जीवन के लिए सार्थक होगा, वरना तो मानते रहिए, कोई खास अर्थ निकलने वाला नहीं हैं।



# महावीर की राह मुश्किल, मगर चलना हैं उसी पर

भगवान सबके होते है, भगवान महावीर भी सबके है। उनके, इनके, आपके, हमारे और सबके। सबके इसलिए, क्योंकि उन्होंने किसी एक व्यक्ति, एक परिवार, एक वंश, एक वर्ग, एक वर्ण, एक जाति, एक समुदाय, एक संप्रदाय अथवा एक धर्म के कल्याण की बात नहीं की। बल्कि उन्होंने जीव मात्र का, सबका कल्याण किया। क्या पशु, क्या मानव , क्या स्त्री और क्या पुरुष, सभी को जीने की राह बताई। लेकिन हम ही उस राह से भटक गए। उन्होंने अपने सिद्धांतों, शिक्षाओं और जीवन शैली से हमारे जीने की राह को समृद्ध किया, किंतु हम उस समृद्धि को सहेजने के लायक भी नहीं बन पा रहे है, यह चिंता का और चिंतन का, दोनों का विषय है।

भगवान महावीर ने संसार की सत्य सिखाया, हम झूठ बोलने लग गए। उन्होंने अहिंसा में जीवन का सार समझाया, हम मार काट मचाने लग गए। उन्होंने अपरिग्रह का मार्ग बताया, हम संग्रह में ही समस्याओं का निवारण तलाशने लग गए। उन्होंने अस्तेय का सिद्धांत दिया, मगर उसके विपरीत आचरण करने लग गए। और उन्होंने ब्रह्मचर्य के द्वारा जीवन में खुश रहने का मार्ग दिखाया, तो हम कामेच्छाओं की पूर्ति की कामनाओं में ही मस्त रहने लगे। अपनी इन पांचों जीवन शिक्षाओं से भगवान महावीर ने जीवन में संयम सिखाया। लेकिन हम तो हर मामले में



असंयमित होते जा रहे है। आज तेजी से बदलते जीवन मूल्यों, नष्ट होती भावनाओं और मुक्त होती मानवत के संकटकालीन दौर में हमें यह समझना होगा कि भगवान महावीर की शिक्षाओं का सार संयम में ही निहित है। संयम बिना कुछ भी नहीं। महावीर का मानना था कि संयम ही वह कुंजी है जो जीवन को सार्थक और सुखी बनाती है। लेकिन आज हम हर क्षेत्र में असंयम की ओर बढ़ रहे हैं-चाहे वह हमारा खान-पान हो, व्यवहार हो, या सोचने का तरीका। हमने उनकी शिक्षाओं को केवल शब्दों तक सीमित कर दिया और उनके आचरण को भुला दिया। यह विडंबना है कि जिस मार्ग को अपनाकर हम अपने जीवन को ऊंचाइयों तक ले जा सकते थे, उसे हमने नजरअंदाज



निरंजन परिहार

कर दिया। भगवान महावीर का जीवन स्वयं एक जीवंत उदाहरण था। उन्होंने राजसी वैभव त्यागकर कठोर तप और साधना के बल पर आत्मज्ञान प्राप्त किया। उनका संदेश था कि सच्चा सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि में है। आज के भौतिकवादी युग में उनकी यह बात और भी प्रासंगिक हो जाती है। हमें यह समझना होगा कि उनकी शिक्षाएं केवल धार्मिक उपदेश नहीं, बल्कि एक व्यावहारिक जीवनशैली हैं। यदि हम उनके मार्ग पर चलें, तो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर शांति प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि हमारे समाज और समस्त विश्व में भी हम सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

अंत में, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम महावीर के दिखाए मार्ग पर चलें और अपने जीवन में संयम, सत्य और अहिंसा को स्थान दें। यह समय है कि हम अपने भटकाव को पहचानें ताकि हमारा जीवन वास्तव में समृद्ध और सार्थक बन सके। हालांकि यह कहना बहुत आसान हैं और करना बहुत मुश्किल हैं लेकिन महावीर की राह पर चले बिना हम जैन तो नहीं बन सकते, यही सच्चाई हैं।

# भगवान महावीर स्वामी के जन्म से पूरे जग में हुआ उजाला



मदन शाह

**महावीर स्वामी ने जब माता त्रिशला के यहां जन्म लिया तो सारे लोक में एक दिव्य प्रकाश फैल गया था। भगवान महावीर के बारे में सुनी जाने वाली कथाओं में कहा जाता है कि उस महान आत्मा के पृथ्वी पर जन्म के समय जो दिव्य प्रकाश फैला तो उसके प्रभावशाली उजाले से नरक में भी कुछ देर के लिए अंधेरा समाप्त हो गया था।**

भगवान महावीर के जीवन को समझना तथा उसके अनुरूप अपने जीवन को ढालना किसी भी सामान्य व्यक्ति के लिए भी बहुत ही सरल है। लेकिन ऐसे सरल काम भी ज्यादातर सामान्य लोग नहीं कर पाते, क्योंकि हमारे चारों तरफ जीवन के इतने सारे झंझट हमने खड़े कर दिए हैं कि मुक्त ही नहीं हो पाते, जबकि महावीर का तो मार्ग ही उन मुक्ति का मार्ग है। कहते हैं कि महावीर स्वामी ने जब माता त्रिशला के यहां जन्म लिया तो सारे लोक में एक दिव्य प्रकाश फैल गया था। भगवान महावीर के बारे में सुनी जाने वाली कथाओं में कहा जाता है कि उस महान आत्मा के पृथ्वी पर जन्म के समय जो दिव्य प्रकाश फैला, तो उसके प्रभावशाली उजाले से नरक में भी कुछ देर के लिए अंधेरा समाप्त हो गया था। कहते हैं कि महावीर के जन्म के उपरांत इंद्र पृथ्वी पर आकर कुछ देर के लिए उन्हें अपने साथ ले गए जहां उनका अभिषेक किया गया, फिर वापस लौटाया। लेकिन ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार महान तीर्थंकर प्रभु महावीर का जन्म होने पर महोत्सव के लिए देवों के देवों का आना बताया गया है। देवों ने अमृत की वर्षा की, सुगंधित द्रव्यों से उन्हें नहलाया, गुलाब, कमल आदि मांगलिक फूलों से उनका पूजन किया एवं सोने, चांदी व रत्नों की वृष्टि की। फिर भी भगवान महावीर का कहना था कि मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से ही महान होता है।



किशोर कोठारी

**भगवान महावीर ने केवल जैन धर्म को लोगों को ही नहीं बल्कि समस्त संसार के सभी लोगों को जीवन जीने की सरलतम कला बताई, तथा जो लोग उनकी इस राह पर चल रहे हैं, वे ही सभी जैन है।**

# महावीर ने बताई जीवन सफल बनाने की सरलतम राह

किसी ने बिल्कुल सही कहा है कि कहने को भले ही भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे, लेकिन वास्तव में तो वे जैन धर्म के जरिए जीवन जीने का सरलतम तरीका सिखाने वाले प्रथम मार्गदर्शक थे। हम भले ही उनको भगवान, तीर्थंकर, परमात्मा तथा किसी भी विशेषण से नवाजें, लेकिन जिनको सच्चे अर्थों में समस्त जीवन का सत्य से साक्षात्कार कराने वाले महान आत्मा के रूप में हमारे जीवन में स्थान मिला हुआ है।

भगवान महावीर ने केवल जैन धर्म को लोगों को ही नहीं बल्कि समस्त संसार के सभी लोगों को जीवन जीने की सरलतम कला बताई, तथा जो लोग उनकी इस राह पर चल रहे हैं, वे ही सभी जैन है। भगवान महावीर ने हम सभी को सफल जीवन और आत्मिक व मानसिक शांति की प्राप्त करने की जो सबसे सरलतम राह बताई, उसका कोई विकल्प नहीं है। वह राह सर्वोपरि है, क्योंकि वे किसी से भी जाति वर्ग या व्यक्ति से किसी भी तरह का कोई भेद नहीं करते थे, वे सभी को जीवन के कल्याण का मार्ग बताते थे। भगवान महावीर ने 30 वर्ष की आयु में राजमहल सदा के लिए छोड़ा तथा लगातार 12 वर्षों तक कठोर तप करके अपनी चेतना को वश में करके समस्त इन्द्रियों पर विजय प्राप्त की थी। अपने इसी प्रखर तप के बल पर वे वीर से महावीर बने तथा महावीर से तीर्थंकर बने।


JOYO
An Amazing Range Of
Household Products
Better Homes Premium
INDIA'S FIRST
100% Microwave Safe stainless steel
LEAKPROOF FOOD CONTAINER
100% Microwave Safe
Better Homes Premium
Better Homes Premium
www.joyo.in
Max Safe
STEELMAX
PLASTICS
CLEAN MAX
TOYS

With Best Compliments
Form

Bharat Jain
President
M : 98210 35035

Rupam Export
MANUFACTURERS & EXPORTERS GARMENTS
106 HighTech Caves Road, Jogeshwari (East),
Mumbai - 400 060. Tel.: 022-4203 7777
Email : bharat@rupam.com
Website: www.rupam.com

Latest Style Design

Dipen Jain
Director
M : 98200 35036
dipen@lsd.in

LSD LIFESTYLES PVT. LTD.
MANUFACTURERS & EXPORTERS GARMENTS
118 High Tech Ind. Centre, Caves Road, Jogeshwari (East)
Mumbai - 400 060. INDIA
Tel.: +91-22- -4203 7700 | Site: www.lsd.in

Dipen Jain
(Founder)
M : 98200 35036

FORES CREATORS
Enviro Creators Foundation
119, High Tech Industrial Estate, Caves Road,
Jogeshwari (East), Mumbai - 400 060
www.forestcreators.com | Email : plant@forestcreators.com



2624 वें
महावीर
जन्म कल्याणक
महोत्सव की शुभकामनाएं!!

त्याग की बात तो हर कोई करता है
सत्य का नारा तो हर कोई कहता है।
उतारे कथनी को करनी बनाकर जीवन में
ऐसा महावीर तो एकाध हुआ करता है।



J.B. Jain
M : 98200 35035



सत्य अहिंसा धर्म हमारा, नवकार हमारी शान है
महावीर जैसा नायक पाया, जैन हमारी पहचान है।

2624 वें भगवान महावीर

स्वामी के पावन जन्म कल्याणक
दिवस कि हार्दिक शुभकामनाएं..!!

शुभेच्छुक

श्री. इंदर जैन — सौ. आशा इंदर जैन
श्री. आलेख जैन — सौ. रिद्धी आलेख जैन
श्री. अनुराग जैन — सौ. अपेक्षा अनुराग जैन

रीवान, अविराज एवंम् जैन परिवार, पुणे




APPL™
PLASTIC ENGINEERING

APPL INDUSTRIES LTD
APPL GOR PLASTICS INDIA PVT. LTD.
AUTODYNAMIC TECHNOLOGIES & SOLUTIONS PVT. LTD
ECOAIR COOLING SYSTEMS PVT. LTD.
APPL GLOBAL INFOTECH PVT. LTD.

APPL INDUSTRIES LTD.

## हमारी चेतना के केंद्र हैं भगवान महावीर स्वामी



जयंतीलाल छाजेड़

महावीर जन्म कल्याणक के महान अवसर पर मेरा तो यही कहना है कि यह एक आस, पावन दिन है, जो हमारे जीवन को धन्य करने का सामर्थ्य रखता है। भगवान महावीर स्वामी हमारे आराध्य तो हैं ही, वे हमारी चेतना के केंद्र भी हैं। हमारे तन,मन और वचन में जो चेतना है, उसके केंद्र में वे ही है, अतः हम जब भी अपने तन से कोई क्रिया करें, वचन से कोई प्रतिक्रिया करें और अपने मन में कोई भाव जन्म ले, उसके साथ ही हम भगवान महावीर स्वामी का स्मरण जरूर कर लें, ताकि हमारे कर्म में भगवान महावीर का प्रतिबिंब हो। भगवान महावीर स्वामी की दी हुई शिक्षाएं हमारे जीवन की एक ऐसी शक्ति है, जिनके बारे में हमारे लाखों साधु - संतों व आचार्य भगवंतों ने राष्ट्र के हर कोने में अलख जगाई है, ताकि सभी का कल्याण हो सके।

## भगवान महावीर के मार्ग पर चलना ही जैनत्व



मोहनलाल शेठ

एक पारंपरिक जैन परिवार में जन्म लेने के कारण मैंने अपने जीवन काल में बचपन से ही कई महान मंदिरों के दर्शन किए, अनेक बड़े बड़े तीर्थों की यात्राएं की तथा कई साधु भगवंतों के दर्शन किए, प्रवचन सुने तथा आशीर्वाद लिया। उन सभी दर्शनों, यात्राओं तथा साधु - संतों के प्रवचनों का सार यही रहा कि हमें सदा ही भगवान महावीर के मार्ग पर चलना है। सत्य कहूं, तो हर साल भगवान महावीर का जन्म कल्याणक या कोई अन्य धार्मिक प्रसंग भी आता है, तो बचपन से लेकर अब तक की गई जीवन की सारी तीर्थ यात्राएं, हर साधु भगवंत को प्रवचनों का सार तथा मंदिरों के दर्शन किसी सिनेमा की तरह आंखों के समने तैरने लगते हैं। मुझे ऐसा लगता है कि मेरे मन में जैनत्व बसा होने का यही सबूत है, तथा यही जीवन में महावीर जन्म कल्याणक की उपस्थिति है।

## जन्म कल्याणक का पावन पर्व, अर्थात नई प्रेरणा



समीर लखानी

समस्त संसार में हमारे महानतम जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी बहुत बड़ी शक्ति है। यही शक्ति, हमारे धर्म को मानने वाले सभी लोगों के विकास के लिए एकजुट हो रही है। महावीर की महानता और तीर्थंकरों की ताकत ने, जैन धर्म की महान परंपराओं को गढ़ा है। मेरी कामना है, हम जैन धर्म के एक श्रावक होने के नाते, अनन्य भक्ति भाव से, अपने तीर्थंकरों का पुण्य स्मरण करते हुए, महावीर जन्म कल्याणक के इस पावन पर्व पर हम नई प्रेरणा लेते हुए, नए संकल्पों को साथ लेकर जीवन के पथ पर आगे चलें। हम नवकार महामंत्र को जीवन का मंत्र बनाएं, भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा, अचौर्य, अपरिग्रह व ब्रह्मचर्य के सिद्धांत को अपनाएं, जनसेवा, जीवसेवा तथा समाजसेवा में ही जिनशासन की सेवा के भाव से स्वयं को समर्पित करें।

## हम महावीर की संतान, हमारा कोई अहम नहीं



प्रवीण साकरीया

जैन धर्म में जन्म लेना एक महान पुण्य का फल है। यदि हमारे पुण्य नहीं होते, तो हमें इतने महान धर्म में जन्म का अवसर ही नहीं मिलता। मेरा मानना है कि हमारा ये मनुष्य जन्म कई जन्मों के पुण्य का प्रताप है, तथा जैन धर्म में जन्म होना तो और भी कहते हैं कि हजारों जन्मों के पुण्य का प्रताप है। हम गर्व से कहते हैं कि हम महावीर की संतान है, तो यह हमारा कोई अहम नहीं, बल्कि हमें हमारी अहमियत का अहसास होता है कि हमारा दायित्व बोध जिंदा है। इस बार की महावीर जन्म कल्याणक पर मेरा ये संकल्प और दृढ़ हुआ है कि हम जैन होने के नाते केवल अपने धर्म के लोगों की ही चिंता न करें, बल्कि समस्त मनुष्य जाति के जीवन के कल्याण के काम करे, ताकि हमारा मनुष्य जन्म सफल हो सके। भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएं।

## जैन धर्म की शक्ति के विराट स्वरूप का दर्शन



राजेश पुनमिया

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर हमें प्रत्येक कार्य को करते हुए सदा ही भगवान महावीर स्वामी के स्मरण के साथ उनके बताए मार्ग पर चल कर अपने जीवन को स्राथ बनाना है। हम जैन धर्म के अनुयायी हैं तथा यह वो महान धर्म है, जिसके प्रवर्तक स्वयं भगवान महावीर स्वामी हैं। गरीब हो या अमीर, राजा हो या रंक, भगवान महावीर स्वामी ने अपने जीवन काल में तो हमें जीवन की सच्चाई के बारे में जागरूक किया ही, वे आज भी हमें प्रेरणा दे रहे हैं, इसकी अनुभूति हम सभी को समय समय पर होती रहती है। जैन धर्म की इस शक्ति के विराट स्वरूप को हमने पूरी तरह से नहीं जाना है, यह हमारी कमजोरी है। लेकिन इस शक्ति को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की ओर मोड़कर हम वर्तमान समय के दुष्परिणामकारी के प्रभावों से मुक्त हो सकते हैं।

## जीवन मूल्यों की समृद्धि का पर्व है जन्म कल्याणक



अमित सोनी

कुंडलपुर के सम्राट सिद्धार्थ के पुत्र एवं जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के उपासक होने के नाते उनके जन्म कल्याणक अवसर पर हमारी यह जिम्मेदारी है कि व्यक्ति चाहे छोटा हो या बड़ा, हर व्यक्ति को आत्मा का प्रतिरूप मानते हुए हमारी खुशियों में सम्मिलित करते हुए अपनी क्षमता के अनुसार महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का उत्सव जरूर मनाएं। ये सामाजिक व धार्मिक समरसता का महान अवसर हमें प्रेरणा देता है कि हम अपनी जीवनधारा को स्वच्छ रखें, तथा इस संसार की चेतना को जागृत करने वाले हमारे जीवन मूल्यों को निरंतर मजबूत करते रहें। मैं जानता हूं, इतने विशाल पैमाने पर सोचना हर किसी के लिए आसान नहीं हैं। लेकिन हमें इस दिवस पर कुछ न कुछ जरूर करना चाहिए, तभी हम भगवान महावीर के सच्चे अनुयायी बने रहेंगे।

# संपूर्ण मानवता की महानता का महापर्व है महावीर जन्म कल्याणक



गौतम चौधरी

**भारत में लगभग हर प्रदेश में जैन धर्म का यह पवित्र त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है, तथा इसी वजह से जैन धर्म का प्रभाव समस्त भारतीय संस्कृति, साहित्य और दर्शन पर गहरे स्वरूप में देखा जा सकता है। जैन धर्म के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य तथा ब्रह्मचर्य के सिद्धांतों का हर मनुष्य के जीवन में बड़ा महत्व जितना आज है, उतना ही आगे भी रहेगा तथा पहले भी व्यापक पैमाने पर रहा है।**

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव केवल जैन समाज का धार्मिक पर्वही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की महानता का महापर्व है। भगवान महावीर स्वामी की दी हुई शिक्षाएं सदियों के बाद भी आज तक हमें सत्य, अहिंसा और संयम के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं, तथा आने वाली हजारों सदिओं तक ये शिक्षाएं समस्त संसार की प्रेरणा का बीज बनकर पल्लवित होती रहेंगी। चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की 13 को कुंड़लपुर में इश्वाकु राजवंश की माता त्रिशला की गोद से राजा सिद्धार्थ के राजपरिवार में जन्मे भगवान महावीर स्वामी के बताए जीवन मार्ग पर चलने के साथ साथ उनके उपदेशों का पालन करते हुए हम अपने जीवन जीने के तरीकों से न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन में शांति प्राप्त करते हैं, बल्कि समस्त विश्व में भी शांति, सद्भावना और प्रेम का संदेश भी प्रसारित करते हैं।

भारत में लगभग हर प्रदेश में जैन धर्म का यह पवित्र त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है, तथा इसी वजह से जैन धर्म का प्रभाव समस्त भारतीय संस्कृति, साहित्य और दर्शन पर गहरे स्वरूप में देखा जा सकता है। जैन धर्म के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य तथा ब्रह्मचर्य के सिद्धांतों का हर मनुष्य के जीवन में बड़ा महत्व जितना आज है, उतना ही आगे भी रहेगा तथा पहले भी व्यापक पैमाने पर रहा है। इतिहास गवाह है कि सम्राट अशोक और सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य जैसे संसार के दिग्विजयी महान महाराजाओं ने भी भगवान महावीर स्वामी की जीवन शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाया और उन्हें जन-जन तक पहुँचाते हुए अपने जीवन में भी जैन धर्म के तत्व सजाकर रखे। वर्तमान समय में भी जैन धर्म का प्रभाव व्यापार, समाजसेवा, जीवदया और आध्यात्मिकता के क्षेत्र में देखा जा सकता है। भगवान महावीर स्वामी का सबसे बड़ा संदेश मानवता की महानता को निखारने का है। उनका मानना था कि प्रत्येक जीव, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, जो जीवन में आया है, उसे सभी के समान रूप से जीने का अधिकार रखता है। उन्होंने हिंसा, क्रुरता और भेदभाव को समाप्त करने का आह्वान किया। उनकी दूसरी महत्वपूर्ण शिक्षा सत्य की शक्ति पर आधारित थी। भगवान महावीर स्वामी ने कहा कि सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति ही वास्तविक सुख और शांति प्राप्त कर सकता है। आज के समय में जब समाज हिंसा, असत्य और लालच की जकड़ में है, महावीर स्वामी की शिक्षाएं अधिक प्रासंगिक हो गई हैं।

राजसी सुखों का त्याग करके तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने अपना संपूर्ण जीवन संन्यास और तपस्या में बिताया। उनके जन्मोत्सव के रूप में मनाए जाने वाले महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर समस्त संसार के जैन अनुयायी उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने के लिए उपवास, पूजा-अर्चना, प्रवचन और दान-पुण्य व जीवदया के धार्मिक कार्य करते हैं। भगवान महावीर के सिद्धांतों को न केवल जैन धर्म में बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत माना जाता है, इसीलिए भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के रूप में मनाए जाते रहे हमारे सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार महावीर जन्म कल्याणक महापर्व को संपूर्ण मानवता की महानता के महापर्व के रूप में जाना जाता है।





|| Shree Nakodaji ||
चांदी से है हर नारी का श्रृंगार
May the festival of joy become more beautiful for you and family. All your new ventures get success and progress.
ADS®
Traditional Silver Jewellery
Anand Darshan Silvers
MUMBAI
2624 वें महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएं!!
267, 408/4th Floor, Kanak Chember, 269, Kalbadevi Rd, opp. Adarsh Hotel, Mumbai, Maharashtra 400002




DARSHAN
Valji®
INDIA'S UNIFORM EXPERTS

spunshades
by Birla Cellulose

INTRODUCES FADE RESISTANT UNIFORM FABRICS

Manufacturer & Supplier of Uniform Fabrics | Our Dealer Network Across India & Abroad

Follow Us:

www.darshanvalji.com

|| Om Mahaviray Namah ||

SEVA • KNOWLEDGE • ECONOMIC EMPOWERMENT — JITO

**PARMAR PROPERTIES ®**

Building Relationships

## JAIN DILIP PARMAR JITO GROUP

• अहिंसा परमो धर्म •



प्रभु महावीर की, करूणा का कोई जवाब नहीं
असीम कृपा है प्रभु की, उसका कोई हिसाब नहीं
जिसने उनकी मूरत पर, अपना दिल वार दिया
महावीर ने उनकी नैया को, भव सागर से तार दिया।



२६२४ वें
भगवान महावीर के
# जन्मकल्याणक महोत्सव
पर शुभकामनाएं!



AT MAHALAXMI
ULTRA SPACIOUS
2, 3, 4 & 5 BHK Residences



AT MAHALAXMI
ULTRA SPACIOUS
2, 3, 4 & 5 BHK Residences



AT MAHALAXMI
ULTRA SPACIOUS
2, 3, 4 & 5 BHK Residences



AT PRABADEVI
ULTRA SPACIOUS
3, 4 & 4.5 BHK Residences

208, Peninsula Center, Dr.S.S. Rao Road,Parel, Mumbai, 4000 12.

Website :- Parmarproperties.in

+91 9819120161 | 022 66669733 | +91 9323041133


Spring/
SUMMER
collection'25
NOW IN STORE
DUKE
TRULY INDIAN SINCE 1966
www.dukeindia.com
APPARELS | FOOTWEAR | ACCESSORIES
follow us on:

# महावीर जन्म कल्याणक का संदेश सच्ची शांति मन के भीतर है



जसवंत मुणोत

**भगवान महावीर ने कर्म के सिद्धांत का दृढ़ता से पालन किया और बताया कि यह हमारे कर्म ही हैं, जो हमारे भाग्य का निर्माण करते हैं। भगवान महावीर का जीवन और उनके संदेश आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, और उनकी प्रदान की हुई धर्म शिक्षाओं का पालन करके संसार में मनुष्य समस्त मानव समाज में शांति, सहमति और समृद्धि की राह को मजबूत करने में सक्षम हो सकता है।**

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन महान था। उन्होंने सत्य, अहिंसा, उपरिग्रह, अचौर्य व ब्रह्मचर्य जैंसे पांच महाव्रतों का प्रचार किया, जिनके जरिए मनुष्य अपने जीवन को महान बना सकता है। भगवान महावीर स्वामी ने अपना प्रथम उपदेश बिहार राज्य में राजगृही नगरी में विपुलाचल पर्वत पर स्थित किया था। उन्होंने अपना उपदेश राजा श्रेणिक को दिया, ज्यादातर लोग महावीर स्वामी के उस उपदेश को वीर शासन उदय के रूप में जानते हैं। महावीर स्वामी ने अपने प्रथम उपदेश में समस्त संसार के जीवन उत्सर्ग की शिक्षा दी। अहिंसा के सिद्धांत में किसी भी जीव को मारना - काटना तो बहुत दूर की बात है, उसे शारीरिक या मानसिक कष्ट न देना भी सर्वोपरि माना जाता है। इसी प्रकार से सत्य के मार्ग पर चलते हुए सदैव सत्य बोलना और सत्य का अनुसरण करना जीवन को श्रेष्ठ बनाने का मार्ग है, तो अपरिग्रह का सिद्धांत अर्थात अधिक संग्रह न करना और मोह-माया से दूर रहने से जीवन सरल तथा धर्ममार्गी बनता है। अचौर्य अर्थ न केवल चोरी करने से से नहीं बल्कि किसी की वस्तु को किसी की भी बिना अनुमति न लेना है, जिसको जीवन में अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन में संयम मार्ग पर चलने को आसान कर सकता है। भगवान महावीर स्वामी की पांचवी तथा अंतिम शिक्षा है ब्रह्मचर्य, जिसका अर्थ है कि इंद्रियों पर संयम रखकर आत्मा की शुद्धि पर ध्यान देना। उन्होंने इन्ही पांच सिद्धांतों पर चलते हुए निर्वाण प्राप्त किया तथा इन पांच जीवन सिद्धांतों को हमारे लिए एक विरासत के रूप में संसाग को दे गए। भगवान महावीर ने लगभग 30 वर्षों तक उपदेश दिए और लोगों को मोक्ष का मार्ग दिखाया। उनका संयमित, त्यागी तथा संन्यासी जीवन और सत्य, अहिंसा, उपरिग्रह, अचौर्य व ब्रह्मचर्य जैसे पांच महाव्रतों की शिक्षाएं आज भी न केवल जैन धर्म के अनुयायियों बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। भगवान महावीर ने मानवता को आत्मशुद्धि का मार्ग दिखाते हुए अहिंसा, सत्य और त्याग का संदेश दिया। उनका जीवन यह प्रमाणित करता है कि सच्ची शांति बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि आत्मज्ञान और आत्मसंयम में है। उनकी शिक्षाएँ आज भी प्रासंगिक हैं और मानवता को नई दिशा देने का कार्य कर रही हैं।

हम उनके बताए गए मार्ग पर चलें, तो न केवल आत्मशुद्धि प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि संपूर्ण समाज में शांति, प्रेम और सद्भावना भी स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने हमें मार्ग दिखाया कि क्षमा करने से हम अपने आप को भी शुद्धि, सुख और आनंद प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने संसार को भातृत्व का पाठ पढ़ाया तथा एक ऐसे जैन धर्म के रूप में एक ऐसे जीवन-दर्शन का प्रतिपादन किया जिसका एकमात्र उद्देश्य मानव जीवन की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर सुधार करना था। उन्होंने कर्म के सिद्धांत का दृढ़ता से पालन किया और बताया कि यह हमारे कर्म ही हैं, जो हमारे भाग्य का निर्माण करते हैं। भगवान महावीर का जीवन और उनके संदेश आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, और उनकी प्रदान की हुई धर्म शिक्षाओं का पालन करके संसार में मनुष्य समस्त मानव समाज में शांति, सहमति और समृद्धि की राह को मजबूत करने में सक्षम हो सकता है।



महावीर जन्म कल्याणक की शुभकामनाएं

AVOCAB®
WIRES & CABLES
BY CHANDRESH CABLES LIMITED




Ahmedabad • Bengaluru • Chennai • Hyderabad • Mumbai • New Delhi • Pune • Surat • Vadodara
CE RoHS | www.avocab.com | sales@avocab.com

# जीवन के प्रत्येक पहलू पर भगवान महावीर स्वामी के उपदेश हमें सही मार्ग दिखाते हैं।





माणिकलाल शाह

अपने जन्म से लेकर अंतिम दिवस तक, आजीवन संसार के कल्याण व समाज के उत्थान प्रत्येक व्यक्ति के मोक्ष की कामना के लिए कार्य करने वाले भगवान श्री महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। महावीर स्वामी ने अपने जीवनकाल में पारलौकिक शिक्षा प्राप्ति के लिए 12 वर्ष की कठिन तपस्या के बाद दिव्य ज्ञान प्राप्त किया, व जीवन भर समाज के सामान्य व्यक्ति के जीवन के हितों को सर्वोच्च रखा तथा उनका उपकार किया। उन्होंने ज्ञान, धर्म, शिक्षा, आचरण तथा सम्यकता के सिद्धांत के तहत प्रत्येक शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य जीवन भर किया। मानव समाज में आदर्शों की स्थापना हो, और प्रत्येक मानव के जीवन में हर एक के प्रति होने वाले चरण में उच्च विचारों का समावेश हो सके, सामान्य से सामान्य व्यक्ति को भी उसके जीवन की वास्तविकता और उसके अस्तित्व का ज्ञान होने के साथ साथ जीवन के अंतिम मार्ग का जीते जी ही आभास हो सके, इसके लिए भगवान महावीर स्वामी ने संसार के समस्त प्राणियों को जीवन के उत्सर्ग का मार्ग दिखाने के उपदेश दिए। उन्होंने अपने जीवन पर्यंत समाज के लिए कार्य किया।

भगवान महावीर स्वामी के जीवन के बारे में अनंतानंत कहानियां है, हर कहानी में भगवान महावीर का चरित्र चित्रण उनको कदम दर कदम महान बनाता है। जीवन के प्रत्येक पहलू पर भगवान महावीर स्वामी के उपदेश हमें सही मार्ग दिखाते हैं। उनके उपदेश न केवल जैन, बल्कि सभी तरह के लोगों के लिये हर तरह की सुविधानुसार किये जाने वाले कार्यों में क्या गलत है, तथा क्या सही है, यह सिखाते हुए पाप से जीवन की मुक्ति का मार्ग बताते हैं। भगवान महावीर के जीवन ज्ञान का यही सार हैं। भगवान महावीर स्वामी का जन्म वर्तमान बिहार प्रदेश के वैशाली जिले में हुआ और उनको मोक्ष की प्राप्ति पावापुरी में हुई।

उनके कार्यों की महानता का आकाश इतना व्यापक था कि संसार के प्रत्येक मनुष्य के मन के भाव में महावीर विराजमान है, किंतु मनुष्य अपने ही भावों को नहीं समझ पाता, क्योंकि उसके मन पर दुराग्रहों का अंधेरा छाया हुआ है। हम पावापुरी या वैशाली कहीं भी चले जाएं, वहां की स्मृतियों के कण-कण में महावीर की झलक देखने को मिलती है, तथा वहां से लौटकर जब हम कहीं भी जाते हैं, तो अपने मन में महावीर का व्यापकता, वास्तविकता एवं विशालता के अनुभव होने को महसूस किया जा सकता है। महावीर के पांच जीवन सिद्धांत सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य व ब्रह्मचर्य पर ही जैन धर्म टिका हुआ है। इन सभी जीवन निर्धारण का संसार सागर से मुक्ति पाकर जन्म मरण से छुटकारा देने वाले मोक्ष मार्ग से सीधा संबंध है, अतः संसार के सभी मनुष्यों को मोक्ष की प्राप्ति सभी को हो सके इसके लिए भगवान महावीर स्वामी ने गांव गांव जाकर नैतिकता की शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया। समाज में सभी लोगों के हितों का सम्मान करना और प्रत्येक जीव में भगवान के दर्शन करना उनकी शिक्षा का मुख्य कारक रहा।

उन्होंने जीवन के सारे सुखों का त्याग करके गांव गांव जाकर लोगों से मिलकर अपने आचरण के द्वारा समाज को जीवन के उत्सर्ग की शिक्षा का लक्ष्य दिया है वह अद्वितीय है। भगवान महावीर के प्रत्येक उपदेश में सदैव मोक्ष प्राप्ति के लिए कार्य करना सर्वोपरि रहा।



# महावीर कहते थे कि कठिन परिस्थितियों में भी हार न मानने वाले ही हर हाल में विकास करते हैं

समस्त संसार के प्रत्येक जीन के कल्याण के प्रयासों को तेज करने के लिए भगवान महावीर स्वामी ने राज पाट छोड़कर जंगलों में रहना तथा गांव गांव घूम कर लोगों को जीवन का सत्य समझाना स्वीकार किया। वे संसार के कल्याण की कोशिश में जगह जगह उपदेश देते थे, तथा अपने शिष्यगणों को लेकर प्राणी मात्र के जीवन में कल्याणकारी बदलाव लाने के लिए लगातार इस जगह से उस जगह के लिए घूमते रहते थे। वे इसी तरह से एक गांव से दूसरे गांव जाकर वहां पर रहने वाले लोगों को मनुष्य जीवन कितना महान है तथा इस महान जीवन को कैसे जीने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, तथा हमें जो जीवन मिला है, उसकी सच्चाई क्या है, यह समझाते थे।





अमित जैन

एक बार भगवान महावीर स्वामी अपने बहुत सारे शिष्यों को लेकर एक गांव से निकल कर दूसरे गांव की ओर जा रहे थे। कई दिनों से उनके कई शिष्य उनके साथ चल रहे थे, उनमें से एक शिष्य भगवान महावीर स्वामी से किसी बात से नाराज था एवं गुस्से में वह अपने गुरु भगवान महावीर स्वामी को ही किसी न किसी मामले में गलत साबित करने के अवसर तलाश रहा था। जाते जाते रास्ते में एक जंगल आया, तो उस शिष्य ने एक पौधे की तरफ इशारा करते हुए भगवान महावीर स्वामी से पूछा क्या इस पौधे पर कभी पुष्प खिलेंगे? तो पल भर का ध्यान करने के बाद भगवान महावीर स्वामी ने कहा - हां एक न एक दिन इस पौधे पर पुष्प अवश्य खिलेंगे, यह सुनते ही नाराज शिष्य ने भगवान महावीर स्वामी को गलत साबित करने के लिए उस पौधे को जड़ से उखाड़ कर कुछ दूर फेंक दिया एवं हंसकर पूछने लगा कि आपने तो कहा कि इस पर फूल खिलेंगे, लेकिन अब तो इस पौधे को ही उखाड़ कर फेंक दिया है, तो इसमें फूल कैसे खिलेंगे। शिष्य की प्रतिशोध की मनोवृत्ति देखकर भी भगवान महावीर स्वामी चुप रहे एवं आंखों ही आंखों में इशारा करते हुए आगे चलने के संकेत देते हुए अगले गांव की ओर बढ़ गए। वह बरसात का मौसम था, वह मौसम विहार के योग्य नहीं था, सो भगवान महावीर स्वामी को अपने शिष्यों के साथ कुछ दिन के लिए ही वहीं पर रुकना पड़ा। फिर आगे जाकर वापस वे कुछ सप्ताह बाद फिर से उसी रास्ते से लौटे, तो भगवान महावीर स्वामी अपने उस नाराज शिष्य के साथ उसी स्थल पर गए, व उस उखाड़कर फेंके हुए पौधे को देखा लेकिन वह पौधा हरा भरा और फूलों से भरा हुआ था।

शिष्य को आश्चर्य हुआ कि जिस पौधे को फेंक दिया था, उस पर फूल कैसे लग गए। हालांकि, ऐसा होने का कारण था कि बारिश का मौसम होने के कारण बहते पानी के साथ बहती मिट्टी ने पौधे की जड़ों से मिलकर जमीन से संपर्क कर लिया था। इसी कारण अब वह पौधा हरा-भरा था। महावीर बोले कि उस पौधे के भीतर जिजीविषा होने के कारण उसने कठिन हालात में भी स्वयं को जीवित रखा। शिष्य ने अपने गुरु की महानता को जान लिया था। भगवान महावीर स्वामी ने कहा कि जो कठिन चुनौतियों में भी हार नहीं मानता, उसका विकास निश्चित है।



Manufacturers and Wholesalers of
exquisite Gold Chains & ornaments.

Royal. Timeless. Versatile.

#HameshaKeLiyeRoyal



127/129, Royal House, 1st Floor,
Zaveri Bazaar, Mumbai - 400 002
**Tel.:** 23119999
**Mob.:** +91 97690 20737
**E-mail:** orders@royalchains.com
**Website:** www.royalchains.com

ROYAL CHAIN
PRIVATE LIMITED


2624 वें
महावीर स्वामी
जन्म कल्याणक महोत्सव
की शुभकामनाएं!!
त्याग, तप, सत्य व अहिंसा के शाश्वत
प्रतीक भगवान महावीर जी ने
कर्म प्रधानता से परिपूर्ण अपनी शिक्षा से
सम्पूर्ण मानव जाति के
कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया।
उनका जीवन व उनके विचार सदैव
हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।
Oswal Udhyog (India) Pvt. Ltd.
Group Since 1981
House of Colour & Chemicals
MANAK RATHOD
Dhalop / Andheri


THE HOUSE of SILVER EMPORIUM
SILVER • GOLD • DIAMONDS
SILVER EMPORIUM
GIRVÁAN
A STORY of GOLD
DIARAH
DIAMOND JEWELS
SILVER EMPORIUM • 232/234, Chamber Bhavan, 1st Floor
Kalbadevi Road, Mumbai 400002 • info@silveremporium.in

# त्याग-संयम का अद्‌भुत उदाहरण भगवान महावीर





इन्दर जैन, पुणे

जैन शब्द की उत्पत्ति संस्कृत शब्द जिन से हुई है जिसका तात्पर्य है कि उन व्यक्तियों ने अपनी अपरा प्रकृति, मनोविकारों, घृणा आदि पर विजय प्राप्त कर ली है। जैन धर्म का सही नाम जिन धर्म है जिसका अर्थ मन और इंद्रियों को जीतने वाला अर्थात आत्मजयी है। जैन धर्म में तीर्थंकर शब्द महत्वपूर्ण है जिसका अर्थ है जैन गुरु, जो चार सूत्री परंपराओं को स्थापित करता है।

जैन धर्म के अनुसार क्रोध, लालच और वासना जैसे आंतरिक शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने वाला अरिहंत कहलाता है- ये सब करने वाले पूर्व विदेह देश (वर्तमान बिहार) के तत्कालीन क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ की रानी तथा वैशाली नरेश चेटक की सर्वगुणसंपन्न पुत्री त्रिशला के गर्भ से आज से 2623 वर्ष पूर्व शनिवार, 19 मार्च को जन्म लेने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर थे। पूर्णरूपेण सुख, समृद्धि तथा राजसी ठाठबाट के वातावरण में जन्म लेने के बावजूद आरंभ से ही उन्होंने सांसारिकता के प्रति अलगाव का प्रदर्शन किया था। उस दिन को विश्व का संपूर्ण जैन समाज प्रतिवर्ष महावीर जन्म कल्याणक के रूप में पूरे उत्साह, उमंग तथा आनंद के वातावरण के रूप में मनाता है। भारतीय संस्कृति में दान का महत्वपूर्ण स्थान है। जैन धर्मावलंबियों में इस प्रवृत्ति के व्यक्तियों की संख्या पर्याप्त है, तथा इस अवसर पर गौ हत्या रोकने हेतु भरपूर दान देते हैं। महावीर के उपासक जैन धर्म पालन करने वाले चार अन्य प्रकार के दान में भी विश्वास करते हैं- ज्ञानदान, अभयदान, औषधदान, आहारदान। महावीर स्वामी का जीवन त्याग तथा संयम का अद्भुत उदाहरण हैं। जिन्होंने अपने 12 वर्ष की तपस्या में केवल 350 दिन भोजन ग्रहण किया था। महावीर का व्यक्तित्व विलक्षण था तथा दर्शन अद्वितीय जो पूरे मानव समाज के कल्याण की भावना से ओतप्रोत था। अपने दर्शन तथा उपदेशों से महावीर ने मानवीय जीवन के स्तर को सुधारने के सारे संभव प्रयास भी किए। उनके दर्शन के अंतर्गत नैतिकता आधारित व्यवहार से आध्यात्मिकता में श्रेष्ठता लाने की झलक स्पष्ट दिखाई देती थी। महावीर कर्म में पूरा विश्वास करते थे और उनका स्पष्ट मत था कि व्यक्ति का भविष्य कर्म ही निर्धारित करता है। महावीर दर्शन तथा शिक्षण के अनुसार कार्य करने से वर्तमान भ्रष्टाचार तथा हिंसा के वातावरण को नियंत्रित किया जा सकता है। महावीर बदले की भावना के कट्टर विरोधी थे- समस्या का निराकरण आपसी बातचीत से करना चाहते थे। स्मरण रहे भारत की स्वतंत्रता महात्मा गांधी ने महावीर द्वारा बताए गए अहिंसा के सिद्धांत के माध्यम से ही हासिल की थी। पूरा विश्व वर्तमान में सारी समस्याओं का निराकरण आपसी बातचीत से करने हेतु प्रयासरत है और यही महावीर दर्शन का मूलमंत्र है।

महावीर ने हर प्रकार के भेदभाव, जात पात, वर्ग भेद इत्यादि का सदैव विरोध किया और कहा- जो आप अपने लिए चाहते हो वैसा ही दूसरों के लिए भी चाहो। आज के दिन हमें संकल्प लेना चाहिए तथा शांतिदूत महावीर के उच्च आदर्शों तथा उपदेशों से विश्व के प्रत्येक समाज को इनसे अवगत कराना चाहिए- जो शांतिदूत चाहते थे और इस हेतु उन्होंने पूरे जीवन प्रयास भी किए।




ADN
THE MARK OF GUARANTEE & CREATION
Aradhana
JEWELLERS PVT. LTD.
WE HAVE RELOCATED
Expanding to serve you better
Office no. 201, 2nd Floor, ADN House, Bldg no. 157/165, Sheikh Memon Street, Zaveri Bazar, Mumbai - 400002.
9820604171 / 9820204171
eMail : aradhanakirti@gmail.com | www.aradhanajewellers.com

## दिलों में बसे हुए हैं महावीर जन्म कल्याणक के नजारे



छगनलाल सुराणा

महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर मंदिरों में लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इन लाखों लोगों को ना तो कोई औपचारिक निमंत्रण मिलता है, और ना ही कोई बुलावा। फिर भी, लोग भगवान महावीर स्वामी के मंदिरों की ओर चल पड़ते हैं। मन में पवित्रता का भान लिए भगवान के दर्शन करके, ध्यान लगाकर धन्य समझते हैं। हम महावीर जन्म कल्याण के वे नजारे कभी भूल नहीं सकते। शोभायात्रा में बजती शहनाईयों की गूंज, मंदिरों में महावीर के गगन गूंजते जयकारे और उपाश्रयों में साधु संतों के जीवन उत्कर्ष के प्रवचनों को सुनने के बाद लोगों के मन में असीम आनंद और संतोष से भरे चेहरों को कौन भूल सकता है। प्रत्येक जैन महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर धार्मिक कार्य जरूर करता है, तथा हर हाल में मंदिरों तक पहुंचता है। महावीर जन्म कल्याणक की यही सार्थकता है।



2624 वें महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव-2025

## हमारे संस्कार और संस्कृति की ताकत बहुत मजबूत



हस्तीमल जैन

आज के तेजी से आधुनिक होते हालात में मेरे लिए यह देखना बहुत ही सुखद है कि बहुत बड़ी संख्या में आज की युवा पीढ़ी महावीर जन्म कल्याणक दिवस के धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेती है। जैन धर्म के युवाओं का इस तरह बहुत बड़ी संख्या में भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर आयोजनों में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि हमारी युवा पीढ़ी में धर्म की जड़ें मजबूत हैं तथा हमारे संस्कार और संस्कृति की ताकत लगातार मजबूत होती जा रही है। खास बात यह भी है कि जब युवा वर्ग को धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते देखते हैं, तो लगता है कि वह धर्म के संस्कारों को आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है। महावीर जन्म कल्याणक की यही सार्थकता है।

## हमारा जीवन महावीर का महानता का प्रतिबिंब



जुगराज मुठलिया

साल दर साल महावीर जन्म कल्याणक के आयोजनों में लगातार होती अभिवृद्धि, उनमें हिस्सा लेने वाले लोगों की बढ़ती संख्या, तथा लोगों की दानवीरता की भावना निश्चित तौर पर साल दर साल एक नया रिकॉर्ड बनाती जा रही है। हम ये भी देखते हैं कि महावीर जन्म कल्याणक के आयोजनों में जो लोग किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाते हैं, वे जहां भी होते हैं, भाव-विभोर होकर साक्षात नहीं तो सोशल मीडिया के जरिए जुड़ते हैं। भगवान महावीर स्वामी जब 12 साल की कठोर तपस्या करके जन जन के कल्याण के लिए गांव-गांव में जाकर उपदेश देते थे, तो जिस प्रकार से हर जगह उनका सत्कार होता था, तो कई जगहों पर उनको अपमान भी झेलना पड़ता था, बाद में वे सभी लोग उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाकर उनको पूजने लगे। यही महावीर का महानता का प्रतिबिंब है, जो कि अदभुत है।

## युग परिवर्तन की आहट हैं महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव



उगम सोनीग्रा

भगवान महावीर स्वामी ने जो कुछ भी किया, वह कुछ ऐसा हुआ, जो उनसे पहले कभी नहीं हुआ और उनके बाद भी कभी नहीं हो सका। उन्होंने कुछ ऐसा किया कि आने वाली हजारों शताब्दियों की एक नींव रख गया है। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर हम जितनी कल्पना कर सकते हैं, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु धर्मस्थलों पर पहुंचते हैं। इसकी एक वजह ये भी है कि हमारे धार्मिक संस्कार बहुत ही प्रबल हैं। आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग जैन धर्मावलंबियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला जैन धर्म का अनुयायी अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के धार्मिक आयोजन युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है।

## जन्म से पहले माता को सपनों की सौगात से संकेत



कांतिलाल सोलंकी

महावीर जन्म कल्याण पर आज मुझे वो प्रसंग याद आ रहा है जब भगवान महावीर स्वामी ने अपने जन्म से पहले ही माता त्रिशला को 14 सपने दिखाए थे, तथा अपने जीवन के सारे संकेत अपनी माताजी को पहले ही दे दिए थे। इन सपनों का यही था कि त्रिशला माता के गर्भस्थ शिशु का भावी जीवन बहुत साहसी होगा, सदुणों और परमात्मा की शक्तियों से भरा होगा। वह बालक अत्यंत धार्मिक होगा एवं आध्यात्मिकता से सज्ज होगा, वह बालक धर्म व्यवस्था में सुधार लाने में सदा प्रयासरत रहेगा और संसार में अहिंसात्मक समाज की स्थापना करेगा। इन 14 सपनों का सार यही था कि त्रिशला माता के गर्भ से जन्म लेने वाला बालक जीवन मृत्यु से परे होगा, वह मोक्ष प्राप्त करेगा एवं ब्रह्मांड के सभी जीवों के लिए मोक्ष प्राप्त करने के मार्ग का द्वार खोलेगा। सपने सच हुए और त्रिशला पुत्र वर्धमान महावीर बने।

## संयम तप से इंद्रियों को जीत कर बने महावीर



देवीचंद चौपड़ा

भगवान महावीर स्वामी ने समस्त संसार के लोगों के मन में सत्य का दीप प्रज्वलित किया और जग में अहिंसा का प्रकाश फैलाया। उन्होंने 'जियो और जीने दो' का संदेशा दिया एवं सत्य, अहिंसा,अचौर्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य का सिद्धांत प्रस्तापित करके जैन धर्म की स्थापना की। माता त्रिशला के पुत्र अपने संयम के बल पर इंद्रीयों को विजित करके महावीर कहलाए। वे जन्मे थे राज परिवार में, किंतु साधु बन गए, अहम क्षणिक भी न आया। महलों का ऐश्वर्य त्याग कर वैराग्य अपनाया और नंगे पांव चलने का कष्ट सह कर दुनिया को सत्य व अहिंसा के जरिए जीवन के उत्कर्ष का मार्ग दिखाया। जैन धर्म के अनुयायी होने के नाते हमने जाना है कि उन्होंने सारे राजसी श्रृंगार उतार कर सम्यक दर्शन,सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चरित्र को अपना श्रृंगार बनाया, तब जाकर वो महावीर कहलाए।

DL LAKHANI

Beyond Celebrations...



*With Best Compliments From*

- LAKHANI CATERERS
- LAKHANI TRADERS
- LAKHANI CATERING
- LAKHANI HOSPITALITY
- NITYA INC

LD Lakhani Decorator

Dewang Lakhani
9819384241

Rajesh Lakhani
9820084241

**OUR PANEL :** • **SAYA RESORT** (BHIWANDI) •**TULIP STAR** (JUHU, VILE PARLE W) •**NSCI**(WORLI) • **QUEENS LAWN** (BORIVILI W)

**OUR ASSOCIATES** • **BAYVIEW** (MAZGAON) • **KUTCHI GROUND** (BORIVILI W) • **PARSEE GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **KORA KENDRA GROUND** (BORIVILI W) • **WILSON GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **PUSPANJALI GROUND** (BORIVILI W) • **ISLAM GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **SRPF GROUND** (JOGESHWARI E) • **SOMAIYA GROUND** (GHATKOPAR) • **JVPD** (JUHU,VILE PARLE W)

**MOGRA** Banquet by D Lakhani Hospitality / Rajiv Gandhi Institute, Versova Link Road, (Andheri West).




BANQUET • CATERING • DECOR • HOSPITALITY






LAKHANI BANQUET

Managed By D Lakhani Hospitality (Malad West)

Office No 6, 1st Floor, Kutch Castle Building, Opp.Tiwari Sweets, Opera House, Mumbai - 400004.

Follow Us On D LAKHANI HOSPITALITY http://dlakhanihospitality.com/

# भगवान महावीर
## अर्थात समस्याओं का समाधान



मनोज शोभावत

भगवान महावीर का संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है इसलिए वे स्वतः प्रेरणादायी है। भगवान महावीर के उपदेश जीवनस्पर्शी है। जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान मिलता है। जिस तरह दीपक अंधकार का हरण करता है किंतु अज्ञान रूपी अंधकार को हराने के लिए चिन्मय दीपक की उपयोगिता निर्विवाद है। वस्तुतः भगवान के प्रवचन और उपदेश आलोक पुंज है। जीव का शयन अच्छा है या जागरण - इस प्रश्न के समाधान में उन्होंने कहा कि पाप में प्रवृत्त जीवों का शयन अच्छा है और धर्म परायण जीवों का जागरण। इस तरह भगवान ने प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों का समर्थन किया। जहां अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत की चर्चा होती है वहां भगवान महावीर का यशस्वी नाम स्वतः ही सामने आ जाता है। महापुरूष सदैव प्रासंगिक रहते है, फिर पुरूषोत्तम महावीर की प्रासंगिकता के विषय में जिज्ञासा ही उपयुक्त है। कौन बता सकता है सूर्य कब अप्रासंगिक बना? चन्द्रमा कब अप्रासंगिक बना? सूर्य केवल दिन को प्रकाशित करता है और चन्द्रमा केवल रात्रि को प्रकाशित करता है, किंतु भगवान महावीर का दिव्य दर्शन अहर्निश मानव-मन को आलोकित कर रहा है। भगवान महावीर सचमुच प्रकाश के तेजस्वी पुंज और सार्वभौम धर्म के प्रणेता है। उन्होंने दुनिया को पंचशील के सिद्धांत बताए। सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय, अहिंसा और क्षमा। उन्होंने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सही राह दिखाने की कोशिश की। अपने अनेक व्याख्यानों में दुनिया को सही मार्गदर्शन किया।

वर्तमान समय में अशांत, आतंकी, भ्रष्ट और हिंसक वातावरण में महावीर की अहिंसा ही संसार को शांति प्रदान कर सकती है। इस पावन अवसर पर समस्त समाज को शुभकामनाएं।

# सिद्धान्तों में भेद नहीं फिर भी क्यों हम एक नहीं





दिलीप परमार

भगवान महावीर स्वामी ने जो भी कहा उस पर अमल किया, लेकिन वर्तमान समय में सिद्धान्तों में भेद नहीं फिर भी हम एक नहीं हो पा रहे हैं। भगवान महावीर का प्रसिद्ध उदघोषणा वाक्य रहा है जियो और जीने की सुविधा दो। इस वाक्य में मनुष्य को ही नहीं प्राणी मात्र को कल्याण की भावना समाई हुई है लेकिन वर्तमान में महावीर के अनुयायियों में यह भावना नजर नहीं आ रही है। भगवान महावीर ने जो कहा, उस पर स्वयं ने अमल किया। उन्होंने अहिंसा का उपदेश नहीं दिया परन्तु स्वयं सहन करते हुए निर्विकार भाव से रहे। उन्होंने मनुष्य मात्र को जीने के अधिकार का शंखनाद सुनाया जिसमें धर्म, भाषा, प्रदेश, लिंग और ऊंच-नीच, छुआछूत का कोई भेद नहीं था क्योंकि जैन धर्म किसी सम्प्रदाय या व्यक्ति का नहीं है 'वास्तव में वह जन धर्म है। आज यदि मानवता को राहत मिल सकती है तो भगवान महावीर की समानता, सापेक्षता, आत्मनिर्णय और आत्मानुशासन के सिद्धांत से। ज्यों-ज्यों इनका विस्तार होगा त्यों-त्यों समाज और राष्ट्र राहत की अनुभूति करेगा। मानवता शांति की धारा में निमाजित होगी अन्यथा सार का एक मात्र अनूठा पर्व है।



# भगवान महावीर कहते थे कि किसी भी अपराध की पुष्टि के बिना उसका दोष किसी पर नहीं देना चाहिए

भगवान महावीर स्वामी अपने उपदेशों में कहते थे कि मनुष्य को हर कार्य धैर्य से करना चाहिए, कोई भी निर्णय जल्दबाजी न लेकर सोच विचार कर करना चाहिए, क्योंकि जल्दबाजी में लिए हुए निर्णय अक्सर लोगों को गलत मार्ग पर ही ले जाते हैं। भगवान महावीर स्वामी यह भी कहते थे कि सदा अपने क्रोध को वश में रखते हुए हर मामले में संयम रखना चाहिए। इस बात को भगवान महावीर स्वामी के जीवन की कथा के भीतर तलाशें, तो एक बार भगवान महावीर स्वामी गांव के किनारे एक विशाल वृक्ष के नीचे बैठे तपस्या में बैठे हुए थे।

सावन के महीने की दुपहरी में शीतल बयार बह रही तथा ऐसा मानोहारी दृश्य था कि मन पुलकित हो उठे। चारों ओर भूमि पर हरी घास की चादर छाई हुई थी। तभी एक गाय चरानेवाला अपनी कुछ गायें लेकर वहां पहुंचा। चरवाहे को छांव मिली, गायों को घास मिली, तो वे वहीं पर रुक गए। ऐसे में चरवाहे ने देखा कि गाएं तो घास खा ही रही



हैं, तो क्यों न पास के गांव में जाकर अपना जो काम बाकी है, वो करके वापस आ जाए। गायों की रखवाली के लिए तो, वो जो महात्मा पेड़ के नीचे बैठे हैं, उनको बोल दूंगा। तो, इसी मंशा से ध्यान मुद्रा में बैठे भगवान महावीर स्वामी के पास जाकर



खुबीलाल राठौड

चरवाहा अपनी गायों पर नजर रखने की बात कहकर जल्दी ही वापस आने की बात कही।

भगवान महावीर स्वामी तो उस वक्त ध्यान में थे, लेकिन गायों के मालिक चरवाहा तो अपने में ही मगन था, सो उसे लगा कि भगवान महावीर स्वामी ने उसकी बातों को सुन लिया है, और वे ध्यान रखेंगे। मगर, असल में तो भगवान महावीर स्वामी अपनी तपस्या में लीन थे। उन्हें क्या तो घास, क्या चरवाहा, और क्या ही उसकी गायें... कोई खयाल ही नहीं था। थोड़े समय बाद चरवाहा जब वापस वहां पर पहुंचा, तो वहां भगवान महावीर स्वामी तो उसी मुद्रा में थे, लेकिन उसकी गायें उसे कहीं भी नहीं दिख रही थीं। क्योंकि वे तो घास चरते चरते दूर निकल गई थीं। गायों को न देख बदहवास चरवाहा गुस्से में भगवान महावीर से बोला - मेरी गायें कहां है? भगवान महावीर स्वामी ने कोई जवाब नहीं दिया, तो वह नाराजगी में गुस्से में उबलता हुआ इधर उधर ढुंढने लगा, फिर भी गायें नहीं मिली, तो बारंबार भगवान महावीर स्वामी से गायों के बारे में पूछने लगा, लेकिन फिर भी उसे भगवान महावीर स्वामी की ओर से कोई जवाब नहीं मिला, तो गुस्से में उबल पड़ा। उसे लगा कि भगवान महावीर स्वामी ने ही उसकी गायों को छुपा दिया है, तथा उत्तर तक नहीं दे रहे हैं। जबकि असल में तो भगवान महावीर अपनी घोर साधना में तल्लीन थे, इसी कारण कोई उत्तर नहीं मिला। उस चरवाहे को गुस्सा आ रहा था, तथा शाम भी हो रही थी, सो उसने भगवान महावीर स्वामी को सबक सिखाने के लिए अपने कमर में बंधी हुई गाय बांधने की रस्सी को निकाला और ध्यान मग्न भगवान महावीर स्वामी पर प्रहार करने के लिए आगे बढ़ा ही था, कि हाथ यकायक थम गया। क्योंकि चारा खाने दूर तक निकल गई गायें वापस लौट कर आ रही थीं। उनको देख चरवाहे को अपनी गलती का आभास हुआ, तथा पश्चाताप करता हुआ बोला कि हे प्रभु मैंने बिना सोचे समझे ही आप पर दोष लगाया तथा प्रहार करने चला था, मुझे क्षमा कीजिए।




हाथियों में ऐरावत,
पशुओं में सिंह,
नदियों में गंगा,
पक्षियों में गरुड़ श्रेष्ठ है,
वैसे ही निर्वाणवादियों में
महावीर श्रेष्ठ है
2624 वें भगवान
महावीर
जन्मोत्सव
की हार्दिक
शुभकामनाएं एवं बधाई
pnku_graphics_design_
A Chain Unit of
PEHAL GROUP MUMBAI
मदनराज एच. शाह
संजय एम. शाह





त्याग, तप, सत्य व अहिंसा के शाश्वत प्रतीक
भगवान महावीर जी ने कर्म प्रधानता से परिपूर्ण
अपनी शिक्षा से सम्पूर्ण मानव जाति के
कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया।
उनका जीवन व उनके विचार सदैव हमारा
मार्गदर्शन करते रहेंगे।



सुरेश गुंदेचा
अध्यक्ष-रूप रजत फाउंडेशन

2624 वें
महावीर
जन्म कल्याणक
महोत्सव की शुभकामनाएं!!

ARIHANT GROUP

ARIHANT GROUP
Arihant Contruction1916, Ramlane
At & Post Ratnagiri, Dist - Ratnagiri -416712

SHREEJI DEVELOPERS
G-05, Roop Madhuban Apartment, 100 Feet Road,
Shobhagpura, Udaipur, (Raj.) 313001
Email : shreejidevelopers1302@gmail.com

Phone : 9057789352, 7357951555

SHREE JI DEVELOPERS

## महावीर मतलब आत्म-संयम



धीरज मेहता

भगवान महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर हैं, जिनका जीवन और शिक्षाएं आज के युग में भी प्रासंगिक हैं। उनका सबसे बड़ा संदेश अहिंसा, सत्य, करुणा और आत्म-संयम है, जो हमारे जीवन को शांतिपूर्ण और अर्थपूर्ण बनाने में मदद करता है। वर्तमान युग में, जहां तनाव, हिंसा और भौतिकवाद बढ़ रहा है, महावीर स्वामी की शिक्षाएं हमें आत्म-निरीक्षण और संतुलन की ओर ले जाती हैं। उनका मानना था कि हर जीव में आत्मा होती है और सभी के प्रति समान दृष्टि रखनी चाहिए। भगवाम महावीर स्वामी का यह विचार आज के समाज में समानता और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरणा देता है।

## महावीर करुणा के प्रतीक



संजय सिरोया

भगवान महावीर स्वामी का हम 2524वां जन्म कल्याणक मना रहे हैं। ईसा पूर्व 599 वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को कुंडलपुर नगरी में जन्मे भगवान महावीर स्वामी अपने त्याग, तपस्या, ध्यान तथा जीव मात्र का उद्धार करते हुए जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर के रूप में स्थापित हुए। उनका जीवन सत्य, अहिंसा, त्याग और करुणा का प्रतीक है। वे महाराजा सिद्धार्थ और महारानी त्रिशला माता के पुत्र थे और उनका मूल नाम वर्धमान था। महावीर स्वामी के जीवन की कथाएं हमें आत्म-संयम, नैतिकता और मोक्ष के मार्ग की प्रेरणा देती हैं। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का महत्व हमारे जीवन में गहरा प्रभाव डालता है।

## धैर्य और संयम ही जीवन



नक्षत्र मेहता

भगवान महावीर स्वामी का प्रारंभिक जीवन राजसी वैभव, ऐश्वर्य और सुख से भरा हुआ था, परंतु 30 वर्ष की युवावस्था में ही उन्होंने संसार का त्याग कर दिया। उनके बड़े भाई नंदीवर्धन ने राजपाट छोड़ कर संन्यासी बनने से रोकने की कोशिश की, लेकिन महावीर का संकल्प अटल था। उन्होंने 12 वर्ष तक कठोर तपस्या की और कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया। तपस्या के दौरान उन्हें सर्प डसे, कीड़ों ने काटा और सर्दी, गर्मी तथा बारिश के कठोर मौसम का सामना करना पड़ा, परंतु वे तप के मार्ग से नहीं डिगे। उनकी यह दृढ़ता हमें सिखाती है कि हर कठिनाई का सामना धैर्य और संयम से करना चाहिए। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएं।



वसंत बिरावत

## जीवन की जागृति का पर्व

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का सही अर्थों में वास्तविक अर्थ देखें, तो यह केवल भगवान तीर्थंकर महावीर स्वामी की जन्म तिथि मनाने का उत्सव नहीं है, बल्कि उनके जीवन के सिद्धांतों को अपनाने का अवसर है। यह पर्व हमें उनके त्याग, तपस्या और अहिंसा के मार्ग को याद करने और उसे अपने जीवन में लागू करने की प्रेरणा देता है। यह महान दिन आत्म-शुद्धि, ध्यान और दूसरों के प्रति दया भाव को बढ़ाने का संकल्प लेने का भी प्रतीक है। इस तरह, महावीर जन्म कल्याणक न सिर्फ एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि एक आध्यात्मिक जागृति का अवसर भी है जो हमें बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करता है।



राजेन्द्र मंडलेशा

## क्रोध का जवाब प्रेम

महावीर स्वामी ने पांच महाव्रतों- सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह का उपदेश दिया। उन्होंने सभी को धैर्य व संयम सिखाया तथा शांति से जीने की राह बताई। भगवान महावीर स्वामी की कथाओं में उल्लेख है कि तपस्या के दौरान कई लोगों ने क्रोधित होकर भगवान महावीर स्वामी को परेशान किया, सताया, अपमानित किया, और उनकी तपस्या में बाधा डाले, पर भगवान महावीर स्वामी ने संपूर्ण संयम रखा, सभी को शांति और करुणा भाव से उत्तर दिया। हमारे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का यही जीवन हमें सिखाता है कि क्रोध का जवाब प्रेम और क्षमा से देना ही सच्ची शक्ति है।

## नैतिकता पूर्ण जीवन जरूरी



दिपेश कितावत

हर साल भगवाम महावीर स्वामी की जन्म तिथि चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को मनाई जाती है, यह उनके जन्म का उत्सव है। यह पावन दिवस हमें उनके उपदेशों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। इस दिन हम उपवास, ध्यान, दान और प्रार्थना करते हैं। हमारे जीवन में खास अर्थ यह है कि यह दिवस हमें आत्मनिरीक्षण का अवसर देता है। आज हिंसा, लोभ और असत्य का बोलबाला है, भगवान महावीर स्वामी का अहिंसा और सादगी का संदेश प्रासंगिक है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि सच्चा सुख भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और नैतिक जीवन में है।

## जीवन के उद्धार का दिवस



देवांग लखानी

भगवान महावीर स्वामी के जीवन की एक कथा है, जिसमें उद्धरण है कि एक गरीब व्यक्ति ने मांगे, तो उन्होंने एक उसको अपने वस्त्र दान कर दिए, जिससे अपरिग्रह का संदेश मिलता है। महावीर का जीवन हमें त्याग सिखाता है तथा हम त्याग और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव हमें यह भी प्रेरित करती है कि हम दूसरों के प्रति करुणा, दया और सहानुभूति का भाव रखें। उनके उपदेश आज भी सामाजिक समरसता तथा दान की प्रवृत्ति को बढ़ावा देते हैं। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव हमें एक श्रेष्ठ मनुष्य बनकर शांति स्थापित करने की प्रेरणा देती है।

## त्याग मूर्ति से बने परम आत्मा



मेहुल जैन

भगवान महावीर स्वामी महान क्यों थे, क्योंकि वे एक महान त्यागी आत्मा थे, जिन्होंने अपने जीवन में सर्वस्व त्याग करके समस्त संसार को त्याग का महत्व सिखाया। उनके जीवन में त्याग की कई घटनाएं हैं, जो उनके त्याग और आध्यात्मिक समर्पण को दर्शाती हैं। वैसे तो तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने अपने जीवन को जीने के लिए परमावश्यक वस्तुओं के अलावा सर्वस्व त्याग दिया था, किंतु राज्य सत्ता का त्याग, परिवार का त्याग, संपत्ति का त्याग, शारीरिक सुखों का त्याग आदि कुछ ऐसे त्याग है, जिनको उनके जीवन के कुछ प्रमुख त्याग के रूप में जाना जाता है। त्याग ने ही उन्हें परम आत्मा अर्थात परमात्मा बनाया।

## साधना से सजे, तब बने तीर्थंकर



प्रफुल राणावत

अपने जीवन की शुरूआत में वे केवल वर्धमान थे, कुंडलपुर के राजकुमार वर्धमान, और महाराजा सिद्धार्थ के राजपुत्र। लेकिन सब कुछ त्याग दिया। परिवार छोड़ा, राजमहल छोड़ा, राजसी वैभव त्यागा, सांसारिक सुखों का त्याग किया, घर घर जाकर भिक्षा मांग कर जीवन बिताया और कठोर तप व साधना की। उन्होंने समस्त इच्छाओं, आकांक्षाओं, कामनाओं, अभिलाषाओं और लालसाओं पर विजय प्राप्त की तथा इसी वीरता ने उन्हें महावीर बनाया। लगातार 12 वर्ष तक कठोर तपस्या के बाद कैवल्य ज्ञान प्राप्त हुआ तथा चैतन्य स्वरूप परमात्मा के साधक बने।

## महावीर जन्म कल्याणक का जीवन सार



मनीष जैन

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव हम हर साल मनाते हैं। महावीर जयंति पर मंदिर में भगवान महावीर स्वामी की पूजा करते हैं, उनके बारे में उपदेश सुनते हैं, तथा उनकी शिक्षा के अनुरूप जीवन बदलने का संकल्प करते हैं। किंतु ज्यादातर लोग वही जीवन जीने लगते हैं, जो रोज जी रहे होते हैं। भगवान महावीर ने हमें त्याग सिखाया, सत्य दिखाया, ब्रह्मचर्य बताया, अपरिग्रह का सिद्यांत दिया, और अचौर्य की अच्छाई बताई। यह अच्छी तरह जानते हुए भी हम महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन से ही वही जीवन जीने लगते हैं, तो महावीर जन्म कल्याणक का हमारे जीवन में महत्व क्या है, यह सबसे बड़ा प्रश्न है।

## त्याग की मूर्ति महावीर भगवान



राकेश लोढ़ा

महावीर जयंती अर्थात चैत्र सुद 13 हमारा सबसे प्रमुख दिवस है, जिसे हम सभी उत्सव के रूप में मनता हैं, क्योंकि यही दिन है जब जैन धर्म के प्रवर्तक तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म हुआ था। भगवान महावीर स्वामी के मन में बचपन से ही त्याग और आध्यात्मिक ज्ञान की भावना थी। अतः 30 वर्ष की उम्र में उन्होंने राजपाट के सुख तथा वैभव का त्याग किया तथा आध्यात्मिक जीवन को अपनाया। त्याग की मूर्ति महावीर ने परिवार को भी त्याग दिया, संपत्ति को भी त्याग दिया और शारीरिक सुखों का भी त्याग करके आध्यात्मिक जीवन अपनाया। महावीर जन्म कल्याणक दिवस हमारे जीवन के उद्धारक दिवस है।



सुभाष खिमावत

## महावीर महानता के शिखर

महावीर जयंती को भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के रूप में मनाया जाता है। जन्म कल्याणक अर्थात समस्त संसार के प्रत्येक जीव के कल्याण हेतु जन्मना। जब धर्म व तपस्या के तप को महसूस करने के बजाय हर व्यक्ति सुख, वैभव, धन ऐश्वर्य तथा संग्रह के लिए जी रहा है, तो उस काल में भगवान महावीर ने समृद्धि से भरा जीवन त्याग कर समस्त संसार के प्रत्येक जीव के मन में शांति, संतुष्टि, सत्य, संयम व समग्र की भावना को स्थापित करने के लिए कठोर तपस्या की। वे महान थे, तथा महानता के शिखर पर विराजमान थे, इसीलिए उनका जन्म हमारे लिए कल्याणक पर्व है।



संजय सुराणा

## श्रेष्ठतम दिवस है जन्म कल्याणक

भगवान महावीर जैन धर्म के संस्थापक और अंतिम तीर्थंकर हैं। उनकी जयंती को जैन धर्म के हम सभी अनुयायी एक अत्यंत ही शुभ दिवस तथा जन्म कल्याणक के रूप में मनाते है। जैन समुदाय के प्रत्येक सदस्य के लिए यह एक बहुत ही शुभ अवसर होने के नाते, हम सभी लोग महावीर जन्म कल्याणक पर मंदिरों में विशेष पूजा करते हैं, धूमधाम से शोभायात्राओं व जुलूसों के आयोजन करते हैं तथा स्त्री - पुरुष बहुत उत्साह के साथ इस त्यौहार को मनाते हैं। ज्यादातर लोग महावीर जन्म कल्याणक के दिन ईमानदारी और सत्य के मार्ग पर चलने का प्रण लेते हैं, यही महावीर जयंती का महत्व है।

## जीवन की विराटता का उत्सव



चेतन थडेश्वर

महावीर जन्म कल्याणक जैन धर्म के समस्त अनुयायियों का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, जो तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म दिवस चैत्र शुक्ल त्रयोदशी पर हर साल वैश्विक स्तर पर एक विराट उत्सव के रूप में मनाया जाता है। भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर हैं, तथा उनका जन्म कल्याणक महोत्सव दुनिया भर में लगभग सभी देशों का जैन समुदाय बड़े ही उत्साह और अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाता रहा है। भारत में सदियों से मनाया जाता रहा यह त्यौहार प्रत्येक जैन ही नहीं समस्त लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण है।

## आध्यात्मिक अपनाने का अवसर



संयम मेहरा

जैन धर्म में महावीर जन्म कल्याणक के इस खास दिन का महत्व इसलिए है क्योंकि महावीर का जीवन त्याग, तपस्या और आत्म-शुद्धि का प्रतीक है। उन्होंने संसार में दुखों से मुक्ति के लिए निर्वाण का मार्ग दिखाया और सभी प्राणियों के प्रति करुणा और समानता का संदेश दिया। महावीर जन्म कल्याणक के दिन जैन मंदिरों में हम लोग विशेष पूजा-अर्चना करते हैं, भगवान महावीर की शिक्षाओं पर चिंतन करते हैं, दान-पुण्य करते हैं और अहिंसा के संकल्प को दोहराते हैं। यह पर्व न केवल उनके जन्म का उत्सव है, बल्कि उनके द्वारा दिखाए गए नैतिक और आध्यात्मिक मार्ग को अपनाने का अवसर प्रदान करता है।

## जीवन में शांति व संतुलन का पर्व



किरीट भंसाली

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का हम सभी के जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। यह महान पर्व हमारे जैन धर्म में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के रूप में व्यापक पैमाने पर मनाया जाता है। भगवान महावीर स्वामी के हमें प्रदान किए गए जीवन को जीने के सिद्धांत समस्त मानवता के कल्याण के सिद्धांत है। उनकी शिक्षा मानव धर्म के मूल सिद्धांतों पर आधारित हैं और मानव जीवन को नैतिकता, आत्म-संयम और मुक्ति की ओर ले जाने का मार्ग दिखाती हैं। भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव अपनी विविध धार्मिक गतिविधियों के द्वारा हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में संतुलन और शांति लाने पर केंद्रित हैं।

# भगवान महावीर की दिखाई गई राह पर हमें चलना होगा

**भगवान महावीर ने सदियों पहले चंदन बाला नामक स्त्री को बेडियों से मुक्त कर नारी जागृति का शंखनाद किया। भगवान महावीर ने अनेकांत का सिद्धांत भी दिया और इस नियम की सापेक्ष दृष्टि से व्याख्या भी की। एक के लिए जो सही है वही दूसरे के लिए भी सही हो जरुरी नहीं। किसी एक राय को सबको मानने के लिए मजबूर करना मानवाधिकार हनन की श्रेणी में आता है।**



महावीर स्वामी के मार्गदर्शन और आदर्शों की आवश्यकता केवल जैन समाज को ही नहीं अपितु समस्त संसार को है। सार्वभौम सत्या के स्वरुप भगवान महावीर के आदर्शों का अनुकरण कर एवं उनके बताए गए मार्ग पर चलकर ही हम सही अर्थों में अपना जीवन सार्थक बना सकते है। जैसे दानों में अभयदान, सत्य में निश्वद्ध वचन, तप में ब्रह्मचर्य श्रेष्ठ होता है वैसे ही श्रवणों में महावीर श्रेष्ठ है। सदियां गुजर जाने के बावजूद भगवान महावीर के उपदेश लोगों को प्रेरणा देते चले आ रहे है। विक्रमपूर्व 542 को चैत्रशुक्ल त्रयोदशी के दिन क्षत्रियकुंड में सिद्धार्थ और त्रिशला के यहां जन्में महावीर ने 30 वर्ष की आयु में ही सत्य की प्राप्ति हेतु घर से प्रस्थान किया। महावीर हर कसौटी पर खरे उतरे। उनकी साधना सिद्ध हुई, लोभ का आवरण टूटा और वे वितराग, महावीर बनें। भगवान महावीर बने। भगवान महावीर श्रमण परंपरा में उदित हुए पर उसी तक सीमित न रहे। इसके अलावा भगवान महावीर अहिंसावादी भी थे। वे जानवरों के साथ भी हिंसा न करने की बात कहते थे। उनके अनुसार किसी को मारना ही नहीं कटु वचन बोलना भी हिंसा ही है। हिंसा इन्हीं प्रकारों को कानून कर्थित, मानसिक, भावनात्मक अत्याचार की श्रेणी में रखता है। भगवान महावीर ने सदियों पहले चंदन बाला नामक स्त्री को बेडियों से मुक्त कर नारी जागृति का शंखनाद किया। भगवान महावीर ने अनेकांत का सिद्धांत भी दिया और इस नियम की सापेक्ष दृष्टि से व्याख्या भी की। एक के लिए जो सही है वही दूसरे के लिए भी सही हो जरुरी नहीं। किसी एक राय को सबको मानने के लिए मजबूर करना मानवाधिकार हनन की श्रेणी में आता है।



कांतिलाल शाह

प्रवाहित हो रही धारा अस्थाई है जबकि स्थिर धारा स्थाई है। भगवान महावीर ने दोनों को ही अस्वीकार किया। उन्होंने उत्पाद एवं व्यय द्विपदी को स्वीकार किया। भगवान महावीर को समग्रता के साथ पढ़ने से हमें पता चलता है कि उनके विचार, उनके उपदेश जितने की उस समय में सार्थक और महत्वपूर्ण थे। आज के समय में भी उतने मनुष्य उनके इन्हीं विचारों और उपदेशों को हम अपने जीवन में उतार कर अपना जीवन भी सार्थक और महत्वपूर्ण बना सकते हैं।

•••




MAXUS DOME
Jain Caterers
Delicious Innovations
Luxurious Grandeur of Celebrations
BOOK NOW
+91 8080736222
Largest Pillarless Banquet in Mira-Bhayander.
Accommodation of 500 to 2000 Guests.
Luxurious Stay Up To 100 Guests.
6th floor, Maxus Mall Rd, Temba Road, Padmavati Nagar, Bhayandar West, Mira-Bhayandar


With Best Wishes from
Shri Prakash Kothari & Family
• Hubli • Ghanerao • Bangalore
A Prakash Kothari Enterprise
Serving the Society with Compassion since
50+ Years
ISBR BUSINESS SCHOOL
REAL WORLD. REAL LEARNING
2624 वें महावीर
जन्म कल्याणक
महोत्सव की शुभकामनाएं!!
सुख में और दुःख में, आनंद में और कष्ट में
हमें हर जीव के प्रति वैसी ही भावना रखनी चाहिए
जैसा कि हम अपने प्रति रखते हैं।
GLOBUS BUILDERS
Construction / Layouts / Commercial Complexes / Residential Projects and more
KCP Builders & Developers
Construction / Layouts / Commercial Complexes / Residential Projects and more
KARNATAK CLOTH PALACE
Textiles and uniforms
BET INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDIES
NURTURING KNOWLEDGE
Pre-University, Graduate & College
ISBR GROUP OF INSTITUTIONS
REAL WORLD. REAL LEARNING
International School of Business & Research Bangalore
Pre-University, Graduate & Post Graduate, Ph.D., Research
The Happy Folks CLUB
Globus Infratech
ISBR Business School | ISBR Research Center | ISBR College | ISBR Law College | ISBR PU College

## 12 वीं पुण्यतिथि पर
# भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**जन्म :**
**22 अगस्त 1946**

**स्वर्गवास :**
**19 अप्रैल 2013**

जिनशासन के प्रति समर्पित, जीवदया प्रेमी

# स्व. श्री बाबूलालजी हरखचंदजी कितावत

(बाली / मुंबई)

सत्कर्मों से आपने अपना संपूर्ण जीवन निखारा
समाजसेवा में आपने अपना पलपल यहां गुजारा
परिवार को भी आपने संस्कारों से संवारा
अंतःकरण से अंतर्मन से आपकी यादों की सहारे, सांसों का सफर तय करते है
पुज्य श्री हम आपके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पण करते हैं।

**श्रद्धावनत**

धर्मपत्नी : कान्ताबेन बाबूलालजी कितावत
भाई-भाभी : तरूण-भावना, दिनेश-सुमित्रा
पुत्र-पुत्रवधु : दीपेश-सीमा, परेश-सुनीता, संदीप-कोमल
बहन-बहनोईसा : श्रीमती कमलाबेन दीपचंदजी परमार, श्रीमती कलावतीबेन प्रवीणजी गुंगलिया
श्रीमती नैनाबेन महेन्द्रजी सोनीगरा भतीजा-भतीजवधु : जुलेश-पिंकी, धनेश-रीमा
भतीजी : नेहल विपुलजी राणावत, उचिता आदित्यजी लाला, डिगीशा तनुजजी मेहता, कांची
पौत्र-पौत्रवधु : श्रेय - अनुष्का पौत्र-पौत्री : विहान, अरहान, शिखा, साची, शानिका

**NEW LIGHT ELECTRIC CO.**
8 Pathak Wadi, Lohar Chawl, Mumbai-400 002 Ph.: 022-22089747




# भगवान महावीर का महान संदेश 'जियो और जीने दो'



राजेश चंदन

■

**सत्य और अहिंसा जैसे महान सिद्धान्त तो सामान्यतः सत्पुरुषों की श्रेणी में आने वाले सभी मनुष्यों में देखे जा सकते है। लेकिन महावीर की अहिंसा बहुत सूक्ष्म है। उनके विचारों में जीवों की रक्षा कर लेना मात्र अहिंसा नहीं है किसी भी प्राणी को तकलीफ नहीं पहुंचाना मात्र अहिंसा नहीं है।**

करीब ढ़ाई हजार साल पुरानी बात है। ईसा से 599 वर्ष पहले वैशाली गणतंत्र के क्षत्रिय कुण्डलपर में पिता सिद्धार्थ और माता त्रिशला के यहां तीसरी संतान के रुप में चैत्र शुक्ल तेरस को वर्धमान का जन्म हुआ। यही वर्धमान बाद में स्वामी महावीर बना। महावीर को 'वीर', 'अतिवीर', और 'सन्मति' भी कहा जाता है। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओत-प्रोत था। उन्होंने एक लंगोटी तक का परिग्रह नहीं रखा। हिंसा, पशुबलि, जाति-पांति के भेदभाव जिस युग में बढ़ गए, उसी युग में ही भगवान महावीर ने जन्म लिया।

उन्होंने दुनिया के सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया। पूरी दुनिया को उपदेश दिए। उन्होंने दुनिया को पंचशील के सिद्धांत बताए। इसके अनुसार-सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय, अहिंसा और क्षमा है। उन्होंने अपने कुछ खास उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सही रास्ता दिखाने की कोशिश की। अपने अनेक प्रवचनों से दुनिया का सही मार्गदर्शन किया। भगवान महावीर ने आज के दिन जन्म लेकर जीवों को अहिंसा, स्याद्वाद और अपरिग्रह का संदेश दिया। सत्य और अहिंसा जैसे महान सिद्धान्त तो सामान्यतः सत्पुरुषों की श्रेणी में आने वाले सभी मनुष्यों में देखे जा सकते है। लेकिन महावीर की अहिंसा बहुत सूक्ष्म है। उनके विचारों में जीवों की रक्षा कर लेना मात्र अहिंसा नहीं है किसी भी प्राणी को तकलीफ नहीं पहुंचाना मात्र अहिंसा नहीं है। यदि किसी को हमारी मदद को आवश्यकता है और हम उसकी मदद करने में सक्षम भी है फिर भी हम उसकी सहायता न करें तो यह भी हिंसा हैं। जरुरतमंद की सहायता करना अहिंसा धर्म है।

किसी की जान बचाने के लिए अहिंसक प्राणी अथवा प्रेम से भरा हुआ प्राणी अपनी जान भी दे देता है। इस तरह की उत्तम वृत्ति मनुष्यों में ही नहीं पशुओं में भी देखी जा सकती है। पिता की मृत्यु के पश्चात 30 वर्ष की आयु में इन्होंने सन्यास ग्रहण कर लिया और कठोर तप में लीन हो गये। ऋजुपालिका नदि के तट पर सालवृक्ष के नीचे उन्हें 'कैवल्य' ज्ञान (सर्वोच्च ज्ञान) की प्राप्ति हुई जिसके कारण उन्हें 'केवलिन' पुकारा गया। इन्द्रियों को वश में करने के कारण 'जिन' कहलाये एवं पराक्रम के कारण 'महावीर' के नाम से विख्यात हुए।



# विश्व को आज फिर है महावीर की आवश्यकता



चंदनमल पारेख

विश्व आज ऐसे मोड पर खडा हुआ है जहां चारों तरफ हिंसा द्वेष, नफरत भरा हुआ है। ऐसे में दुनिया को भगवान महावीर के सिद्धांतों की नितांत आवश्यकता है। जो वर्तमान समस्याओं का समाधान कर सकें। भगवान महावीर अहिंसक चेतना के प्रबल समर्थक थे, जिसमें संपूर्ण विश्व की समस्याओं का समाधान निहित है। आज संपूर्ण विश्व हिंसा अहिष्णुता व सामाजिक विषमता के दल-दल में फंसा हुआ है। बडे व शक्तिशाली देश छोटे व कमजोर देशों पर अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लालच में हिंसा का तांडव मचा रहे है। पडोसी-पडोसी का दुश्मन बन बैठा है। हर व्यक्ति दुसरे को जीतना चाहता है और दूसरे पर विजय पाने की यह भावना अशांति व द्वेष पैदा कर रही है। आज अशांत विश्व की समस्याओं का समाधान महावीर के अहिंसा के सिद्धांत के माध्यम से किया जा सकता है।

भगवान महावीर ने संसार को समता का संदेश दिया। वह जाति-पाति, ऊंच-निच के भेदभाव के प्रबल विरोधी थे। महावीर मनुष्य को जन्म से नहीं उनके कर्मों से महान मानते थे। उनका उपदेश था कि जाति व वर्ण से कोई भी मानव ऊंच एवं निम्न नहीं होता है। समाज में आज ऐसी स्थिति नहीं है कि कोई भी व्यक्ति नैतिकता से जीवन जी सके। समाज में ऐसी स्थिति का निर्माण होना चाहिए कि जो नैतिक जीवन जीना चाहे उसे उपयुक्त अवसर मिले। आज हम संकल्प करें कि भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों को जीवन में उतारेंगे।

# क्षमा गर कर गए तो आप महावीर बन गए



अशोक पारेख

सदियों पहले महावीर जन्मे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्ट सहे, दुख में से सुख खोजा और तब कठिन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच और स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती। उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं कर पाते। हम केवल कर्मकांड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं और जो मूल शिक्षाएं हैं, उन्हें जीवन में नहीं उतार पाते। आज मनुष्य जिन समस्याओं से घिरा है, उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है, जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी संतुलन बनाए रख सके। जिसके मन में सभी प्राणियों के लिए सहअस्तित्व की भावना हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा अपना भाग्य बदलना जानता हो। महावीर का दूसरा व्यावहारिक संदेश है- क्षमा। उन्होंने कहा कि मैं सभी से क्षमा याचना करता हूं। मुझे सभी क्षमा करें। मेरे लिए सभी प्राणी मित्रवत हैं। मेरा किसी से भी वैर नहीं है। व्यावहारिक जीवन में यह आवश्यक है कि हम अहंकार को मिटाकर शुद्ध हृदय से बार-बार ऐसी क्षमा प्रदान करें। भगवान महावीर आदमी को उपदेश देते हैं कि धर्म का सही अर्थ समझो। धर्म तुम्हें सुख, शांति, समृद्धि, समाधि -यह सब आज देता है या बाद में -इसका मूल्य नहीं है। मूल्य इस बात का है कि धर्म तुम्हें समता, पवित्रता, नैतिकता और अहिंसा की अनुभूति कराता है या नहीं। महावीर का जीवन हमारे लिए इसलिए महत्वपूर्ण है कि उसमें धर्म के सूत्र निहित हैं। आज महावीर के पुनर्जन्म की नहीं, बल्कि उनके द्वारा जीये गए मूल्यों के पुनर्जन्म की अपेक्षा है। जरूरत है हम बदलें, हमारा स्वभाव बदले और हम हर क्षण महावीर बनने की तैयारी में जुटें, तभी महावीर जन्म कल्याणक मनाना सार्थक होगा। महावीर बनने की कसौटी है- देश और काल से निरपेक्ष तथा जाति और संप्रदाय की कारा से मुक्त चेतना का आविर्भाव। भगवान महावीर एक कालजयी और असांप्रदायिक महापुरुष थे, जिन्होंने अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत को तीव्रता से जीया।





एप्पारेल प्रमोशन एक्सपोर्ट काउंसिल (AEPC)
द्वारा 'एक्सपोर्ट अवार्ड 2015-16'

**Madan Sundesha**
**Cell : +91 9819440779**





सत्य अहिंसा धर्म हमारा है
नवकार हमारी शान है
महावीर जैसा नायक पाया
जैन हमारी पहचान है।

2624 वें महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव की
शुभकामनाएँ!!

# M.S. Fashion Wear Pvt. Ltd.

GOLDEN TROPHY WINNER FOR EXCELLENCE YEAR 2015-2016

AN ISO 9001 : 2008 CERTIFIED COMPANY
" A GOVT. RECOGNISED ONE STAR EXPORT HOUSE"

Regd. Office : Office - 216, Subhshri Arcade, 2nd Floor,
Opp. Shivaji Chowk, Jakeria Road, Malad (W) Mumbai - 400 064.
Tel.: +91 22 -2888 0768/69, 2888 5122/23/24 25/ Fax: +91 22-2880 9909
Email : madansundesha@hotmail.com | msgroup39@gmail.com
Web.: www.msfashionswear.com

पुण्यतिथि पर

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि





**स्व. चंपालालजी सुमेरमलजी खीमावत**
स्वर्गवासः 28-04-2015

**स्व. कंचनबेन चंपालालजी खीमावत**
स्वर्गवासः 29-02-2024

रिवमेल/बोरीवली

मीठी मधुर स्मृतियां आपकी, कभी नहीं मिट पाएगी।
आपका व्यवहार, आपकी बातें सदैव हमें याद आयेगी।
हे आदरणी अर्पित है, विनम्र हृदय से भावांजलि।
स्वीकार करें हे पुण्य आत्मा, हम सबकी यह श्रद्धांजलि।

**श्रद्धावनत**

**भाईः** स्व. मोहनराजजी, स्व. धनराजजी

**बहन-बहनोईः** स्व. पानीबाई कुन्दनमलजी मांडोत (लाटारा), स्व. मोरीबाई जवानमलजी गुंगलीया (मुण्डारा)

**पुत्र-पुत्रवधुः अशोक - जया, दिनेश - उषा**

**पुत्री-जमाईः** कला विनोदजी राठौड, सुमीत्रा दिनेशजी शाह, नीता नरेशजी राठौड, उषा सुरेशजी सोलंकी

**पौत्र-पौत्रीः** मेघल समीरजी संघवी, नेहा वैभवजी लोढा, किन्नरी - मॉनिक, मिशाल, सलोनी खीमावत

**परपौत्रीः** वंशिका, वेदीका, कायेशा

**दोहित्रा-दोहित्रीः** विनीत-निकिता, ऊचीता-आदित्यजी, सुकेन-अंजना, दिगीशा-तनुजजी
एकता-केयुरजी, हितेन-कृपाली, कांची, निशांत-शिवानी

**परदोहित्र-दोहित्रीः** विवान, सहज, तत्व, दिवीत, मिशका, ईरिना, अर्जुन एवं समस्त खीमावत परिवार

# हर हाल में प्रासंगिक है भगवान महावीर का दर्शन

भगवान महावीर मानव जीवन के सच्चे प्रणेता माने जाते हैं। सांसारिक जीवन के सफलता के लिए उनकी दी हुई शिक्षा समस्त संसार के जीवन की आधारशिला है। कहने को भले ही भगवान महावीर जैन धर्म के तीर्थंकर थे, लेकिन सच्चे अर्थो में वे समस्त जीवन का सत्य से साक्षात्कार सिखानेवाले महापुरुष थे, इसीलिए वे भगवान कहलाए। महावीर ने समस्त संसार के लोगों को समृद्ध एवं सफल जीवन और आत्मिक - आंतरिक शांति की प्राप्ति के लिए जो राह बताई, उसका संसार में कोई विकल्प नहीं है। सही मायने में देखा जाए, तो भगवान महावीर के उपदेश या जीवन दर्शन तो हम लोग अपने अपने अर्थों में देखते हैं, लेकिन वास्तव में उनका जीवन ही उनका वास्तविक संदेश माना जाता है। उनके आचरण, व्यवहार तथा वास्तविक जीवन में कोई अंतर नहीं था। वे जैसे थे, वैसे ही थे, वैसे ही बोलते थे, वैसे ही रहते थे। उनके मन, बुद्धि, मस्तिष्क व आचरण तथा व्यवहार में एकरुपता थी। वे किसी से भेद नहीं करते थे, एवं सर्वग्राही थे। उनकी कथनी और कथनी में कोई अंतर नहीं था। भगवान महावीर ने जीवन को समृद्ध बनाने, जीवन में सफलता प्राप्त करने, जीवन को जीतने एवं जीवन में आंतरिक तथा आत्मिक शांति पाने के लिए जो सिद्धांत प्रतिपादित किए वे पांच सिद्दांत है - सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह। उनके ये पांचों सिद्दांत बहुत प्रभावशाली है, जो हमारे जीवन को सुगम बनाने की शक्ति

**भगवान महावीर ने जीवन को समृद्ध बनाने, जीवन में सफलता प्राप्त करने, जीवन को जीतने एवं जीवन में आंतरिक तथा आत्मिक शांति पाने के लिए जो सिद्धांत प्रतिपादित किए वे पांच सिद्दांत है सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह। उनके ये पांचों सिद्दांत बहुत प्रभावशाली है, जो हमारे जीवन को सुगम बनाने की शक्ति रखते हैं।**



मदन सांखला

रखते हैं। जैसे अहिंसा भगवान महावीर का प्रथम सिद्धांत है। इस सिद्धांत में समस्त संसार को हर परिस्थिति में हिंसा से दूर रहने का संदेश है। किसी का दिल दुखाना भी एक हिंसा ही है। अतः भूल कर भी किसी को कष्ट नहीं पहुंचाना चाहिए। भगवान महावीर का दूसरा सिद्धांत है सत्य। उनके अनुसार सत्य जीवन का सच्चा तत्व है, जो व्यक्ति सत्य के मार्ग पर चलता है, वह जीवन के कई कष्टों को पार कर जाता है। भगवान महावीर ने सदा लोगों को सत्य बोलने के लिए प्रेरित किया। महावीर के तीसरे सिद्धांत की बात करें, अस्तेय जीवन का अनिवार्य अंग है। जिसका पालन करने वाले किसी भी रूप में अपने मन और इच्छा के मुताबिक वस्तु ग्रहण नहीं करते। अतः जीवन में हमेशा संयम में रहना चाहिए और सिर्फ वही वस्तु लेनी चाहिए, जो मिलती है। दूसरों की वस्तुओं की इच्छा पालना भी नहीं चाहिए। फिर भगवान महावीर का चौथा सिद्धांत है ब्रह्मचर्य, जिसे जीवन की पवित्रता के गुणों के प्रदर्शन का आवश्यक अंग माना गया है। ब्रह्मचर्य का अर्थ है कि व्यक्ति को काम के अधीन नहीं होना चाहिए। इसके अलावा अपरिग्रह भगवान महावीर का पांचवा एवं अंतिम सिद्धांत है जो इससे पहले के सभी चारों सिद्धांतों को परस्पर जोड़ती है। अपरिग्रह का पालन करने से व्यक्ति की चेतना से जुड़ता है। इस सिद्दांत के अनुरूप जीवन में संग्रह की प्रवृत्ति समाप्त हो जाती है। भगवान महावीर स्वामी का जीवन दर्शन एवं उनके ये उपदेश आज की परिस्थितियों में दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है। क्योंकि अहिंसा का मार्ग अपना कर ही विश्व को बचाया जा सकता है।

वर्तमान में परिस्थितियां बहुत बिगड़ गई है क्योंकि लोग हिंसा का मार्ग अपना कर अपना ही अहित करने लगे है। जबकि सभी प्राणियों को अपने प्राण प्यारे हैं, तथा सुख सबको सुहाता है, दुःख अच्छा नहीं लगता। इसी प्रकार हिंसा बुरी लगती है एवं जीव मात्र जीवित रहना पसंद करता है। इसलिए जब तक मानव रहेगा, तब तक भगवान महावीर का जीवन दर्शन प्रासंगिक रहेगा।



# सत्य के भाव, प्रभाव और अभाव में महावीर का दर्शन





पवन जैन

**भगवान महावीर संसार के समस्त जीवों के लिए सत्य को ही जीवन का सच्चा तत्व समझने का मार्ग बताते हैं। प्रत्येक वस्तु में या तो सत्य का भाव है, या सत्य का प्रभाव है, या फिर सत्य का अभाव है।**

मनुष्य जन्म की महानता इसी में है कि हम हर पल, प्रति क्षण, हमेशा सरलता, शुद्धता तथा सत्य के मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता के साथ लगातार आगे बढ़ते हुए समस्त संसार के सभी जीवों के कल्याण में सहायक बनते रहें। इसी को सांसारिक जीवन का सबसे श्रेष्ठ मार्ग माना गया है। जैन धर्म की महान परंपरा में यही एक मात्र जीवन पद्धति है, जिसके अनुसार जीवन की शुद्धता तथा उसी शुद्धता को परिष्त करके हुए अंत में मोक्ष मार्ग पर प्रवृत्त हुआ जा सकता है। इसी परिप्रेक्ष्य में भगवान महावीर स्वामी के पांच जीवन सिद्धांतों की व्यापक दृष्टि के अनुरूप सत्य की विवेचना को देखें, तो भगवान महावीर संसार के समस्त जीवों के लिए सत्य को ही जीवन का सच्चा तत्व समझने का मार्ग बताते हैं। प्रत्येक वस्तु में या तो सत्य का भाव है, या सत्य का प्रभाव है, या फिर सत्य का अभाव है। भाव, प्रभाव एवं अभाव के इन तीनों तत्वों में सत्य की सार्थकता नीहित है, क्योंकि मूल में सत्य ही सार्थक है। इसीलिए महावीर कहते हैं कि सत्य ही जीवन की सर्वश्रेष्ठता को साबित करने का मार्ग है। इसीलिए यह मान्यता है कि जो व्यक्ति जीवन के हर कार्य के दौरान सत्य की अनुपालना में रहता है, प्रत्येक कर्म में सत्य के साथ खड़ा रहता है, तथा हर व्यवहार में सत्य को ही तत्व पाता है, वही व्यक्ति मृत्यु के पश्चात भी संसार को पार करके मोक्षमार्ग की तरफ प्रवृत्त होता है। महावीर कहते हैं कि जीवन में सत्य को प्रमुखता देनी चाहिए। तीर्थंकर भगवान महावीर आज के जमाने में हमारे लिए अहिंसा के मूर्तिमान प्रति के रूप में सारी दुनिया में जाने जाते हैं, क्योंकि उनका जीवन सत्य के मार्ग पर चलकर, त्याग और तपस्या से भरे एक मनुष्य का जीवन था। उन्होंने राजकुल में जन्म लेने के बावजूद अपने शरीर पर एक लंगोटी तक धारण करने का परिग्रह नहीं रखा। भगवान महावीर ने जब मनुष्य जन्म धारण किया, उस कालखंड में उनका जन्म समस्त संसार के जीवन के कल्याण के लिए हुआ था, ऐसा माना जाता है। क्योंकि वह दौर ऐसा था कि संसार में चारों तरफ हिंसा, पशुबलि, जाति-पांति के भेदभाव बहुत बढ़ गए थे। ऐसे में संसार के समस्त जीवों के जीवन के कल्याण के लिए हर एक को उन्होंने सत्य - अहिंसा का पाठ पढ़ाया। भगवान महावीर ने समस्त संसार को पंचशील का जीवन सिद्धांत बताया तथा उसी के अनुरूप सत्य के सिद्धांत को सर्वोपरि माना जाता है क्योंकि सत्य ही समस्त तत्वों का मूलभूत तत्व हैं। भगवान महावीर ने सत्य को जीवन की आधारशिला के रूप में स्थापित करते हुए हमें पंच महाव्रत पर आधारित अपने कुछ खास उपदेशों के माध्यम से समस्त संसार को सत्य की सही राह दिखाई एवं संसार को सत्य की सार्थकता का मार्गदर्शन किया। वास्तव में देखा जाए, तो संसार में सत्य के अतिरिक्त और कुछ है ही नहीं। लेकिन आज के जीवन में हम सत्य की श्रेष्ठता को जानते हुए भी सत्य के सर्वश्रेष्ठ मार्ग के महत्व को जानते हुए भी उस पर कितना चलते हैं, यह किसी से अन्य से पूछने की आवश्यकता नहीं है, यह प्रश्न हमें केवल स्वयं से ही पूछकर उत्तर का समाधान भी स्वयं को ही करना है।

हमें हमारे भीतर से उत्तर यही मिलेगा कि सत्य का भान होते हुए ही हम हमारे भगवान के बताए सत्य मार्ग की अवहेलना करते हुए अधितकर समय असत्यता में गुजारते हैं। तो फिर हमें यह प्रश्न करने का कोई अधिकार ही नहीं है कि आखिर संसार में हमें इतने कष्ट क्यों मिल रहे हैं। इसका उत्तर सत्य में खोजना चाहिए, क्योंकि सत्य ही संसार के समस्त प्रश्नों का उत्तर है।

# जैन धर्म की महानता का दिन है महावीर जन्म कल्याणक



चीफ संजय जैन

**भगवान महावीर ने याग, तपस्या, ध्यान व समाज के उद्धार के जरिए ही महानता को प्राप्त हुए। उनकी महानता के कारण ही उनकी जन्म तिथि चैत्र सुद तेरस का दिन जैन धर्म की महानता का पावन दिन माना जाता है।**

भगवान महावीर के जन्म को लेकर वैसे तो अनेक कथाएं प्रचलित हैं, किंतु किसी में भी तथ्यों में कोई फर्क नहीं है, साथ ही सभी का सार तत्व भी एक ही है। हां, कहीं किसी घटना को महावीर की महानता में प्रभावोत्पादकता के लिए भले ही मान लिया जाता है, किंतु अतिरंजना कहीं भी नहीं है। चैत्र सुद तेरस के दिन महारानी त्रिशला और महाराजा सिद्धार्थ के राजमहल में जन्मे भगवान महावीर बाद में अपने त्याग, तपस्या व आत्मबल के प्रतान पर अपनी महानता को प्राप्त हुए, तथा बाद से ही वर्धमान, महावीर, सन्मति, श्रमण आदि कई अन्य नामों से भी जाने जाते हैं। जन्म तो भगवान महावीर का भी एक साधारण बालक के रूप मे हुआ था, तथा बचपन से ही महावीर अत्यंत तेजस्वी और प्रतापी थे। किंतु उन्होंने अपनी कठिन तपस्या, ध्यान व त्याग के द्वारा अपने जीवन को महान बनाया। महावीर कहते हैं कि मनुष्य के कर्मो की श्रेष्ठता ही उसकी महानता का पैमाना होता है। उन्होंने कहा है कि कोई भी मनुष्य जन्म से महान नहीं होता, परंतु मनुष्य सिर्फ कर्म से ही महान बनता है। वे तो स्वयं भी राजमहल में जन्मे थे, फिर भी वे अपने त्याग, तपस्या, ध्यान व समाज के उद्धार के जरिए ही महानता को प्राप्त हुए। उनकी महानता के कारण ही उनकी जन्म तिथि चैत्र सुद तेरस का दिन जैन धर्म की महानता का पावन दिन माना जाता है।



उम्मेदराज वर्धन

**भगवान महावीर के बताए दर्शन को हम लोग केवल अपनी समझ तथा अपने अपनाने हुए अर्थों में ही देख पाते हैं, परंतु वास्तव में उनका संपूर्ण जीवन सभी लोगों के लिए जीवन पद्धति का वास्तविक संदेश माना जाता है।**

# संपूर्ण संसार को समर्पित है महावीर का जीवन

भगवान महावीर ने दुनिया के सभी प्राणियों को सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। उन्होंने ऊंच नीच, अमीर गरीब के बीच कभी कोई भेद नहीं किया तथा सबको जीवन के कल्याण की राह बताते गए। अपने ऐसे ही अनेक महानता से भरे गुणों के कारण ही भगवान महावीर को परमात्मा के रूप में जाना जाता है। लेकिन हमने केवल किसी की हत्या न करने के छोटे से स्वरूप में ही उनके अहिंसा के सिद्धांत को ले लिया है, जबकि महावीर के मतानुसार दूसरों के दुखों को दूर करने व किसी को भी दुख न पहुंचाने की धर्मवृत्ति को ही अहिंसा धर्म कहा है। सही स्वरूप में अगर हम देखें, तो भगवान महावीर के बताए दर्शन को हम लोग केवल अपनी समझ तथा अपने अपनाने हुए अर्थों में ही देख पाते हैं, परंतु वास्तव में उनका संपूर्ण जीवन सभी लोगों के लिए जीवन पद्धति का वास्तविक संदेश माना जाता है। महावीर के मुताबिक हमारे आचरण, लोगों के प्रति व्यवहार तथा निजी जीवन में कोई अंतर नहीं रखना चाहिए। हम मन, बुद्धि, मस्तिष्क व व्यवहार में एकरूपता रखते हुए जैसा लोगों से स्वयं के प्रति व्यवहार चाहते हैं, वैसा ही दूसरों से व्यवहार करें। इसीलिए भले ही वे 24वें तीर्थंकर थे, पर वास्तव में वे समस्त संसार के प्रथम मार्गदर्शक थे। वास्तव में भगवान श्री महावीर स्वामी हमारे जीवन की पद्धति के पोषक थे।

# महावीर के अहिंसा सिद्धांत को आचरण में लाने का वक्त

**भगवान महावीर अपने जीवन में अहिंसा का सिद्धांत लेकर चले, तो समस्त संसार में उनके इस सार्थकता से संबद्ध सिद्धांत का उजियारा फैलता ही चला गया तथा मनुष्य के जीवन में हिंसा तथा अहिंसा के बीच के विशाल फर्क के महत्व की समझ का प्रसार हुआ।**

भगवान महावीर हमारे जीवन के उद्धारक हैं, वे हमारी जीवन पद्धति के निर्माता है तथा हमारी संस्कृति के संवाहक हैं। उनका संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है इसलिए वह स्वतः प्रेरणादायी है। भगवान महावीर संसार में हम सामान्य लोगों की तरह ही जन्म लेकर हमारे कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़े। उनकी जीवन ही हमारे लिए जीवन पद्धति के रूप में स्थापित हो गया। उनके जीवन की हर बात बर आचरण तता हर काम हमारे जीवन के मार्ग को श्रेष्ठता प्रदान करेनवाला हैं तथा उन्हीं में हमारे जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। भगवान महावीर द्वारा संसार को प्रदत्त पंच महाव्रत में अहिंसा का सिद्धांत उनकी की मूल शिक्षा है। हमारे शास्त्रों में 'अहिंसा परमो धर्म' को उदघोष वाक्य के रूप में लिखा हुआ माना गया है। दूसरों के जीवन को भी सफल बनाने का भार स्वीकार करनेवाले हमारे साधु भगवंत भी हमें सदा सदा से अहिंसा के सिद्धांत पर चलने की प्रेरणा देते रहे हैं। वैसे समस्त मानव समाज को अहिंसा के पावन पथ पर चलने का संदेश सनातन धर्म के ग्रंथों में तो सदा - सदा से ही मिलता है, किंतु विश्व के हर धर्म में हिंसा की महानता का कोई उद्धरण नहीं है। अर्थात जीवन में अहिंसा का सिद्धांत सभी के लिए सर्वोपरि है। भगवान महावीर अपने जीवन में अहिंसा का सिद्धांत लेकर चले, तो समस्त संसार में उनके इस सार्थकता से संबद्ध सिद्धांत का उजियारा फैलता



चुन्नीलाल चंदन

ही चला गया तथा मनुष्य के जीवन में हिंसा तथा अहिंसा के बीच के विशाल फर्क के महत्व की समझ का प्रसार हुआ। भगवान महावीर ने अपने कर्म, व्यवहार, वाणी और स्वयं की जीवनचर्या से अहिंसा को समस्त मानव समाज में अत्यंत उच्च स्थान पर प्रतिष्ठित किया। आज यह इसी का स्वरूप है कि अहिंसा ने जीवन सिद्वांत का रूप लेकर स्वयं को भगवान महावीर के ऐसा जोड़ दिया कि हम उन दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। आज के जीवन के मायनों में अहिंसा तथा महावीर दोनों एक दूसरे के पूरक हो गए हैं। महावीर का अर्थ अहिंसा तथा अहिंसा का मतलब महावीर। भगवान महावीर के बताए अहिंसा के मार्ग की विवेचना करें, तो इसका सीधा व सरल सा अर्थ यही है कि हम सामान्य जीवन में किसी को भी किसी भी प्रकार का कोई कष्ट नहीं पहुंचाएं। इसके अलावा किसी भी प्राणी को अपने स्वार्थ की सिद्धि के लिए दुःख न दें, तथा समस्त अन्य लोगों से ऐसा व्यवहार करें जैसा हम स्वयं के लिए दूसरों से अपेक्षित रखते हैं। आज के संदर्भों में भगवान महावीर के अहिंसा सिद्दांत को अपने जीवन के परिप्रेक्ष्य में देखें, तो संसार के समस्त सभी जीव जन्तुओं के प्रति, मतलब पूरे प्राणी मात्र के लिए अहिंसा की भावना को मन में रखकर सबी जीवों को अभयदान दें। अपने स्वार्थ की सिद्धि के लिए तथा जीभ के स्वाद हेतु न तो किसी भी प्राणी की स्वयं हत्या करें तथा न ही दूसरों से हत्या करवाएं। साथ ही हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपयोग व उपभोग न करें। अर्थात कहा जा सकता है कि आज मनुष्य अपने सांसारिक जीवन में जिन समस्याओं तथा परेशामी भरी परिस्थितियों के बीच खड़ा है, उसका समाधान भगवान महावीर के अहिसां के सिद्धांतों में ही समाया हुआ है। यही सामान्य तौर पर अहिंसा का सिद्दांत है, लेकिन तनिक गहराई में जाएं, तो भगवान महावीर के सिद्दांत के अनुसार किसी व्यक्ति के मन को दुखाना तथा भावनाओं की अवहेलना करना भी हिंसा की श्रेणी में ही माना जाता है। हम जैन हैं, लेकिन भगवान महावीर के अहिंसा के जीवन सिद्दांत का हमारे जीवन में वास्तव में कितना स्थान है, स्वयं से पूछिए।

# महावीर के सिद्धांतों वाला जीवन ही मोक्ष मार्ग का द्वार



प्रकाश कानुगो

भगवान महावीर ने कहा था कि मनुष्य जन्म से नहीं कर्म स महान होता है। इसका सार यह है कि हमारा जन्म भले ही कहीं भी हुआ हो, लेकिन हमारे कर्म अच्छे होने चाहिए। क्योंकि हम अपने द्वारा किए गए कार्यों की बदौलत ही अपना जीवन संवार सकते हैं। भगवान महावीर ने संसार के सभी जीवों के कल्याण के प्रयास हेतु अपने जीवन में किए गए कार्यों, क्रियाओं तथा व्यवहार से संसार को अनेक मार्ग दिखलाए। सांसारिक लोगों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए ही वे जीवन भर सतत प्रयासरत रहे।

सभी के जीवन में त्याग, संयम, प्रेम, करुणा, शील तथा सदाचार को सदा बनाए रखना भी उनके जीवन से मिली शिक्षा का सार है। इसके साथ ही उनके प्रवचनों में संसार के सभी जीवों के लिए सत्यतापूर्ण संवाद, अहिंसा की उपासना, अपरिग्रह की आराधना, ब्रह्मचर्य का पालन तथा समस्त जीवों के प्रति अपने मन में सदा क्षमा का भाव रखने पर ही सबसे ज्यादा प्रभाव रहा। आज जब हम वर्तमान संसार में अपना स्वयं का तथा अपने आस पास के लोगों का जीवन देखते हैं, तो लगता है कि भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों को ताक पर रखकर हम सिर्फ अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए



**हम अपने धर्म शास्त्रों में पढ़ते हैं कि भगवान महावीर के उस दौर के जीवन काल की जो भी सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांसारिक व व्यावहारिक चुनौतियां रहीं होंगी, उन सब की परवाह किए बिना उन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों के बीच धर्म सिद्धांतों का पालन करने का संदेश दिया।**

अपना जीवन जीये जा रहे हैं। हम अपने धर्म शास्त्रों में पढ़ते हैं कि भगवान महावीर के उस दौर के जीवन काल की जो भी सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांसारिक व व्यावहारिक चुनौतियां रहीं होंगी, उन सब की परवाह किए बिना उन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों के बीच धर्म सिद्धांतों का पालन करने का संदेश दिया। वे सभी को समान समझते हुए जब संसार के कल्याण की दिशा में आगे बढ़ रहे थे, तो भगवान महावीर को अपने ऊपर कई तरह के अत्याचार सहने पड़े, उनको अपने कानों में कीलें भी सहन करनी पड़ीं तथा कई जगहों पर लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा। लेकिन हर हाल में वे सर्व कल्याण की राह पर अटल रहे एवं अपने लक्ष्य को साधने के लिए सही मार्ग पर लगातार आगे बढ़ते रहे।

आज के दौर में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के अवसर पर सबके लिए यह सबसे ज्यादा आवश्यक हो गया है कि हम पहले अपने कार्यों को भगवान महावीर के बताए जीवन मार्ग पर रखकर देखें कि हम धर्म के सिद्धांतों पर कितने खरे चल रहे हैं, उसके साथ ही हम स्वयं से सवाल करें कि जैन कुल में जन्म लेने के बावजूद वास्तव में क्या हम भगवान महावीर के सिध्दांतों का पालन कर रहे हैं। हम जैन परंपरा के सिद्धांतों पर चलने वाले लोग हैं, मगर खुद को जानना भी जरूरी है, इसीलिए यह सवाल भी जरूरी है।


FOLLOW US
Jewelfolio
House of Pomani's
Natural Diamonds - Better Polki's - LuvGrown Solitaires
744 916 3 916
jewel_folio
www.jewelfolio.in
jewelfolio@gmail.com
Glitz Mall, Shop No. A-103-106, 99-Vitthalwadi, Kalbadevi Road, Mumbai 400002. INDIA.
Gautam Pomani +91 98212 37189
Anant Pomani +91 77380 49201


2624 वें
महावीर
जन्म कल्याणक
महोत्सव की शुभकामनाएं!!
ज्ञान वह है जो सत्य जानने में मदद करता है, मन को नियंत्रित करता, हमारी आत्मा को शुद्ध करता है।
- महावीर स्वामी
SCGK
BUILTECH Pvt Ltd.
सुनील चौधरी
पूर्व नगराध्यक्ष
गुणवंत खेरोदिया
गिलुण्ड - राजसमंद

**Mr. Ashokkumar S. Parekh • Mr. Girish Ashokkumar Parekh**



Late Sardarmal T. Parekh    Late Gajraben S. Parekh




**फुल्ली एक्विपड़ मॉडर्न सुविधाओं के साथ सभी साइज में आपके बजट के अनुसार (वोकेबल डिस्टेंस) स्टेशन के पास (फालना) राजस्थान**




## OUR COMPLETED PROJECTS

• PAREKH APARTMENT • PAREKH PLAZA • DEEP HOMES • DEEPALI RESIDENCY • DEEP AANGAN • VISHWAJEET RESIDENCY

## AMENITIES LIST

- 24 Hrs. CCTV Surveillance
- AC in each Bedroom
- Flat Screen TV in Living Room
- Fridge in Kitchen
- Geyser in each Bathroom
- Aquaguard in Kitchen
- Power Generator Backup for Lift
- Electric Points in each Flat
- Lights of Good Quality
- Rain water Harvesting
- Solar System
- Earthquake Resistant Structure
- Electric Fitting Wires & Switches of reputed Brands
- Fan & Tube Light of Reputed Companies
- Plumbing Fitting of Reputed Brand
- Full Tiles in Bathroom
- Vitrified 2x2 Flooring Tiles
- Stilt Parking Intercom Facility

**गोडवाड़ की औद्योगिक नगरी फालना स्टेशन में**

# पारेख मॅरेज लॉन्स

**शादी, जन्म दिन, शादी की वर्षगांठ और सभी प्रकार के त्योहार और इव्हेन्ट नवरात्री, होली, नववर्ष और अन्य त्योहारों के लिए।**



**सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है :**

• इस लॉन्स में अच्छी हरयाली • 500 से 700 लोगों की क्षमता • 40 फुट 3 15 फुट का स्टेज
• टॉयलेट और बाथरुम की सुविधा • कॅटरर्स को खाना बनाने के लिए अलग से रसोई घर
• भोजन के लिए अलग से फुड एरिया • कॅटरर्स, डेकोरेटर्स और म्युझिक वगैरे के लिए उचित सुविधा
• फालना स्टेशन से नजदीक • शुद्ध शाकाहारी खाने के लिए ही दिया जायेगा
• बरातियों के ठहरने की सुविधा





## Parekh Group of Companies

• M/s. RGP LIFESPACES PVT. LTD. • M/s. RGP LIFESPACES DEVELOPERS LLP
• M/s. PAREKH TRANSPORT GOODS & SERVICES LLP
• M/s. PAREKH INFRAPROJECT • PRESIDENCY SCHOOL

(Khudalawala Falna - Thane)

**Registered Office : Durga Niwas CHS Ltd, Grd Flr No. 1, Near Jain Temple and Lenskart Showroom, Tembhi Naka, Thane (W) - 400601, Email : rgplifespaces@gmail.com**

**Parekh Building, Opp. Choudhary Umbrella, Next to Bharat Gas, Subhash Road, Falna (Raj.) - 306116**
**Contact No. : 022-21721800, Mob.: + 91 7021022066 / 9602097263**

# महावीर जन्म कल्याणक का महत्व एवं जैन धर्म का प्रचार-प्रसार





फुटरमल जैन

भगवान महावीर स्वामी के जन्म उत्सव के रूप में मनाया जाने वाली महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव हमारा सबसे प्रमुख त्यौहार है। भगवान महावीर स्वामी हमारे महान जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे तथा वे ही जैन धर्म के प्रवर्तक माने जाते हैं। भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव न केवल हमारे भारत देश, बल्कि दुनिया भर के विभिन्न देशों में बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है। भगवान महावीर स्वामी के जन्म का यह पर्व चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन उत्सव का साथ मनाया जाता है और जैन समाज के लिए अत्यंत पवित्र एवं शुभ अवसर होता है। इस दिन भगवान महावीर के उपदेशों, शिक्षाओं और आदर्शों को याद किया जाता है, मंदिरों में पूजा - पाठ होते हैं, साधु - संतों के प्रवचन सुने जाते हैं, पाप कर्मों से दूरी बनाकर रखने में सावधानी बरती जाती है तथा मंदिरों में भव्य साज-सजावट के साथ भक्ति गीतों की संध्या के आयोजन होते हैं। इसके साथ ही भगवान महावीर स्वामी के जीवन सिद्वांतों का अपने जीवन में पालन करने का संकल्प लिया जाता है। महावीर जन्म कल्याणक का महत्व इसी से समझा जा सकता है कि भगवान महावीर स्वामी जो हमारे महान जैन धर्म के महानतम सुधारक और अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य एवं ब्रह्मचर्य जैसे सिद्धांतों के प्रवर्तक थे, उनके महत्व को जैन धर्म का प्रत्येक अनुयायी अपने जीवन में उतारने के व्रत को लेकर मंदिरों में जाता है। भगवान महावीर द्वारा प्रदत्त जैन धर्म के जो मूलभूत सिद्धांत हैं, वे हस मनुष्य के जीवन के उद्धार के मार्ग को खोलते हैं। महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर जैन अनुयायी भगवान महावीर स्वामी की शिक्षाओं को आत्मसात करने के लिए उपवास, पूजा-अर्चना, प्रवचन और दान-पुण्य जैसे धार्मिक कार्य करते हैं। इस दिन जैन मंदिरों से गांवों से लेकर कस्बों तथा शहरों से लेकर महानगरों तक में, जहां - जहां भी जैन समुदाय के लोग निवास करते हैं, वहां पर विशेष अनुष्ठान और शोभा यात्राओं के आयोजन किये जाते हैं, जिनमें हजारों लोग हिस्सा लेकर धर्म के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन करते हैं। भगवान महावीर मानवता के सच्चे उद्धारक थे, क्योंकि उनके सिद्धांतों को न केवल जैन धर्म में बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत माना जाता है। भगवान महावीर स्वामी ने संपूर्ण मानवता को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। प्रत्येक जीव के प्रति करुणा और प्रेम रखना, किसी भी प्रकार की हिंसा से बचना, हर स्थिति में सत्य का पालन करना और असत्य से बचना, भौतिक इच्छाओं को त्यागकर आध्यात्मिक शांति प्राप्त करना, किसी की भी बिना अनुमति किसी भी वस्तु का उपभोग न करना तथा इच्छाओं और वासनाओं पर नियंत्रण रखना भगवान महावीर स्वामी के मूलभूत सिद्धांत थे। इन्हीं पावन तथा सरलतम सिद्धांतों की वजह से संसार में जैन धर्म का प्रसार एवं प्रचार जबरदस्त तेजी से फैली तथा आज तो हमारे अहिंसक होने के संदेश इतना फैल गया है कि हर जगह जैन फूड भी उपलब्ध होता है। भगवान महावीर के उपदेशों ने न केवल भारत में बल्कि संपूर्ण विश्व में अहिंसा, करुणा और शांति का संदेश फैलाया तथा उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाया और जैन धर्म को एक विश्वव्यापी बनाया।

2624 वें
महावीर
जन्म कल्याणक
महोत्सव की शुभकामनाएं!!

पर्यावरण प्रेमी



हृदयस्थ श्री किशोरजी
वालचन्दजी खीमावत



श्रीमती वसंतीदेवी
किशोरजी खीमावत

भगवान महावीर
स्वामी ने सत्य, अहिंसा, अस्तेय और क्षमा करने का महान संदेश देकर विश्व को सही राह दिखाई। उनके संदेश युगों-युगों तक मानवता का पथ आलोकित करते रहेंगे।

'जन-जन तक संदेश पहुंचाना है
पर्यावरण को बचाना है'

श्री राज राजेन्द्र बसंतीदेवी किशोरमल खीमावत चेरिटेबल ट्रस्ट
मुंबई-रानी

# जीवन ही हमारे कर्म का प्रतिबिंब है - भगवान महावीर

भगवान महावीर का जीवन दर्शन, उनके उपदेश तथा उनके जीवन व्यवहार का असर संसार के समस्त प्राणियों पर बहुत सकारात्मक होता है। क्योंकि वे सीधे सकारात्मकता से संपन्न जीवन की सफलता के साथ वर्तमान जन्म की गतिविधियों से जोड़कर पूर्व जन्म के प्रभाव उसी के अनुरूप एवं भावी जन्म का ज्ञान देते थे। वे बचपन से ही तेजोमयी तथा अंतरात्मा का पवित्रता को जीतनेवाले महान दार्शनिकता संपन्न व्यक्तित्व से भरे हुए महान प्रणेता थे। महावीर ने इस जगत को न केवल मुक्ति का संदेश दिया, अपितु मुक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई। मनुष्य तो मनुष्य, पशु, वनस्पति तथा प्रत्येक जीव उनकी बात स्वीकारते थे। ऐसी ही एक घटना उनके बचपन की है, तब वे महावीर नहीं थे, उस दौर में तो वे केवल राजकुमार वर्धमान ही थे, फिर भी अपने महाराजा पिता की हाथीशाला के एक मतवाले हाथी को उन्होंने पूर्व जन्म के पाप का भुगतान तथा वर्तमान जीवन के कर्मों से अगले जन्म को संवारने का उपदेश देकर उसके जीवन को यथार्थतापूर्वक कृतार्थ करने का रास्ता दिखाया।

कथा के अनुसार - वैसे, तो महाराजा सिद्धार्थ की हाथीशाला के में अनेक हाथी थे। लेकिन एक बार उन सैकड़ों हाथियों में से एक हाथी बहुत मस्ती में आकर मतवाला होकर सारे बंधन तोड़कर हाथीशाला से भाग निकला और उसके सामने जो भी आया, उनको वह कुचला चला गया। सैकड़ों पेड़, अनेक घर और कई खेत उसने तहस-नहस कर दिये और हर तरफ जबरदस्त आतंक फैल गया। महाराज सिद्धार्थ सहित



कांतिलाल मेहता

**व्यक्ति जो भी है, वह उसके पूर्व जन्मों का फल है तथा इस जन्म में वह जो भी कर रहा है, उसका फल उसे इसी जन्म में अथवा अगले जन्म में मिलेगा। सो, हमें अपने जीवन के सफल बनाने के लिए हर पल समस्त संसार के उत्सर्ग के लिए सदा सत्कार्य करते रहना चाहिए।**

सारे महावत और सैनिक परेशान कि हाथी को कैसे कब्जे में किया जाए। कई कोशिशों के बाद बी हाथी कब्जे में आने का नाम ही नहीं ले रहा था। जब हाथी की उनमुक्तता का यह समाचार महावीर को मिला, तो वे स्वयं उस मस्त हाथी की खोज में चल पड़े। खोज करते करते एक जगह पहुंचे. जहां पर हाथी का महावीर का सामना हो गया। तो उनको देखते ही वह बहुत दूर से ही चिंघाड़ता हुआ बहुत तेजी से ऐसे दौड़ा चला आ रहा था कि जैसे महावीर को कुचलकर रख देगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उनके ठीक सामने पहुंचकर वह हाथी अचानक रुक गया। यह उनके व्यक्तित्व का प्रभाव था कि कोई भी उनसे समक्ष आता, वह उनके जैसा हो जाता। महावीर ने उस गजराज की आंखों से आंखे मिलाते हुए मृदु स्वर में कहा - हे महान शरीरधारी गजराज! अपनी उन्मुक्तता त्यागकर मन को शांत करो और शिथिल हो जाओ, और ध्यान से सुनो। महावीर उस हाथी को कहने लगे, तुम्हें अपने पूर्व जन्मों के कर्म फल स्वरूप पशु के रुप में जन्म लेना पड़ा है, किंतु यदि इस जन्म में भी तुम हिंसा का त्याग नहीं करोगे तो अगले जन्म में फिर से नर्क की भयंकर पीड़ा सहनी होगी।

अतः फिलहाल आपके पास इस पशु जन्म को सफल बनाने का समय है, एवं हिंसा छोड़कर अहिंसा के अनुसार तुम अपने भावी जीवन को सुखद बनाने का प्रयास करो। महावीर के इस जीवन दर्शन ने हाथी के अंतर्मन पर असर किया एवं उस गजराज के नेत्रों से अश्रुधारा बहने लगी। अचानक ही वह जमीन पर बैठ गया, तथा अपनी सूंड उठाकर महावीर का अभिवादन किया और शांत भाव से गजशाला की ओर लौट गया। इस कथा का सार केवल यही है कि व्यक्ति जो भी है, वह उसके पूर्व जन्मों का फल है तथा इस जन्म में वह जो भी कर रहा है, उसका फल उसे इसी जन्म में अथवा अगले जन्म में मिलेगा। सो, हमें अपने जीवन के सफल बनाने के लिए हर पल समस्त संसार के उत्सर्ग के लिए सदा सत्कार्य करते रहना चाहिए।



# महावीर को पूजने की नहीं जीवन में उतारने की जरूरत

> **भगवान महावीर के अहिंसा सिद्धांत के अनुसार सच्ची अहिंसा वह है जहां एक मनुष्य तथा दूसरे मनुष्य के बीच किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव न हो, क्योंकि जैसे ही भेद किया जाता है, तो हम जिसके साथ भेद कर रहे हैं, उसके प्रति हिंसक हो रहे हैं।**



**अरविंद राणावत**

संसार दुखों का सागर है, तथा मनुष्य पल प्रति पल उस सागर में गोते खाता रहता है। कोई व्यक्ति गोते खा-खाकर गोते खाने का आदी बन जाता है तो कोई गोते खाते हुए संसार सागर में समा जाता है। लेकिन जो भगवान में विश्वास करते हैं, भगवान की बताई जीवन पद्धति के अनुरूप आचरण करते हैं, तथा समस्त संसार के सुखद भविष्य के लिए प्रयास करते हैं, वे ही संसार सागर को पार करके परमपद को प्राप्त हो जाते हैं एवं मोक्ष पा लेते हैं। भगवान महावीर के जीवन सिद्धांत के अनुसार दूसरों के दुःख दूर करने की प्रवृत्ति ही वास्तविक अहिंसा है। महावीर के जीवन सिद्धांत के अनुसार अहिंसा ही सबसे बड़ा मार्ग है, जिसके जरिए समस्त संसार के सुख की संकल्पना की जा सकती है। मानवीय संवेदनाओं की पहचान, मनुष्य जीवन में मूल्यों एवं आदर्शों की स्थापना एवं श्रेष्ठ व सात्विकतापूर्ण आचरण, सदाचार से समाहित सांसारिक व्यवहार, वैचारिक शुद्धता तथा आदर्श चरित्र से मानव मात्र के विकास की संकल्पना ही समस्त संसार के संबंधों को एकसूत्र में बांधने की आधार भूमि केवल अहिंसा ही है।

अहिंसा का सिद्धांत ही जैन धर्म का सच्चा स्वरूप है। भगवान महावीर के अहिंसा के सिद्धांत की व्याख्या की गहराई में देखें, तो यही सर्वधर्म समभाव की वह आधारशिला है, जिसमें समता, सामाजिक न्याय और मानव प्रेम की प्रेरक शक्ति भी है। भगवान महावीर के अहिंसा सिद्धांत के अनुसार सच्ची अहिंसा वह है जहां एक मनुष्य तथा दूसरे मनुष्य के बीच किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव न हो, क्योंकि जैसे ही भेद किया जाता है, तो हम जिसके साथ भेद कर रहे हैं, उसके प्रति हिंसक हो रहे हैं। भगवान महावीर के अहिंसा के सिद्धांत की सुक्षमता का अध्ययन करें, तो स्पष्ट है कि एक शब्द व दूसरे शब्द, एक भावना व दूसरी भावना तथा एक के मन तथा दूसरे मन के बीच समन्वय न होना भी एक प्रकार की हिंसा का ही प्रतिरूप है। मतलब अहिंसा का पहला अर्थ है सामंजस्य, समानता व समता। दुनिया भर में हम देखते ही है कि जैन समाज और अहिंसा का पालन करनेवाले लोगों के बीच ही नहीं बल्कि समस्त विश्व में अहिंसा का जहां भी उल्लेख होता है, तो भगवान महावीर उसमें संपूर्ण रूप से प्रासंगिक रहते है। आज संसार के सारे मनुष्य जिन समस्याओं एवं जिन जटिल परिस्थितियों से घिरे हुए हैं, संसार के समस्त देशों की जो भी समस्याएं हैं उनका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। लेकिन इस सबके लिए सबसे पहले यह अत्यंत जरूरी है कि हम महावीर ने जीवन को सफल बनाने की दिशा में प्रयत्न करने के जो उपदेश हमें दिये हैं, उन्हें जीवन और आचरण में वास्तविक रूप में उतारें। हमारा आचरण बदलते ही हमें स्वयं के भीतर वास्तविक परिवर्तन का आभास होने लगता है। किंतु हम भगवान महावीर को केवल पूजते हैं, उनको जीवन में नहीं उतार पाते हैं।

हम सिर्फ पूजा, दर्शन तथा विधि विधान में ही सदा लगे रहते हैं और जो उनकी मूलभूत जीवन के मोक्ष के मार्ग की तरफ प्रवृत्त करनेवाली सारगर्भित शिक्षा हैं, उसे जीवन में आत्मसात कर ही नहीं पाते। यदि हम यह परिवर्तन जीवन में ले आएं, तो हमें महावीर की महानता के पथ पर अग्रसर होने मे देर नहीं लगेगी। भगवान महावीर के मुताबिक मनुष्य जन्म से नहीं, उसके कर्म से महान बनता है। अतः मानव मात्र को स्वयं के कर्मों की श्रेष्ठता की तरफ सबसे पहले ध्यान देना चाहिए, क्योंकि कर्म का यह सिद्दांत ही महावीर की चिंतन धारा को व्यापक विस्तार देता हुआ मनुष्य को महान बनाता है। इसका अर्थ यह है कि प्रत्येक व्यक्ति मनुष्य से महान बनकर महावीर में परिवर्तित हो सकता है, भगवान महावीर का यही जीवन दर्शन है।



6 वीं पुण्यतिथी पर

# ।। भावपूर्ण श्रद्धांजली ।।



जन्म :
13/2/1934

स्वर्गवास :
29/3/2019

## स्व. बख्तावरमलजी बस्तीमलजी सिरोया

(बाली / मुंबई)

यादों में हमेशा रहोगे आप प्यार बनकर
खुशबू हमेशा रहेगी जीवन में साँस बनकर,
पा ली हैं मंजिल आपने दूर गगन में,
रहना परम शांति धाम में सितारा बनकर

**श्रद्धावनत :**
समस्त सिरोया परिवार

**सिरोया इंटरप्राइजेज**

## आत्मावलोकन का अवसर है महावीर जन्म कल्याणक



रमेश मुणोत

भगवान महावीर स्वामी हमारे जीवन के पथ प्रदर्शक हैं, इसीलिए हर साल चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की तेरस को हम उनका जन्म कल्याणक महोत्सव मनाते हैं। उनका जीवन महान था, तथा उन्होंने स्वयं की जीवन शैली से हमारे जीवन की राह आलोकित की है। हम बचपन से ही मंदिरों में जाते हैं, तीर्थ यात्राएं करते हैं, दीए जलाते हैं, पूजा करते हैं, दर्शन करते हैं, तपस्या तथा दान पुण्य करने के साथ ही अहिंसा के मार्ग पर चलते हैं। मेरी राय में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर पूजा पाठ तथा धार्मिक कार्यों के साथ साथ हमें आपना आत्मावलोकन भी करना चाहिए। दरअसल, हमारे जीवन की ज्यादातर धार्मिकता केवल दिखावे का एक आवरण ओढ़े हुए हैं। अतः इस बार महावीर जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर हमें सही मायने में स्वयं के भीतर बदलाव लाने होंगे।

## संसार के हर जीव के उत्सर्ग का मार्ग है महावीर



राहुल खिमावत

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर अपने मन में श्रद्धा से भरे करोड़ों लोग मंदिरों में जाकर केवल अपने लिए सफलता की कामना नहीं करते, किंतु समस्त संसार के जीवन के उत्कर्ष की कामना करते हैं, यही जैन धर्म की महानता है। हमें साधु संतों की सीख में, पाठशालाओं मे प्राप्त विद्या में तथा शास्त्रों से सीखने को मिला है किसमाज के समस्त जीवों की सेवा तथा रक्षा का दायित्व उनसे अधिक सक्षम लोगों के हाथ है। जैन धर्म का अनुयायी होने के नाते मैं गर्व से कह सकता हूं कि भगवान महावीर स्वामी के नेतृत्व में जिन शासन की पावन परंपराओं का जो विस्तार आज तक लगातार होता ही जा रही हैं, वही हमारे ही नहीं पूरी दुनिया के जीवन को सफल बनाने का सबसे प्रमुख मार्ग है। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का यही सफल संदेश है।

## महावीर ने जैन धर्म को जैसा बनाया वैसे ही हम



बिपीन पुनमिया

भगवान महावीर स्वामीके जीवन के विभिन्न प्रसंगों के पावन उद्धरणों को जान कर, बचपन के बहुत प्रारंभिक दौर से ही मेरे मन में जो धर्म के भाव जगे, वेमेरे समझदार होने के साथ साथ पिछले कुछ सालों में और अधिक पुष्ट हुए हैं। जैन धर्म को भगवान महावीर ने बनाया ही ऐसा है कि हम सभी के उज्ज्वल भविष्य की भावना को लेकर भगवान में अपनी आस्था रखते हैं। इसी पावन आस्था के कारण ही हमारा जैन धर्म आज के विश्व में एक महान पहचान बना है, जो अपने आप में अत्यंत अद्भुत है। मेरा विश्वास है, भगवान महावीर स्वामी के जीवन चरित्र की विभिन्न शिक्षाओं की पिछले ढाई हजार से भी ज्यादा वर्षो से जो अविरल धारा बह रही है, वह हम सभी जैन धर्म के अनुयायियों की आध्यात्मिक चेतना की धारा और एकता की धारा बन कर निरंतर बहती रहेगी।

## जैसे हमारे कर्म, वैसे ही हम, महावीर ने सिखाया



महेन्द्र जैन

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के इस पावन अवसर पर भगवान महावीर स्वामी का जीवन याद करते हुए मन में स्वयं के प्रति महानता कारोमांच उत्पन्न हो रहा है। यह रोमांच इस बात का है कि हम उस जैन धर्म के अनुयायी है, जिसमें भगवान महावीर ने जन्म लिया। हमने अपने धर्म शास्त्रों में पढ़ा है, साधु भगवंतों से सुना है तथा जमाने से जाना है कि भगवान महावीर के शरीर का वर्ण, स्वर्ण वर्ण का था एवं वे सिंह से भी नहीं डरे, तो सिंह का चिन्ह पाया। भगवान महावीर स्वामी ने समसार के समस्त जीवों को मोक्ष की राह दिखाई तथा उन्होंने संयम, तप तथा ध्यान के ज्ञान से सभी का परिचय कराया। वे कहते थे कि जैसे हमारे कर्म होंगे, वैसे ही हम बनेंगे। अपनी समस्त कामनाओं, भावनाओं और इच्छाओं को जीत कर वे महावीर कहलाए, तो इन्द्रियों को जीतकर वे जिनेंद्र भी कहलाए।

## महावीर जन्म कल्याणक हमारे आदर्श का प्रतीक



राकेश हरण

भगवान महावीर ने अपने जीवन दर्शन के द्वारा समस्त मनुष्य प्रजाति को अपने सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन कराए हैं, तथा हमें त्याग, तप व संयम के द्वारा स्वयं को आत्मविश्वास से एक निष्ठ होकर, महावीर स्वामी के बताई राह पर आगे बढ़ना है। जैन धर्म में जन्म लेने के कारण हमारा दायित्व है कि भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर चलते हुए सभी जीवों के प्रति दया का भाव रखें, करुणा रखें तथा उनका रक्षण करें। हमारा समूचा जीवन सिद्धांत ही जीवों की अहिंसा पर आधारित है। जीवों का अर्थ हमने आजकल भले ही पशु - पक्षियों तक सीमित कर लिया है, लेकिन वास्तव में जीव मात्र का अर्थ मानवता की व्यापकता में निहित है। भगवान महावीर आदर्श थे। उन्होंने मानवता को एक नई दिशा दी है। उनके बताए हुये धर्म के मार्ग पर चलकर विश्व में शांति हो सकती है।

## हम जो कुछ भी हैं, वह भगवान महावीर की देन



दिनेश शाह

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के इस पावन अवसर पर हमें इस बात का चिंतन करना चाहिए कि भगवान महावीर स्वामी ने हमें कितना कुछ दिया है? हमें इस बात का भी चिंतन करना चाहिए कि, यदे वे इस धरती पर जन्म नहीं लेते, तो क्या आज हम जैसे हैं, वैसे हो पाते? इसके साथ ही इस बात पर भी हमें विचार करना चाहिए कि यदि हम जैन धर्म में जन्म नहीं लेते, तो हमारा जीवन क्या इतना विकसित तथा इतना सांस्कृतिक होता? दरअसल, आज हम जो कुछ भी हैं, हमारे पास जो भी है, तथा हमारा विकास जिन वजहों से हो रहा है, वह सब कुछ भगवान महावीर स्वामी की देन है। आज जैन धर्म के लोग दुनिया में बहुत कम होने के बावजूद बहुत ज्यादा समृद्ध हैं, हमारा जीवन किसी भी अन्य धर्म के मुकाबले ज्यादा सात्विक तथा ज्यादा तपस्विता के तेज से भरा है। यही भगवान महावीर स्वामी की देन है।

पंचम पुण्यतिथि पर

# श्रद्धांजलि



## स्व. कमलेशकुमार मोहनराजजी रातडिया मेहता

**स्वर्गवास : 18.4.2020**

आपका स्मरण हमारे प्राण हैं। आपका स्नेह हमारी पूंजी है।
आपकी शुरूआत हमारी सिद्धी है। आपका आशीष हमारी शक्ति है।
परम कृपालु परमात्मा से हमारी प्रार्थना है कि
वे आपकी दिव्यात्मा को परम शांति प्रदान करें।

**श्रद्धावनत**

**पिताश्री:** स्व. मोहनराजजी
**मातुश्री:** श्रीमती कमलाबेन **धर्मपत्नी:** ललिता **भाई-भाभी:** धीरज - संगीता
**बहन-बहनोई :** उषा दिनेशजी खिमावत, संगीता अरविंद पारेख
**पुत्र-पुत्रवधु:** यश - ट्विंकल, जय **भतीज-भतीजवधु:** करण - तनिषा **भतीजी:** जानवी
**भाणेज-भाणजी:** मिशाल, नील, सलोनी, आचल
एवं समस्त रातडिया मेहता परिवार, साण्डेराव
**ससुराल पक्ष:** शा बस्तीमलजी वरदीचंदजी कोठारी परिवार
कोट - हुबली

**प्रतिष्ठान**

**M. MEHTA & SONS**
Zaveri Bazar, Mumbai

**SMART SURFACES**
LAXMI INDUSTRIES, ANDHERI
**(Ashva Buildmate)**

जय भिक्षु | जय तुलसी | जय महाप्रज्ञजी



स्व. भंवरलालजी कोठारी



## कोठारी परीवार

## जसोल - पाली मारवाड - मुम्बई

**Kothari Group of Companies**

AANTARIK FILMS PVT LTD

EURO

World's Finest Olive Oil

Product of Spain

KOTHARI INFRASTRUCTURE

Ken Hari Spain

Single Destination Globe Satisfaction

BOLLYWOOD MIRROR

GLOBAL VISION

RANG JO DIL CHAHE

KOTHARI FABRICS

TWO x TWO RUBIA



**Ganpat Kothari** - Chairman

## क्या हम वास्तव में जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करते हैं?



बाबुलाल मंडलेशा

हम भगवान महावीर के अनुयायी हैं, लेकिन हमारा यह अनुयायीपन वास्तव में केवल दिखावा है, यह भी हमें स्वीकारना होगा। हम जब से जन्मे हैं, तभी से चैत्र शुद तेरस के दिन को उनके जन्म कल्याणक दिवस के रूप में मनाते हैं, लेकिन हम भगवान महावीर की शिक्षा तथा उनके बताए मार्ग को जीवन में कितना अपनाते हैं, यह हमारे लिए चिंतन का विषय है। आज के दौर में हम देखें, तो महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव केवल कोई एक त्यौहार नहीं बल्कि यह हमारे जीवन को संयमित करने का अवसर है। भले ही इस दिन धार्मिक जीवन जीने से हमें उमंग, उल्लास, हर्ष और खुशी मिलती है, लेकिन भगवान महावीर स्वामी ने संसार की भौतिक वस्तुओं और मोह से मुक्त होने की शिक्षा दी थी, जो हम नहीं हो पा रहे हैं। उनका कहना था कि लालच और संग्रह दुख का कारण है। अपरिग्रह से मन शांत और आत्मा स्वतंत्र होती है। उन्होंने स्वयं राजसी जीवन त्यागने का उदाहरण प्रस्तुत किया। लेकिन हम भगवान महावीर को मानते हुए भी ऐसा नहीं कर पाते, तो कोई तो हममें बहुत बड़ी कमीं है। उनका जीवन सिद्धांत हमारे जीवन में ईमानदारी और नैतिकता को बढ़ावा देता है। उन्होंने इंद्रियों पर नियंत्रण और वासना से दूर रहने की शिक्षा दी। यह केवल शारीरिक संयम तक सीमित नहीं था, बल्कि मन और विचारों की पवित्रता पर भी जोर देता था।लेकिन क्या हम वास्तव में अपने जीवन में जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन कर पाते हैं, इस पर तो हमें इस बार के महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर चिंतन करना ही चाहिए।

## ये तलाश जरूरी है कि हमारे भीतर महावीर का तत्व कहां है?



रमेश कोठारी

भगवान महावीर स्वामी हमारी चेतना के केंद्र हैं। वे ही हमारे जीवन दृष्टा हैं तथा उन्हीं के बताए मार्ग पर हम चलने का दावा करते हैं। हमारी सारी ही धार्मिक मान्यताएं भगवान महावीर की बताई हुई है तथा हम अपने जीवन व्यवहार के हर कार्य में जैनत्व का तत्व होने का दम भरते हैं। लेकिन आज भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महात्सव के पावन अवसर पर हमें यह आत्म चिंतन जरूर करना चाहिए कि भगवान महावीर स्वामी के द्वारा प्रवर्तित जैन धर्म में हमारा जन्म होने के बावजूद हमारे जीवन में भगवान महावीर स्वामी का तत्व कहां?कहां है हमारी चेतना में भगवान महावीर की शिक्षाएं तथा क्यों नहीं है हमारे आचरण में जिनशासन की धारा? यही सब सोचने, विचारने तथा चिंतन करने का अवसर है भगवान महावीर स्वामी के जन्म का यह कल्याणक महोत्सव। हमें स्वयं से सवाल करना चाहिए कि हम जैन कुल में जन्म लेने तथा कर्म तथा धर्म से जैन होने के बावजूद हमारे जीवन में जैनत्व कितना है तथा उस जैनत्व में शुद्धता कितनी है? हमें आज भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर पूर्ण निर्मल मन से यह जानने की कोशिश करनी चाहिए कि जैन होने के बावजूद हमारे जीवन में जैनत्व कहां खो गया है तथा उसे कैसे जगाया जाए। यदि हमने यह काम कर लिया, तो इस बार का महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव हमारे जीवन में सफल हो जाएगा, वरना तो साल दर साल भगवान महावीर स्वामी का जन्म दिवस आता ही है, और जाता भी है, लेकिन क्या फर्क पड़ता है।

## आत्मा के जागरण का महापर्व है महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव



कैलाश कावेडिया

जैन धर्म को संसार का सबसे महान धर्म माना जाता है, तथा तपस्या के तेज का यह धर्म संसार का सबसे अनोखा धर्म कहा जाता है जिसमें कर्म फल का सिद्धांत ही सर्वोपरि है। भगवान महावीर की शिक्षा हमें सिखाती है कि मनुष्य के जीवन में जो कुछ भी है, वह उसके कर्म का परिणाम ही है। सत्कर्म हैं, तो सत फलित होगा, अपकर्म है, तो उसका फल मिलेगा। इतनी सीबात में जीवन की सारी सरलता एवं सहजता का भाव समझाने वाले भगवान महावीर स्वामी न केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व हैं, बल्कि वे चेतना और आध्यात्मिकता के जीवंत प्रतीक हैं। भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव हमें अपने जीवन को महान बनाने के लिए आत्मा का जागरण करने, अहिंसा को अपनाने, सत्य का साथ निभाने, अपरिग्रह को हमारे आचरण में उतारने, अचौर्य का सिद्धांत समझने तथा ब्रह्मचर्य के अनुरूप जीवन जीने का संदेश देता हैं, तो उनके उपदेश इन तत्वों के जरिए हमें अपने जीवन के उत्सर्ग की राह दिखाते हैं। भगवान महावीर का पूरा जीवन दर्शन हमारे लिए प्रेरणा का ध्योतक है, उनकी हर बात हमारे जीवन के विकास के द्वार खोलती है तथा उनके उपदेश हमें सासंरिक जकड़नों के जंजाल से मुक्त करके दुविधा से दूर ले जाते हैं। हमने जैन कुल में जन्म लिया है, तो सहज स्वरूप में हम भगवान महावीर स्वामी के अनुयायी हैं। लेकिन स्वयं को उनके अनुयायी मानते हैं, मगर क्या केवल जैन होने के नाते ही हम महान हो गए? दरअसल, वास्तव में भगवान महावीर स्वामी का तत्व तथा सत्व हमारे जीवन में प्रकट होगा तथा तभी हम सच्चे जैन होंगे।

## जीवन में भगवान महावीर का तत्व ही हमारी चेतना का मूल आधार



किरणराज चौपड़ा

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर आज हम चर्चा करते हैं उनके तत्व की तथा जैनत्व की। दरअसल, धर्म केवल कोई उपासना नहीं है, पूजा भी नहीं है और प्रार्थना भी नहीं है। न तो धर्म उपवास है, न ही प्रतिकमण, व ही तपस्या अथवा कोई भक्ति है। ये तो सारे धर्म को जीने के मार्ग है, साधन है तथा कर्म है। लेकिन धर्म क्या है, यह हम जानते कहां है, यह सबसे बड़ा सवाल है। धर्म केवल मूर्तियों या ग्रंथों में भी सीमित नहीं है, तथा धर्म हमारे साधु संतों के प्रवचन सुनने में तथा उनकी सेवा करने में भी नहीं है। बल्कि धर्म हमारी चेतना में है, जो हमारे जीवन की शक्ति का अभिन्न अंग होना चाहिए। दरअसल, हमने अपने शक्ति संचय के सिद्धांत को कभी भी नहीं समझा। उसे समझने के लिए हमें हमारे जीवन में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक अवसर के महत्व को समझना होगा, उसे हमारे जीवन का अंग बनाना होगा। हमें समझना हगा कि भगवान महावीर की समस्त जीवन शिक्षा का सार हमारी आत्म चेतना में है, आत्मानुभूति में निहित है तथा आत्म संयम में समाया हुआ है। भगवान महावीर स्वामी हमें सिखाते हैं कि जीवन में कदम कदम पर शत्रु हैं, लेकिन सबसे बड़ा शत्रु बाहर नहीं, बल्कि हमारे अपने भीतर बसे काम, क्रोध, लोभ, मोह तथा अहंकार जैसे विकार हैं। ये विकार ही हमें धर्म पथ से विचलित करते हैं तथा संयमित नहीं रहने देते। अतः हम भगवान महावीर स्वामी को अपनी चेतना का केंद्र मानते हैं, तो हमें इन विकारों पर नियंत्रण पाना होगा। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव सभी को शुभकामनाएं।

## संसार को सत्य के मार्ग पर लाने को जन्मे महावीर



पुनित सुराणा

महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर मंदिरों में प्रभु महावीर की पूजा के लिए लोग जुटते हैं, आराधना के लिए आराधक जुटते हैं, भक्ति के लिए भक्त जुटते हैं और संतों - भगवंतों के प्रवचनों को सुनने बालक, वृद्ध, युवा, पुरुष और महिलाएं जुटते हैं। इस पावन दिन पर हम अपने भीतर धर्म की जागृत चेतना का साक्षात्कार करते हैं। जैन धर्म शास्त्रों के मुताबिक वर्तमान काल को अवसर्पिणी काल कहा जाता है तथा भगवान महावीर स्वामी इस अवसर्पिणी काल की चौबीसी के अंतिम तीर्थंकर हैं। खास तौर से हिंसा, पशुबलि तथा जात-पात का भेद-भाव जिस कालखंड में बहुत बढ़ गया, उसी कालखंड में भगवान महावीर स्वामी का जन्म हुआ। दुनिया को सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाने के लिए भगवान महावीर स्वामी जन्मे। उसी जन्मोत्सव अर्थात महावीर जन्म कल्याणक का ये अवसर सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का अवसर होता है।



2624 वें महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव-2025

## चैत्र शुक्ला त्रयोदशी अर्थात महावीर की महानता का दिन



मानक मेहता

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव अर्थात मनुष्यता की महानता को ऊजागर करने वाला महापर्व, जैन धर्म के प्रवर्तक तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव। हमारे भीतर बसी धार्मिक एकता का महायज्ञ। हर दिल में उमंग, हर घर में उत्सव और हर परिवार में खुशी का माहौल। हर मंदिर पर झिलमिलाता उजाला, तो हर मन में खुशियों का उजाला तथा हर तीर्थ पर दर्शानिराथियों का हुजूम। दरअसल, जब मनुष्य के मन में बसी धर्म की चेतना जागृत होती है, तो ऐसा ही धार्मिक दृश्य उपस्थित होता है, जैसा भगवान महावीर स्वामी की जन्म तिथि चैत्र शुक्ला त्रयोदशी, अर्थात चैत्र सुदी तेरस को हर साल, हर जगह, हर शहर में देखने को मिलता है। हम बेहद भाग्यशाली हैं कि हमारे जीवन में हर साल महावीर जन्म कल्याणक का पर्व आता है, यह पर्व हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश देता है।

## तीर्थंकरों से मिलन का पर्व है महावीर जन्म कल्याणक



मानक मेहता

महावीर जन्म कल्याणक एक ऐसा महापर्व है, जब श्वेतांबर, दिगंबर, स्थानकवासी और तेरापंथी सबी जैन धर्मावलंबियों की की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ जाती हैं। तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के इस जन्मदिवस पर प्रत्येक ऊम्र वर्ग के लोगों में धार्मिक एकता, सामाजिक समरसता और परस्पर प्रेम का पवित्र वातावरण उपस्थित हो जाता है। भगवान महावीर स्वामी का इसी दिन हम से मन-मिलन होता है। उनके हमसे मिलन का वो दिन हमारे जीवन के इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह सदा के लिए समा जाता है। भगवान महावीर स्वामी का आत्म धर्म संसार के प्रत्येक जीव-आत्मा के लिए समान था। उनका कहना था कि सभी आत्मा एक सी हैं, इसलिए हम दूसरों के प्रति भी वही विचार, भावना एवं व्यवहार रखें जो हम स्वयं को लिए पसन्द करते हो।

## साल दर साल सभी के धर्म की भावनाओं का ज्वार



ललित जैन

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव हमारे जीवन में हर साल आता है तथा प्रतिवर्ष, हम देखते हैं कि, कैसे देश और दुनिया के कोने-कोने में, मन में धार्मिक भावना लिए, नए-नए कपड़ों में लाखों-लाख लोग अपने अपने शहरों, गांवों तथा कस्बों में भगवान महावीर स्वामी के मंदिरों की ओर बढ़े चले जा रहे दिखते हैं। हम देख रहे हैं कि साल दर साल सभी के मन में धर्म प्रेम की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही जा रहा है। महावीर जन्म कल्याणक के दिन हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में होता है कि महावीर के मार्ग पर चलकर जीवन को सफल बनाना है। कुंडलपुर की महारानी माता त्रिशला और सम्राट सिद्धार्थ के सुपुत्र, भगवान महावीर स्वामी हर श्रद्धालु को अपने जन्म दिवस पर उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर देतेहैं, जिससे कि मन धर्ममयी हो।

## महावीर जन्म कल्याणक जैसा नहीं कोई दूसरा आयोजन



भंवर जैन

दुनिया बदल रही है, लेकिन न तो भगवान महावीर स्वामी के प्रति श्रद्धा बदली और न ही धार्मिक भावनाओं में कमी आई। हाईटेक जमाना है, हर तरफ तकनीक की दुनिया है, मन में मंडराता इंटरनेट का माहौल है, सोशल मीडिया का जमाना है, इसीलिए महावीर जन्म कल्याणक पर होने वाले आयोजन, भी आधुनिक युग के मैनेजमेंट के जरिए प्रोफेशनल्स की प्लानिंग और एक्सपर्ट्स के नए सिरे से अध्ययन का विषय बने हैं। विश्व में भगवान महावीर के विराट व्यक्तित्व के जीवन दर्शन को समझने के लिए महावीर जन्म कल्याणक जैसे अवसर के अलावा कोई दूसरा आयोजन नहीं है, और संयम, दया, क्षमा, परोपकार तथा निर्मल व्यक्तित्व के जैसा दूसरा कोई उदाहरण भी नहीं है। यही कारण है कि हाईटैक युग में भगवान महावीर स्वामी के उपदेश हमें जरूर हर माध्यम पर सुनने को मिल जाते हैं।

## सिद्धार्थ कैसे बने महावीर, जानकार पूरी दुनिया हैरान



परेश सुराणा

ढाई हजार साल से भी ज्यादा समय बीत गया, लेकिन भगवान महावीर स्वामी के जीवन को लेकर आज भी पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक राजकुमार भरी जवानी में सुख, समृद्धि, धन, राज्य, सत्ता, वैभव, परिवार तथा सब कुछ त्याग करके 12 वर्ष तक कठोर तपस्या करने निकल गया। एक व्यक्ति निश्चित होकर तपस्या में लीन रहा और लोगों ने उसके कीनों में कीलें ठोंकी, नाग ने डसा, शरीर को दीमक लग गई, भयंकर ठंड में उन पर बर्फीले पानी की बौझारें की गई, पैरों में आग लगाकर खीर पकाई, तीर, भाले व तलवारों से यातनाएं दी गई, जहरीली चींटियां छोड़कर उनसे कटवाया, हाथी से धक्के दिलवाए, सिंह से कटवाया, लगातार 6 महीने तक संगमदेव ने नाना प्रकार के कष्ट दिए, लेकिन तप को उसने भंग नहीं होने दिया। हजारों सालों से शोध चल रहे हैं और शोधकर्ता हैरान हैं।

चतुर्थ पुण्यतिथि पर

# श्रद्धांजलि



जन्म-1939

स्वर्गवास-2021

## स्व. शा उत्तमचंदजी अमीचंदजी बिरावत

कालाचौकी - मुंबई (बाली,राज.) स्वर्गवास : 05.04.2021

मीठी मधुर स्मृतियां आपकी, कभी नहीं मिट पाएगी।
आपका व्यवहार, आपकी बातें सदैव हमें याद आयेगी।
हे आदरणी अर्पित है, विनम्र हृदय से भावांजलि।
स्वीकार करें हे पुण्य आत्मा, हम सबकी यह श्रद्धांजलि।

### श्रद्धावन्त

| | | |
|---|---|---|
| धर्म पत्नी | : | चंचलबेन |
| पुत्र-पुत्रवधू | : | वसंतराज-विणा, किरणराज-कला |
| पुत्री-जमाई | : | आशा-मेहन्द्रजी, शीला-सुरेशजी |
| पौत्र-पौत्रवधू | : | अनिश-श्वेता, अंकित-सखी |
| पौत्री-पौत्री जमाई | : | श्वेता-अमितजी, अवनी-निकुंजजी, अक्षता-दिपेशजी, नेहा-मानसजी |
| प्रपौत्र-प्रपौत्री | : | परम, पहेल, समायरा |
| दोहित्र-दोहित्रवधू | : | आदित्य-अलिशा, स्नेह-शगुन |
| दोहित्री-दोहित्री जमाई | : | अनुशी-व्रतीकजी, सोमी -आयोधजी |
| प्रदोहित्र-प्रदोहित्री | : | दिवीत, निर्वाण, ह्येयान्श, माहिर, प्रीशा, अनामित्रा, अविशा, आव्या, वेदांतिका, देवीयाना, कार्निका |
| | | एवंम समस्त शा: कस्तुरचंदजी टेकाजी बिरावत परिवार |
| ससुराल पक्ष | : | शा संतोकचंदजी-मगराजजी नेनाजी सोलंकी परिवार, लुणावा (राज.) |

C6 JEWELS Diamonds & More
FINE JEWELLERY GOLD
CHAIN N CHAINS® Exclusive Gold Chains
NOVO JEWELS PLATINUM LET'S GROW TOGETHER
SJ SKYLINE JEWELS

# हर हाल में प्रासंगिक है भगवान महावीर का दर्शन

भगवान महावीर मानव जीवन के सच्चे प्रणेता माने जाते हैं। सांसारिक जीवन के सफलता के लिए उनकी दी हुई शिक्षा समस्त संसार के जीवन की आधारशिला है। कहने को भले ही भगवान महावीर जैन धर्म के तीर्थंकर थे, लेकिन सच्चे अर्थो में वे समस्त जीवन का सत्य से साक्षात्कार सिखानेवाले महापुरुष थे, इसीलिए वे भगवान कहलाए। महावीर ने समस्त संसार के लोगों को समृद्ध एवं सफल जीवन और आत्मिक - आंतरिक शांति की प्राप्ति के लिए जो राह बताई, उसका संसार में कोई विकल्प नहीं है। सही मायने में देखा जाए, तो भगवान महावीर के उपदेश या जीवन दर्शन तो हम लोग अपने अपने अर्थों में देखते हैं, लेकिन वास्तव में उनका जीवन ही उनका वास्तविक संदेश माना जाता है।

उनके आचरण, व्यवहार तथा वास्तविक जीवन में कोई अंतर नहीं था। वे जैसे थे, वैसे ही थे, वैसे ही बोलते थे, वैसे ही रहते थे। उनके मन, बुद्धि, मस्तिष्क व आचरण तथा व्यवहार में एकरुपता थी। वे किसी से भेद नहीं करते थे, एवं सर्वग्राही थे। उनकी कथनी और कथनी में कोई अंतर नहीं था। भगवान महावीर ने जीवन को समृद्ध बनाने, जीवन में सफलता प्राप्त करने, जीवन को जीतने एवं जीवन में आंतरिक तथा आत्मिक शांति पाने के लिए जो सिद्धांत प्रतिपादित किए वे पांच सिद्वांत है - सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह। उनके ये पांचों सिद्वांत बहुत प्रभावशाली है, जो हमारे जीवन को सुगम बनाने की शक्ति





अशोक खिमावत

रखते हैं। जैसे अहिंसा भगवान महावीर का प्रथम सिद्धांत है। इस सिद्धांत में समस्त संसार को हर परिस्थिति में हिंसा से दूर रहने का संदेश है। किसी का दिल दुखाना भी एक हिंसा ही है। अतः भूल कर भी किसी को कष्ट नहीं पहुंचाना चाहिए। भगवान महावीर का दूसरा सिद्धांत है सत्य। उनके अनुसार सत्य जीवन का सच्चा तत्व है, जो व्यक्ति सत्य के मार्ग पर चलता है, वह जीवन के कई कष्टों को पार कर जाता है। भगवान महावीर ने सदा लोगों को सत्य बोलने के लिए प्रेरित किया। महावीर के तीसरे सिद्धांत की बात करें, अस्तेय जीवन का अनिवार्य अंग है। जिसका पालन करने वाले किसी भी रूप में अपने मन और इच्छा के मुताबिक वस्तु ग्रहण नहीं करते। अतः जीवन में हमेशा संयम में रहना चाहिए और सिर्फ वही वस्तु लेनी चाहिए, जो मिलती है। दूसरों की वस्तुओं की इच्छा पालना भी नहीं चाहिए। फिर भगवान महावीर का चौथा सिद्धांत है ब्रह्मचर्य, जिसे जीवन की पवित्रता के गुणों के प्रदर्शन का आवश्यक अंग माना गया है।

ब्रह्मचर्य का अर्थ है कि व्यक्ति को काम के अधीन नहीं होना चाहिए। इसके अलावा अपरिग्रह भगवान महावीर का पांचवा एवं अंतिम सिद्धांत है जो इससे पहले के सभी चारों सिद्धांतों को परस्पर जोड़ती है। अपरिग्रह का पालन करने से व्यक्ति की चेतना से जुड़ता है। इस सिद्वांत के अनुरूप जीवन में संग्रह की प्रवृत्ति समाप्त हो जाती है। भगवान महावीर स्वामी का जीवन दर्शन एवं उनके ये उपदेश आज की परिस्थितियों में दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है। क्योंकि अहिंसा का मार्ग अपना कर ही विश्व को बचाया जा सकता है। वर्तमान में परिस्थितियां बहुत बिगड़ गई है क्योंकि लोग हिंसा का मार्ग अपना कर अपना ही अहित करने लगे है। जबकि सभी प्राणियों को अपने प्राण प्यारे हैं, तथा सुख सबको सुहाता है, दुःख अच्छा नहीं लगता। इसी प्रकार हिंसा बुरी लगती है एवं जीव मात्र जीवित रहना पसंद करता है। इसलिए जब तक मानव रहेगा, तब तक भगवान महावीर का जीवन दर्शन प्रासंगिक रहेगा।

Punit Surana

Associated with leading developers
- Avighna
- Lodha
- Kalpataru
- Gundecha
- Wadhva

Tie ups
- Home Loans
- Documentation
- Leasing

McCOM Property Consultatnts
MahaRERA Regn.No.:A51900007621
Residential - Commercial & Warehousing

Shop# 20, 1st Floor, Avighna IX, Opp. Ganesh Gally, Dr. B.A. Road, Lalbaug, Mumbai - 400 012
Tel.: (022) 24710819 Email: mipl.punit@gmail.com

# भगवान महावीर की व्याख्या संभव - असंभव



प्रमोद मेहता

**भगवान महावीर स्वामी न केवल हमारे जैन धर्म के, बल्कि समस्त विश्व के सभी धर्मों में निहित आस्था के केंद्र के तौर पर सभी लोगों की सामाजिक जीवन की परंपरा के भी मूल आधार भी हैं।**



महावीर को वीरों का वीर माना जाता है। वे जैन धर्म के प्रणेता आराध्य देव थे, किंतु भगवान श्री महावीर स्वामी हमारी समस्त जीवन पद्धति एवं संस्कृति के आधार हैं, उनके बताए हुए धर्म के मार्ग पर चलकर ही हम मोक्ष मार्ग पर बढ़ते हुए अपना जीवन सफल करने के पात्र बन सकते हैं। भगवान महावीर स्वामी न केवल हमारे जैन धर्म के, बल्कि समस्त विश्व के सभी धर्मों में निहित आस्था के केंद्र के तौर पर सभी लोगों की सामाजिक जीवन की परंपरा के भी मूल आधार भी हैं। उनका जीवन दर्शन समस्त संसार के सभी प्राणियों को अपना अपना जीवन को संवारने की प्रेरणा देता है तथा उनके विचारों व उनके उपदेशों में बताए आदर्शों पर चलते हुए हमें अपने जीवन के पथ को मानवता की राह पर अग्रसर करते हुए धर्म के उजाले से आलोकित करने के महान अवसर प्रदान करता है। हालांकि, भगवान महावीर की व्याख्या करना तो संभव ही नहीं है, फिर भी यदि हम महावीर शब्द की यदि व्याख्या करते हैं, तो इसे दो शब्दों में विभाजित किया जाता है, पहला शब्द निकलता है महा एवं दूसरा शब्द है वीर। महा शब्द का अर्थ तो होता है महान, विशाल, बड़ा आदि। इसी तरह से वीर शब्द का अर्थ होता है बलशाली, विजेता अथवा विजयी होनेवाला। दोनों शब्दों को मिलाकर देखते हैं तो महावीर का अर्थ होता है विजयी होनेवाला एक महान व्यक्ति यानी सभी को जीतने वाला विशाल व्यक्तित्व का धनी। भगवान महावीर के विजेता होने का अर्थ है सभी को जीतनेवाला। उन्होंने जीवन के सभी तत्वों पर विजय प्राप्त कर ली थी। कहते हैं कि कर्मवीर, बलवीर, धर्मवीर, दानवीर, शूरवीर जैसे अनेक वीरतापूर्ण कार्यों से भी सबसे ऊपर है महावीर। सत्य, अहिंसा, अचौर्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य उनके जीवन के प्रमुख सिद्धांतों में सर्वाधिक प्रमुख माने जाते हैं। जैन शास्त्रों के अनुसार भगवान महावीर के इन पांच प्रमुख जीवन सिद्धांतों को ही पंच महाव्रत कहा जाता है, तथा जैन परंपरा में विश्वास करनेवाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए इन पांच प्रमुख जीवन सिद्धांतों को अनिवार्य माना जाता है। अतः जैन धर्म के समस्त साधु साध्वी और श्रावक श्राविकाओं के लिए उनका पालन करने की बाध्यता माना जाता है।

जैसे जैसे समय बीतता जा रहा है, न केवल जैन धर्म के अनुयायियों में, बल्कि सभी धर्मों में भगवान महावीर की प्रासंगिकता बढ़ती जा रही है। उनके नाम का स्मरण समस्त संसार में श्रद्धा और भाव से लिया जाता है, इसका प्रमुख कारण यह है कि भगवान महावीर स्वामी ने समस्त संसार को न केवल मोक्ष का मार्ग दिखाया, बल्कि पाप कर्म से मुक्ति की सरल राह और सच्चाई का मार्ग भी बतलाया।




SAMIR LAKHANI
HOSPITALITY
bespoke culinary experiences

*5 decades and 3 generations later, Lakhani Caterers have continued to be the pioneers in the catering & hospitality industry in India. With its base in Mumbai, we have had the privilege to serve thousands of families across the globe.*







• weddings • outdoor catering • banquets
• international venues • trade fairs & exhibitions
• festive events
• corporate events • concerts

**: Corporate office :**

Lakhani Hires and Caterers, 304, Bombay Market, Tardeo Road, Mumbai 400034.
Landline- 022-23530195 / 022-23517615, Email- info@samirlakhani.in
*For inquiries:* Call : +91-9820184241

## हेल्थ इंश्योरेंस

**10 लाख** का मेडीक्लेम
@ **39** प्रतिदिन में 'पोलिसी 3 वर्षो में 40 लाख हो जायेगी'

85 की उम्र तक हेल्थ इंश्योरेंस
**बगैर मेडिकल चेकअप**
लिमिटेड समय ऑफर !!!

### हमारे द्वारा मेडिक्लेम में बेस्ट फैसिलिटी

- हॉस्पिटल कमरे की कोई सीमा नहीं
- इलाज राशि की कोई सीमा नहीं
- ऑल इंडिया कैशलेस हॉस्पिटल की सुविधा
- कंस्यूमेबल आइटम्स को कवर किया जाएगा
- क्लेम में कोई पैसा नहीं कटेगा
- फास्ट क्लेम सेटलमेंट की गारंटी
- 3 वर्षीय प्रीमियम पे डिस्काऊंट

### पोर्टेबिलिटी सुविधा क्या है ?

पोर्टेबिलिटी सुविधा से आप आपकी पुरानी पॉलिसी को पुराने बेनिफिट, पॉलिसी की प्रारंभ तारीख एवं बोनस के साथ, दूसरी कंपनी में ट्रांसफर कर सकते हैं. अगर आपकी पॉलिसी 2 साल से पुरानी है, तो आपकी पॉलिसी में वेटिंग पीरियड नहीं आएगा और आप अगले दिन से क्लेम कर सकते हैं.

## ज्वेलर्स इंश्योरेंस

### कौन पॉलिसी ले सकता है?

- ज्वेलरी रेल्टेयर/होलसेलर
- मैन्युफैक्चरर (फैक्ट्री)
- गोल्ड बुलियन
- हॉलमार्किंग
- कारीगर (वर्कशॉप)
- डायमंड कंपनी
- सिल्वर कंपनी
- प्लेटिनम कंपनी

### क्या कवर मिलता है?

चोरी, डकैती, शॉप लिफ्टिंग, रस्ते में लूट, लॉजिस्टिक, कारीगर, स्टाफ द्वारा फिडेलिटी (धोखाधड़ी), थर्ड पार्टी द्वारा फिडेलिटी, हॉलमार्किंग, फर्नीचर, मशीनरी, कैश, आग, बाढ़, आतंकवादी हमला, प्राकृतिक आपदाएं कवर है.

**हम गारंटी देते है :**
- 24/7 क्लेम सर्विस की
- बेस्ट टर्म्स कंडीशन की
- कम से कम प्रीमियम की
- बेस्ट कंपनी द्वारा पॉलिसी

### टॉप क्लेम सेटलमेंट (2022-2024)

2 करोड़ - धनलक्ष्मी ज्वेल्स (फिडेलिटी क्लेम)
1 करोड़ - आगम ज्वेलर्स (ट्रांजिट क्लेम)
1 करोड़ - धाकड़ ज्वेल्स (फिडेलिटी क्लेम)
और सेकडो क्लेम सेटल किए है....

## लाइफ इंश्योरेंस

फाइनेंशियल एक्सपर्ट के मुताबिक आनेवाले 25 साल भारत के भविष्य के लिए प्रगतिशील है और बाजार संबंधित स्कीम में निवेश करना लाभदायक हो सकता है.

इसलिए निम्नलिखित ऐसे प्लान जो लाइफ कवर के साथ बाजार निवेश से बेहतर रिटर्न्स भी देंगे:

**25000** प्रति माह में
**1 करोड़*** का लाइफ कवर
25 वे वर्ष में
**5 करोड़*** मैच्योरिटी राशि

**41666** प्रति माह में
25 वे वर्ष में
**5 करोड़*** मैच्योरिटी राशि
**4 लाख** हर वर्ष आजीवन पेंशन
**5 करोड़*** तक लाइफ कवर

शर्तें - नियम लागू*

## 300 से अधिक एवार्ड विजेता



**Ganpat Dagliya**
Gold Medalist
T.O.T - U.S.A

**NICE**™
INSURANCE LANDMARK
One Stop Insurance Solution in India !
**Since 40 Years | 30000+ Happy Clients | 12000+ Claims Solved**
**Policies : Health | Jewellers | Factory | Building | Travel | Mutual Funds**
हमारी सेवाएँ पूरे भारत में ऑनलाईन द्वारा ले सकते है।



**Chirag Dagliya**
M.B.A & Harvard Cert.
T.O.T - U.S.A

A 801/802/803, Shreepati Aradhana, 8th floor, Dr. A. M. Road, Kabutar Khana, Nr. Kalbadevi, Marine Lines (E), Mumbai - 400 002.
Email : info@niceinsure.com | www.niceinsure.com ☎ 022 - 46090022/23/24 Intercom: 5050
+91 98692 30444 | 98690 50031

**क्लेम सर्विस 100% गारंटी पुरे भारत में**


पुणे का सुप्रसिद्ध
उगम
सन १९६९
GHEE benefits
Burns Fat
CLA speeds up the fat-burning process.
Promotes Strong Bones
Vitamin K2 prevents calcification of soft tissues.
Helps Build Museles
Vitamin A & B aids in the growth of muscles.
Gold Heart Health
Omega-3 fatty acid promotes healthy heart by reducing inflammation & fat cells.
गाय का प्रीमियम घी
भैंस का प्रीमियम घी
शुद्धता और पोषणता का अमूल्य संगम
Net Content 5l (4500g)
100% QUALITY
5 लिटर पर 1 बैग फ्री
15 किलो पर 1 बैग फ्री
दानेदार देसी घी
गाय और भैंस का देसी घी
सभी पैकिंग में उपलब्ध
100, 250, 500 मि.लि.,
1, 5, 10 लिटर, 15 किलो
उगम ॲग्रो एन्ड डेअरी प्रोडक्टस प्रा. लि., पुणे
फोन : 26066132 / 26061379
पुणे वितरक : उगम एजन्सी, गणेश पेठ उगम डिस्ट्रब्यूटर्स, मुकुंद नगर
मुंबई वितरक : निर्मल डेअरी डिस्ट्रब्यूटर्स
7 केशवजी नाईक रोड, भात बाजार, मुंबई - 400009
9221033555 / 9221071117
9922550055
Available on amazon & Jio Mart
Ugamghee

# हर क्षण महावीर बनने की तैयारी में जुटें





ललित गर्ग

**महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो।**

भगवान महावीर सिर्फ जैनियों के लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के पूजनीय है। महावीर की शिक्षाओं की उपादेयता सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सार्वदेशिक है, दुनिया के तमाम लोगों ले इनके जीवन एवं विचारों से प्रेरणा ली है। सत्य, अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह ऐसे सिद्धान्त हैं, जो हमेशा स्वीकार्य रहेंगे और विश्व मानवता को प्रेरणा देते रहेंगे। महावीर का संपूर्ण जीवन मानवता के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। इसलिए महावीर को जीवंतता देना आज के हिंसा, युद्ध, आतंक एवं आर्थिक विषमता के दौर में ज्यादा जरूरी है।

भगवान महावीर की शिक्षाओं का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में किस प्रकार समावेश हो और कैसे हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। विशेषतः जैन समाज के लोग एवं अनुयायी ही महावीर को भूलते जा रहे हैं, उनकी शिक्षाओं एवं प्रेरणाओं को ताक पर रख रहे हैं। दुःख तो इस बात का है कि जैन समाज के सर्वे-सर्वा लोग ही सबसे ज्यादा महावीर को सबसे अधिक अप्रासंगिक बना रहे हैं, महावीर ने जिन-जिन बुराइयां पर प्रहार किया, वे उन्हें ही अधिक अपना रहे हैं। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं कर पाते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं और जो मूलभूत सारगर्भित शिक्षाएं हैं, उन्हें जीवन में नहीं उतार पाते।

समय के आकाश पर आज अनगिनत प्रश्नों का कोलाहल है। महावीर ने जो उपदेश दिया हम उसे आचरण में क्यों नहीं उतार पाए? मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था और विश्वास कमजोर क्यों पड़ा? धर्म की व्याख्या में हमने अपना मत, अपना स्वार्थ, अपनी सुविधा, अपना सिद्धान्त क्यों जोड़ दिया? ये ऐसे प्रश्न हैं जो हमारे जीवन को जटिल और समस्याग्रस्त बना रहे हैं। मनुष्य जिन समस्याओं से और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। जरूरी है कि हम महावीर ने जो उपदेश दिये उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जिसके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो। जिसका जीवन संयममय एवं अनियंत्रित इच्छाओं से मुक्त हो।

महावीर जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। व्यावहारिक जीवन में यह आवश्यक है कि हम अहंकार को मिटाकर शुद्ध हृदय से आवश्यकता अनुसार बार-बार क्षमा एवं मैत्री का जीवन जीयें। महावीर का संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है इसलिए वह स्वतः प्रेरणादायी है। भगवान के उपदेश जीवनस्पर्शी हैं जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। भगवान महावीर चिन्मय दीपक हैं। दीपक अंधकार का हरण करता है किंतु अज्ञान रूपी अंधकार को हरने के लिए चिन्मय दीपक की उपादेयता निर्विवाद है। वस्तुतः भगवान के प्रवचन और उपदेश आलोक पुंज हैं। ज्ञान रश्मियों से आप्लावित होने के लिए उनमें निमज्जन जरूरी है।

महावीर आदमी को उपदेश/दृष्टि देते हैं कि धर्म का सही अर्थ समझो। धर्म तुम्हें सुख, शांति, समृद्धि, समाधि, आज, अभी दे या कालक्रम से दे, इसका मूल्य नहीं है। मूल्य है धर्म तुम्हें समता, पवित्रता, नैतिकता, अहिंसा की अनुभूति कराता है। महावीर बनने की कसौटी है-देश और काल से निरपेक्ष तथा जाति और संप्रदाय की कारा से मुक्त चेतना का आविर्भाव। भगवान महावीर एक कालजयी और असांप्रदायिक महापुरुष थे, जिन्होंने अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत को तीव्रता से जीया। वे इस महान त्रिपदी के न केवल प्रयोक्ता और प्रणेता बने बल्कि पर्याय बन गए। आज के युग की जो भी समस्याएं हैं, चाहे हिंसा एवं युद्ध की समस्या हो, चाहे राजनीतिक अपराधीकरण एवं अनैतिकता की समस्या, चाहे तनाव एवं मानसिक विकृतियां हो, चाहे आर्थिक एवं पर्यावरण की समस्या हो- इन सब समस्याओं का समाधान महावीर के अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत के सिद्धान्तों एवं उपदेशों में निहित है। इसलिये आज महावीर के पुनर्जन्म की नहीं बल्कि उनके द्वारा जीये गये आदर्श जीवन के अवतरण की/पुनर्जन्म की अपेक्षा है। जरूरत है हम बदलें, हमारा स्वभाव बदले और हम हर क्षण महावीर बनने की तैयारी में जुटें तभी महावीर जयंती मनाना सार्थक होगा।



## महावीर स्वामी के 34 भव

1. पुरुरवा भील
2. पहले स्वर्ग में देव
3. भरत पुत्र मारीचि
4. पाँचवें स्वर्ग में देव
5. जटिल ब्राह्मण
6. पहले स्वर्ग में देव
7. पुष्यमित्र ब्राह्मण
8. पहले स्वर्ग-देव
9. अग्नि सम-ब्राह्मण
10. तीसरे स्वर्ग-देव
11. अग्नि मित्र-ब्राह्मण
12. चौथे स्वर्ग में देव
13. भारद्वाज ब्राह्मण
14. चौथे स्वर्ग-देव
15. मनुष्य
16. स्थावर ब्राह्मण
17. चौथे स्वर्ग में देव
18. विश्वनंदी
19. दसवें स्वर्ग-देव
20. त्रिपृष्ठ अर्धचक्री
21. सातवें नरक में
22. सिंह
23. पहले नरक में
24. सिंह
25. पहले स्वर्ग-देव
26. विद्याधर
27. सातवें स्वर्ग में देव
28. हरिषेण राजा
29. दसवें स्वर्ग में देव
30. चक्रवर्ती प्रियमित्र
31. 12वें स्वर्ग-देव
32. राजा नंदन
33. सोलहवें स्वर्ग में इंद्र
34. तीर्थंकर महावीर

इनके मध्य असंख्य वर्षों तक नरकों, त्रस स्थावर योनियों, इतर निगोद में जो भव ग्रहण किए उनकी गिनती नहीं हो सकती।




जोश, जज्बे व मेहनत को सलाम छूते रहे सफलता के नये आयाम

**25 वर्षों से बीमा सेवा में कार्यरत**

## 'जीवन श्री पॉलिसी' जैसा प्लान पुनः लॉन्च

एल आई सी के इतिहास में सबसे ज्यादा बिकने वाला पोप्युलर प्लान जीवन श्री जैसा पुनः लॉन्च हुआ है जब प्लान ज्यादा पोप्युलर हुआ और बड़ी मात्रा में लोग ले रहे थे तब एलआईसी ने प्लान बंद कर दिया था जिससे काफी लोग लेने से वंचित रह गये थे। अब एलआईसी ने नये फीचर के साथ प्लान पुनः लॉन्च किया है, अतः आप प्लान बंद होने का इंतजार न करके तुरन्त हमसे सम्पर्क करके ज्यादा रिटर्न व जीवन सुरक्षा के लिए प्लानिंग करके निश्चिंत हो जाए। कल हो न हो बेहतर कल के लिए प्लानिंग आज ही करें! * शर्तें लागू

प्रतिदिन सिर्फ
**40 रुपये में**
**1 करोड़ का बीमा**
परिवार की सुरक्षा के लिये।

## 23वीं बार लगातार MDRT & COT (America) होने पर दिनेश पुरोहित को BEST LIC AGENT की ट्रॉफी देते हुए अधिकारीगण।

- ज्वेलरी इंश्योरन्स
- कार इंश्योरन्स
- मरिन इंश्योरन्स
- बिल्डींग इंश्योरन्स
- मेडिक्लम पॉलिसी/पुरानी पॉलिसी की पोर्टेबिलीटी सुविधा साथ एवं अन्य सभी बीमा पॉलिसी

- बचाईये रोजाना 30 रुपया, बीमा कवर 25 लाख, पॉलिसी पूर्णावधी तक जीवित रहने पर मुल प्रीमियम वापस।
- बचाईये रोजाना 100 रुपया, पॉलिसी पूर्ण होने पर मिलेगा 20 लाख, साथ में 8 लाख का बीमा कवर एवं एक्सिडेंट कवर 16 लाख रुपये।
- बचाईये रोजाना 200 रुपया, तय पेन्शन अवधी से आजीवन सालाना पेन्शन 2 लाख रुपये। पॉलिसी पूर्णावधी तक कुल फायदा 3 करोड़ रुपये साथ में आजीवन बीमा भी।
- अपने लाडले बच्चों के शिक्षा व शादी का प्रबंध करें। प्रस्तावक के जीवित न रहने पर बीना पैसा भरे पॉलिसी में तय किये अनुसार बच्चें के लिए एलआईसी पैसा देगी।

**12000 संतुष्ट ग्राहक**

**दावा भुगतान में अग्रणी**

**राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता**

## खुश खबर! खुश खबर!!

### कालबादेवी क्षेत्र में LIC का प्रीमियम कलेक्शन सेंटर!

यहां पर आप प्रीमियम भरने, पोलिसी सर्विस एवं मुफ्त व जानकारी के लिये सम्पर्क कर सकते हैं।

''बागवान'' में अमिताभ बच्चन के साथ जो हुआ। ''अवतार'' में राजेश खन्ना के साथ जो हुआ। वैसा ही आपकी जिंदगी के साथ ना हो।
कल हो ना हो, कल की चिन्ता आज करें। सुनहरे कल के लिए प्लानींग आज ही करें।



**PUROHIT INSURANCE CONSULTANCY (SINCE-1998)**

Head Office: Shop No. 6 & 7, 2nd Floor, Thakkar Shopping Mall, S. V. Road, Opp. Railway Station, Borivali (W), Mumbai - 400092 | Tel.: 022 49623300
Branch Office: Shop No. 55, 1st Floor, Swadeshi Market, Kalbadevi, Mumbai - 400002
Tel.: 022 66333820, Email: purohitinsuranceconsultancy@gmail.com

Dinesh K. Purohit
Member - MDRT & COT USA
Mob.: 9869407134
Dhiraj Purohit
Mob.: 9987261761

# महावीर की महानता का बोध जरूरी है जीवन में

भगवान महावीर स्वामी जी को जीवन पर विजय प्राप्त करने तथा जीते जी मोक्ष मार्ग के द्वार खोलने का मार्ग बताने वाले महानतम जीवन जीने वाले तीर्थंकर के रूप में जाना जाता है। उन्होंने हमें आत्मिक सुख के साधन दिखाए, तो मोक्ष मार्ग के सच्चे सुख की प्राप्ति के लिए धर्म के उपदेश भी दिये। भगवान महावीर स्वामी के उपदेशों का गहराई से अध्ययन किया जाए, तो उनके प्रत्येक उपदेश का सार बहुत सरल है, जिसको समझने में किसी भी सामान्य मनुष्य को भी पल भर भी नहीं लगता। किंतु फिर भी करोड़ों लोग जीवन को जीते जाते हैं, लेकिन भगवान महावीर के बताए सरलतम मार्ग को भी समझ नहीं पाते। क्योंकि उनकी समझ पर अधर्म का आवरण चढ़ा हुआ है।



**महावीर स्वामी के सिद्धांतों का सीधा सा सार यही है कि हमारा जीवन केवल हमारी अपनी आत्मा के कल्याण करने में ही समाप्त हो जाए, तो उसका कोई सार नहीं होता। उनके उपदेशों का सार है कि हमारे जीवन का प्रथम उद्धेश्य यही है कि हम अपने आसपास रहनेवाले सभी लोगों के जीवन के कल्याण का प्रयास भी करते रहें।**

उनके सरलतम सिद्धांतों का सीधा सा सार यही है कि हमारा जीवन केवल हमारी अपनी आत्मा के कल्याण करने में ही समाप्त हो जाए, तो उसका कोई सार नहीं होता। उनके उपदेशों का सार है कि हमारे जीवन का प्रथम उद्धेश्य यही है कि हम अपने आसपास रहनेवाले सभी लोगों के जीवन के कल्याण का प्रयास भी करते रहें। साथ ही मानव मात्र का यह भी कर्तव्य है कि संसार के करोड़ों लोग जो विभिन्न विषमताओं से पीड़ित हो रहे हैं उनको उन परेशानियों से मुक्ति दिलाने के लिए भी सदा प्रयत्नशील रहें। भगवान महावीर के उपदेशों के अनुसार परमात्मा ने सभी जीवों को अपने कर्म के अनुसार प्रतिफल दिया है, तथा मनुष्य जीवन उनमें सबसे श्रेष्ठ है। परमात्मा ने सभी मनुष्यों को समान जीवन सामर्थ्य प्रदान किया है, परंतु अनेक लोग धर्म की अज्ञानता के भाव में अच्छे कार्यों को छोड़कर दुष्कर्मों की तरफ प्रवृत्त होकर अपने जीवन को नरक का द्वार बना लेते हैं। ऐसे लोगों को भगवान महावीर द्वारा बताई गई जीवन की सच्ची राह दिखाना तथा उस पर चलते रहकर पाप कर्मों को करने से रोकना भी भगवान महावीर के हम सभी अनुयायियों का प्रथम कर्तव्य है। उनके इसी जीवन दर्शन से प्रेरित लोग एक दूसरे के प्रति जुड़ाव महसूस करते हुए सभी को सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने को प्रेरित करते हैं।



गुणवंत खरोदिया

दुनिया भर में रहनेवाला प्रत्येक जैन व्यक्ति इस पावन परंपरा का पालन करता हुआ करोड़ों लोगों को जैन धर्म की श्रेष्ठता व महावीर की महानता का बोध कराता है। उस बोध का सार केवल यही है कि सत्य के मार्ग पर चलकर, मन में करुणा का भाव रखते हुए समाज की सेवा करना ही जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। भगवान महावीर सदा ही समानता की बात करते थे, किंतु वर्तमान युग में समाज में आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है, जिसे भगवान महावीर के 'अपरिग्रह' के सिद्धांत द्वारा ही भरा जा सकता है।




आपके अटल विश्वास और अटूट प्रेम की डोर में बंधे है
हमारे नयनाभिरम्य स्वर्ण आभूषण
Sakariya Jewels
Specialist in : 916 Hallmark Gold Jewellery
& Certified Diamond Jewellery (Wholesale & Retail)
177/179, Laxmi House, Ground Floor
Near Cotton Exchange, Kalbadevi Road, Mumbai - 400 002.
Tel.: 2240 6816, 4968 6425 | I.Com: 7285
Sakariya
JEWELLERS
WHOLESALE & RETAIL GOLD EXCLUSIVE JEWELLERY
177/179, Kalbadevi Road, Laxmi House, 1st Floor
Near Cotton Exchange, Mumbai - 400 002.
Tel.: 2240 4800, 2240 4825 | Fax : 2240 1023, I.Com: 7283

# महावीर के पंच महाव्रत में ही जीवन की महानता



मगनलाल मेहता

तीर्थंकर भगवान महावीर का जीवन त्याग व तपस्या से समृद्ध था। जिस दौर में भगवान महावीर का जन्म हुआ था, उस दौरान समस्त संसार में हिंसा, पशु बलि, सामाजिक भेद-भाव बहुत बढ़ गया, तो उनको संसार से विरक्ति हो गई। उसी विरक्ति पर विजय पाकर उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के साथ साथ आत्मिक शांति पाने के लिए जिन पांच सिद्धांतों का प्रतिपादन किया, वे पांच सिद्धांत है ङ्क सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह अस्तेय एवं ब्रह्मचर्य। इन पांच सिद्धांतों का प्रतिपादन किसी भी व्यक्ति के जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तरीके से होता है। लेकिन ज्यादातर लोग इन पर चल पाते नहीं है, जबकि ये पांचों सिद्धांत किसी भी व्यक्ति के जीवन को मोक्ष मार्ग की तरफ प्रवृत्त करने की समस्त शक्ति से संचित हैं।

अहिंसा सिद्धांत के तहत महावीर किसी भी हालात में मनुष्य को हिंसा से परे रहने की बात कहते हैं। उनका कहना है कि किसी को मारना या हत्या करना तो बहुत दूर की बात, किसी का भी दिल दुखाना भी एक प्रकार की हिंसा है। क्षमापना का प्रतिपादन भी इसी अहिंसा सिद्धांत के तहत माना जाता है, अतः भूल कर भी हमें किसी को भी किसी भी तरह का कष्ट नहीं पहुंचाना चाहिए। इसी तरह से दूसरा सिद्धांत है सत्य का, जिसके अनुसार भगवान महावीर ने लोगों को सदा सत्य बोलने के लिए प्रेरित किया। उनका कहना है कि सत्य जीवन का एकमात्र तत्व है, जिसके द्वारा व्यक्ति जीवन के कई कष्टों को पार करता हुआ संसार सागर से पार पा सकता है। अब भगवान महावीर के तीसरे सिद्धांत अपरिग्रह की गहराई में उतरते हैं, तो हम देखते हैं कि भगवान महावीर ने तो स्वयं के शरीर पर एक वस्त्र तक का परिग्रह नहीं रखा तथा वे अंत तक निर्वस्त्र ही रहे। वे जानते थे कि अपरिग्रह का पालन करने से व्यक्ति अपनी अंतर्चेतना से जुड़ता है। धन, वस्तु, व्यक्ति तथा किसी भी तत्व के किसी भी प्रकार की उपलब्धता या उनके न होने पर दोनों ही स्थितियों में समान भाव से रहना ही अपरिग्रह का भाव है।



**भगवान महावीर ने तो स्वयं के शरीर पर एक वस्त्र तक का परिग्रह नहीं रखा तथा वे अंत तक निर्वस्त्र ही रहे। वे जानते थे कि अपरिग्रह का पालन करने से व्यक्ति अपनी अंतर्चेतना से जुड़ता है। धन, वस्तु, व्यक्ति तथा किसी भी तत्व के किसी भी प्रकार की उपलब्धता या उनके न होने पर दोनों ही स्थितियों में समान भाव से रहना ही अपरिग्रह का भाव है।**

इसके पश्चात आता है अस्तेय जो हमें संयम सिखाता है, अचौर्य भी इसी को कहते हैं। इससे जीवन में हमेशा संयम बना रहता है। क्योंकि अस्तेय का अर्थ है सिर्फ वही वस्तु लेनी चाहिए, जो प्राप्त है। दूसरों की वस्तुओं की प्राप्ति की इच्छा लेश मात्र भी नहीं रखनी चाहिए। फिर आता है ब्रह्मचर्य, जिसका वास्तविक अर्थ है अपने भीतर के ब्रह्म को पहचानना, तथा दूसरा स्थूल अर्थ है कि कामभावना के वश नहीं होना चाहिए। ब्रह्मचर्य के इन दोनों ही रास्तों पर चलकर ही हम जीवन की पवित्रता के गुणों का प्रदर्शन कर सकते हैं।






# तीर्थंकर महावीर का जन्म दिवस सबसे शुभ दिन



मदन सुंदेशा

जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान महावीर को हमने परमात्मा के रूप में स्वीकारा है, क्योंकि वे तीर्थंकर थे। हालांकि जन्म तो उनका भी एक साधारण बालक के रूप में ही हुआ था, लेकिन उन्होने अपनी अनेक कठिन तपस्याओं तथा लोगों के जीवन के उद्धार के बल पर अपने जीवन को महान बनाया। महावीर स्वामी के जीवन के जन्म, बाल्यकाल, शिक्षा, विवाह, गृहत्याग, भ्रमण, वर्षावास, ध्यान, तपस्या, त्याग, प्रवचन, उपदेश तथा लोगों के कल्याण आदि हर कार्य व प्रत्येक चरण में अनेक कथाएं व्याप्त हैं। कहते हैं कि भगवान महावीर स्वामी के जन्म के समय क्षत्रिय कुंड मे दस दिनो तक उत्सव मनाया गया। क्योंकि उनके जन्म के साथ ही वहां पर अनेक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले। महावीर के पिता महाराजा सिद्धार्थ ने घोषणा की कि जब से महावीर उनके राजपरिवार में जन्मे हैं, तब से उनके राज्य की प्रजा पहले से ज्यादा खुश है। कहते हैं कि उस काल में सभी का कहना था कि राजपरिवार में एक दिव्य बालक का जन्म हुआ है, क्योंकि राजकोष के धन, धान्य, भंडार, सैन्य बल आदि सभी राजकीय साधनों व संसाधनों में अचानक अभिवृद्धि होती देखी जा रही है। इसी से प्रसन्न होकर महाराजा सिद्धार्थ ने सर्वानुमति से अपने पुत्र का नाम वर्धमान रखा। जैन धर्म के आध्यात्मिक एवं आत्मिक महानता को प्राप्त तीर्थंकर का जन्म दिवस सबसे शुभ दिन माना जाता है।

# जैन धर्म की महानता का दिन है महावीर जन्म कल्याणक



सुरेश गुंदेचा

भगवान महावीर के जन्म को लेकर वैसे तो अनेक कथाएं प्रचलित हैं, किंतु किसी में भी तथ्यों में कोई फर्क नहीं है, साथ ही सभी का सार तत्व भी एक ही है। हां, कहीं किसी घटना को महावीर की महानता में प्रभावोत्पादकता के लिए भले ही मान लिया जाता है, किंतु अतिरंजना कहीं भी नहीं है। चैत्र सुद तेरस के दिन महारानी त्रिशला और महाराजा सिद्धार्थ के राजमहल में जन्मे भगवान महावीर बाद में अपने त्याग, तपस्या व आत्मबल के प्रतान पर अपनी महानता को प्राप्त हुए, तथा बाद से ही वर्धमान, महावीर, सन्मति, श्रमण आदि कई अन्य नामों से भी जाने जाते हैं। जन्म तो भगवान महावीर का भी एक साधारण बालक के रूप मे हुआ था, तथा बचपन से ही महावीर अत्यंत तेजस्वी और प्रतापी थे। किंतु उन्होंने अपनी कठिन तपस्या, ध्यान व त्याग के द्वारा अपने जीवन को महान बनाया। महावीर कहते हैं कि मनुष्य के कर्मों की श्रेष्ठता ही उसकी महानता का पैमाना होता है। उन्होंने कहा है कि कोई भी मनुष्य जन्म से महान नहीं होता, परंतु मनुष्य सिर्फ कर्म से ही महान बनता है। वे तो स्वयं भी राजमहल में जन्मे थे, फिर भी वे अपने त्याग, तपस्या, ध्यान व समाज के उद्धार के जरिए ही महानता को प्राप्त हुए। उनकी महानता के कारण ही उनकी जन्म तिथि चैत्र सुद तेरस का दिन जैन धर्म की महानता का पावन दिन माना जाता है।



# भगवान महावीर ने मनुष्य को दिखाई नई रोशनी





पदमचंद जैन

जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर को मानव समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का श्रेय जाता है। उन्होंने धर्म की एक बिल्कुल अलग परिभाषा दी, लोगों को अहिंसा का पाठ पढ़ाया, नारी का सम्मान और उन्हें बराबरी का दर्जा देना सिखाया। उनकी सीख आज के संदर्भ में भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी 599 ईसा पूर्व में थी। अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य, क्षमा और धर्म का पाठ पढ़ाने वाले भगवान महावीर का जन्म ईसा से 599 वर्ष पूर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी तिथि को बिहार में लिच्छवी वंश के महाराज श्री सिद्धार्थ और माता त्रिशिला देवी की तीसरी संतान के रूप में हुआ था।

यह वह वक्त था, जब देश में अंधविश्वास का अंधकार छाने लगा था, पशुबलि व हिंसा का बोलबाला बढ़ गया था, मानवीय मूल्यों का ह्रास हो रहा था, परस्पर सहयोग एवं सौहार्द्र का स्थान ईर्ष्या व द्वेष ने लिया था। धीरे-धीरे बड़े होते वर्धमान (माता-पिता द्वारा बचपन में रखा गया नाम) इन सबसे व्यथित हो गए थे। राजपाट का मोह उन्हें पहले भी बांध नहीं पाया था और अंततः 30 वर्ष की आयु में वह तपस्या के लिए घोर जंगल में निकल पड़े। घने वन में ज्ञान की खोज करते उन्होंने वस्त्र तथा भिक्षा पात्र तक का त्याग कर दिया। उन्होंने कठोर तप के द्वारा अपनी समस्त इंद्रियों पर विजय प्राप्त की और इसलिए वह विजेता यानी महावीर कहलाए। भगवान महावीर अहिंसा व अपरिग्रह की साक्षात मूर्ति थे। उन्होंने लोगों को अंधविश्वास, हिंसा, ईर्ष्या व द्वेष, धार्मिक कर्म-कांड, पुरोहितों के शोषण और भाग्यवाद की अकर्मण्यता की जंजीरों के जाल से बाहर निकाला और मानवजाति को प्रकाशपुंज के दर्शन कराए। उन्होंने बताया कि धर्म अंधविश्वास नहीं है, आंखें बंद कर किसी का अनुकरण करना धर्म नहीं है, यह प्रदर्शन नहीं है, किसी के प्रति घृणा एवं द्वेष नहीं है, बल्कि धर्म तो उत्कृष्ट मंगल कामना है। वर्तमान के अशांत, भ्रष्ट व हिंसक वातावरण में भी उनकी सीख उतनी की प्रासंगिक है। उनकी अहिंसा की सीख को अपनाए बिना वर्तमान अशांत माहौल में शांति की उम्मीद भी निरर्थक है। यहां इस बात का उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि भगवान महावीर केवल वध को ही हिंसा नहीं मानते थे, बल्कि उनके अनुसार, मन में किसी के प्रति बुरा विचार भी लाना हिंसा है। आधुनिक समाजवाद का नारा भी तब तक फलीफूत नहीं होगा, जब तक आर्थिक विषमता बनी रहेगी। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच असमानता की इस खाई को भगवान महावीर के 'अपरिग्रह' के सिद्धांत से ही भरा जा सकता है, जो कम साधनों में भी अधिक संतुष्टि पर बल देता है। भगवान महावीर की जन्म कल्याणक को जैन श्रद्धालु तप से इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने के पर्व के रूप में बड़े उत्साहपूर्वक व भक्तिभाव से मनाते हैं। इस दिन जैन मंदिरों में भगवान महावीर की मूर्ति का विशेष स्नान कराया जाता है, इसके बाद उन्हें सिंहासन या रथ पर बिठाकर हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाला जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में जैन धर्मावलम्बी शामिल होते हैं। इस अवसर पर जैन श्रद्धालु भगवान महावीर को फल, चावल, जल सुगंधित द्रव्य आदि वस्तुएं अर्पित करते हैं। मानवजाति को एक नई दिशा देने वाले भगवान महावीर ने 527 ईसा पूर्व को 72 वर्ष की आयु में पावापुरी में भौतिक देह का त्याग कर निर्वाण प्राप्त किया था।



# : अहिंसा परमो धर्म :

**"मधुरिमा कंठ में न होती तो शब्द विषपान बन गया होता।
आस्था दिल में न होती तो ह्रदय पाषाण बन गया होता।
प्रभु वीर से लेकर अबतक अगर ऐसा जैन धर्म न मिलता
तो यह संसार वीरान बन गया होता।।"**





**कोमल कुमार जैन**

भगवान महावीर अहिंसा और अपरिग्रह की साक्षात् मूर्ति थे । वह सभी के साथ समान भाव रखते थे और किसी को भी कोई दुःख नहीं देना चाहते थे। पंचशील सिद्धान्त के प्रवर्तक एवं जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थकर महावीर स्वामी मूर्तिमान प्रतीक थे । जिस युग में हिंसा, पशुबलि, जात-पात के भेदभाव का बोलबाला था. उसी युग में भगवान् महावीर ने जन्म लिया ।

भगवान महावीर ने अपने प्रवचनों में धर्म, सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह, क्षमा पर सबसे अधिक जोर दिया। त्याग और संयम, प्रेम और करुणा, शील और सदाचार ही उनके प्रवचनों का सार था। भगवान महावीर ने चर्तुविध संघ की स्थापना की। देश के भिन्न भिन्न भागों में घूमकर भगवान महावीर ने अपना पवित्र संदेश फैलाया। उन्होंने दुनिया को पंचशील के सिद्धान्त बताए। इसके अनुसार ये सिद्धान्त सत्य, अपरिग्रह, अस्त्येय, अहिंसा और क्षमा है। उन्होंने दुनिया को सत्य एवं अहिंसा जैसे खास उपदेशों के माध्यम से सही राह दिखाने की कोशिश की । अपने अनेक प्रवचनों से मनुष्य का सही मार्गदर्शन किया।

भगवान महावीर स्वामी ने हमें अहिंसा का पालन करते हुए, सत्य के पक्ष में रहते हुए, किसी के हक को मारे बिना, किसी को सताए बिना, अपनी मर्यादा में रहते हुए पवित्र मन से, लोभ-लालच किए बिना, नियम में बंधकर सुख दुःख में संयमभाव में रहते हुए आकुल व्याकुल हुए बिना, धर्म संगत कार्य करते हुए मोक्ष पद पाने की ओर कदम बढ़ाते हुए दुर्लभ जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया । उन्होंने जो बोला सहज रूप से बोला, सरल एवं सुबोध शैली में बोला, सापेक्ष दृष्टि से स्पष्टीकरण करते हुए बोला। आपकी वाणी ने लोक ह्रदय को अपूर्व दिव्यता प्रदान की। आपका समवसरण जहां भी गया, वह कल्याण धाम हो गया।

भगवान महावीर कहते हैं कि धर्म सबसे उत्तम मंगल है। अहिंसा, संयम और तप ही धर्म है, जिसके मन में सदा धर्म रहता है, उसे देवता भी नमस्कार करते हैं। धर्म से वृत्तियों का उन्नयन होता है। धर्म भावना से चेतना का शुद्धिकरण होता है। धर्म व्यक्ति के आचरण को पवित्र एवं शुद्ध बनाता है । धर्म से सृष्टि के प्रति करुणा एवं अपनत्व की भावना उत्पन्न होती है। इसीलिए भगवान महावीर ने कहा, एगा धम्म पडिमा, जं से आयो पवज्जवजाए अर्थात् धर्म ऐसा पवित्र अनुष्ठान है जिससे आत्मा का शुद्धिकरण होता है। भगवान महावीर ने प्राणीमात्र की हितैषिता एवं उनके कल्याण की दृष्टि से धर्म की व्याख्या की । धर्म के सिवाय संसार में कोई भी मनुष्य का रक्षक नहीं है।

महावीर स्वामी ने संसार रुपी दावानल के तप को शांत करने के लिए अहिंसा के उपदेश दिए। उनके उपदेशों को जानने और समझने के लिए कोई विशेष प्रयास की ज़रुरत नहीं। धर्म भावना से चेतना का शुद्धिकरण होता है। धर्म से वृत्तियों का उन्नयन होता है। धर्म व्यक्ति के आचरण को पवित्र एवं शुद्ध बनाता है। धर्म से सृष्टि के प्रति करुणा एवं अपनत्व की भावना उत्पन्न होती है। भगवान महावीर ने मानव भव दुर्लभता का वर्णन करते हुए गणधर गौतम से कहा था कि हे गौतम सब प्राणियों के लिए चिरकाल में मनुष्य जन्म दुर्लभ है क्योंकि कर्मों का आवरण उतीव गहन है, अंततः इस भाव को पाकर एक क्षण के लिए भी प्रमाद तथा आलस नहीं करना चाहिए। अनेक गतियों और योनियों में भटकते भटकते जब जीव शुद्धि को प्राप्त करता है तब कहीं जाकर मनुष्य योनि प्राप्त होती हैं। भगवान महावीर जी का कहना था कि किसी आत्मा की सबसे बड़ी गलती अपने असली रूप को नहीं पहचानना है तथा यह केवल आत्मज्ञान प्राप्त करके ही ठीक की जा सकती है। मनुष्य को अपने जीवन में जो धारण करना चाहिए वही धर्म है। धारण करने योग्य हिंसा, क्रुरता, कठोरता, अपवित्रता, अहंकार, क्रोध, असत्य, असंयम, व्यभिचार, परिग्रह आदि विकार हैं। यदि संसार का प्रत्येक व्यक्ति हिंसक हो जाए तो समाज का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा तथा सर्वत्र भय, अशांति एवं पाशविकता का साम्राज्य स्थापित हो जाएगा। संपूर्ण विश्व में एकमात्र जैन धर्म ही इस बात में आस्था रखता है कि प्रत्येक आत्मा में परमात्मा बनने की शक्ति विद्यमान है अर्थात् भगवान महावीर स्वामी की तरह ही प्रत्येक व्यक्ति जैन धर्म का ज्ञान प्राप्त करके उसमें सच्ची आस्था रखकर उसके अनुसार आचरण करके बड़े पुण्योदय से उसे प्राप्त कर दुर्लभ मानव योनी का एकमात्र सच्चा व अंतिम सुख, संपूर्ण जीवन जन्म - मरण के बंधन से मुक्त होने वाले कर्म करते हुए मोक्ष महाफल पाने हेतु कदम बढ़ाना तथा उसे प्राप्त कर वीर महावीर बन दुर्लभ जीवन को सार्थक कर सकता है।

महावीर ने कोई ग्रंथ नहीं लिखा। उन्होंने जो उपदेश दिए। गणधरों ने उनका संकलन किया। वे संकलन ही शास्त्र बन गए। इनमें काल, लोक, जीव आदि के भेद-प्रभेदों का इतना विशुद्ध एवं सूक्ष्म विवेचन है कि यह एक विश्व कोष का विषय नहीं अपितु ज्ञान विज्ञान की शाखाओं प्रशाखाओं के अलग अलग विश्व कोषों का समाहार है।

**चलते-चलते राह है बढ़ते-बढ़ते ज्ञान**
**तपते-तपते सूर्य है महावीर महान**

अर्थात् जिनका आचरण ही दूसरों के लिये राह/मार्ग संदेश बना, उस प्रायोगिक अनुभव से जिन्होंने आत्मज्ञान से विश्वविज्ञान को प्राप्त किया, ऐसे जीवात्मा रूपी कमल को विकसित करने वाले ज्ञान सूर्य हैं भगवान महावीर। इन सिद्धांतों का लक्ष्य आध्यात्मिक शांति, एक बेहतर पुनर्जन्म, या मुक्ति प्राप्त करना है। चक्रवर्ती के अनुसार, ये शिक्षाएँ व्यक्ति के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। महावीर की शिक्षाओं को उनके प्रमुख शिष्य, इंद्रभूति गौतम ने जैन आगम के रूप में संकलित किया था। पूरे विश्व में अहिंसा और सत्य का सन्देश देने वाले ऐसे भगवान महावीर को हमारा शत शत नमन। महावीर स्वामी की जय हो।

---

# भगवान महावीर की साधुता



**दिनेश पुरोहित**

एक बार भगवान महावीर कहीं जा रहे थे कि रास्ते में लोगों ने उनके पास आकर उन्हें आगे जाने से यह कहकर मना किया कि वहां एक भयानक सर्प रहता है, किंतु महावीर उनकी बात अनसुनी कर आगे बढ़े। तथापि कुछ लोग कौतूहलवश उनके पीछे-पीछे हो चले। थोड़ी ही देर में सांप ने उन्हें देखा और उनके समीप आकर फुफकार कर विष छोड़ना आरंभ किया, किंतु महावीर ज्यों के त्यों खड़े रहे। सर्प ने जब देखा कि उसका विष उन पर प्रभावहीन साबित हुआ है, तो उसने सोचा कि यह व्यक्ति निश्चित ही कोई महात्मा है। फिर भी उसने उनके अंगूठे को काट लिया। अचरज से उसने देखा कि खून के स्थान पर दूध बह रहा है। अब तो उसे पूर्णतया विश्वास हो गया और वह भी निश्चल पड़ा रहा। महावीर ने जब विषधर को शांत देखा, तो बोले, नागराज, मैं तुम्हारे समक्ष आत्मसमर्पण करता हूं, मेरी देह को अपना आहार मानो।

अब तो सर्प को आत्मग्लानि हुई कि उसने व्यर्थ ही एक देव पुरुष को काटा है। उसने तब बांबी में अपना सिर डाल दिया। लोग यह देख विस्मित हो गए। उन्होंने यह जानने के लिए कि वह मृत है अथवा जीवित, उसे पत्थर से मारना शुरू किया किंतु वह शांत ही पड़ा रहा। तब तो लोग उसे नाग देवता मान कर उसकी पूजा करने लगे और उसके सम्मुख दही और दूध की कटोरियां रखी जाने लगीं। इससे वहां चींटियां इकट्ठी हो गईं और सर्प को शांत देखकर चींटियों ने उसे अपना आहार बना लिया। विषधर पर महावीर की साधुता का प्रभाव पड़ चुका था। वह शांत ही रहा और उसने चींटियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। फलस्वरूप उसे स्वर्ग की प्राप्ति हुई।

# महावीर के जन्म से जग में हुआ प्रभावशाली उजाला



गणपत कोठारी

भगवान महावीर के जीवन को समझना तथा उसके अनुरूप अपने जीवन को ढालना किसी भी सामान्य व्यक्ति के लिए भी बहुत ही सरल है। लेकिन ऐसे सरल काम भी ज्यादातर सामान्य लोग नहीं कर पाते, क्योंकि हमारे चारों तरफ जीवन के इतने सारे झंझट हमने खड़े कर दिए हैं कि मुक्त ही नहीं हो पाते, जबकि महावीर का तो मार्ग ही उन मुक्ति का मार्ग है। कहते हैं कि महावीर स्वामी ने जब माता त्रिशला के यहां जन्म लिया तो सारे लोक में एक दिव्य प्रकाश फैल गया था। भगवान महावीर के बारे में सुनी जाने वाली कथाओं में कहा जाता है कि उस महान आत्मा के पृथ्वी पर जन्म के समय जो दिव्य प्रकाश फैला, तो उसके प्रभावशाली उजाले से नरक में भी कुछ देर के लिए अंधेरा समाप्त हो गया था। कहते हैं कि महावीर के जन्म के उपरांत इंद्र पृथ्वी पर आकर कुछ देर के लिए उन्हें अपने साथ ले गए जहां उनका अभिषेक किया गया, फिर वापस लौटाया। लेकिन ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार महान तीर्थंकर प्रभु महावीर का जन्म होने पर महोत्सव के लिए देवों के देवों का आना बताया गया है। देवों ने अमृत की वर्षा की, सुगंधित द्रव्यों से उन्हें नहलाया, गुलाब, कमल आदि मांगलिक फूलों से उनका पूजन किया एवं सोने, चांदी व रत्नों की वृष्टि की, फिर भी भगवान महावीर का कहना था कि मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से ही महान होता है।

# जिनशासन का महान उत्सव है महावीर जन्म कल्याणक



गणपत डागलीया

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म उत्सव को भारत में ही नहीं दुनिया भर में महावीर जन्म कल्याणक के रूप में मनाया जाता है। महावीर जन्म कल्याणक के पावन मौके पर जहां जहां पर भी भगवान महावीर के मंदिर है, अथवा अन्य तीर्थंकरों के मंदिर, जैन धर्मशालाएं, उपाश्रय या स्थानक आदि हैं, वहां महावीर जन्म कल्याणक के दिन भगवान महावीर के जन्मोत्सव को मनाने के लिए विशेष आयोजन किए जाते है। महावीर ने अपनी तपस्या से आत्मज्ञान को प्राप्त किया एवं अपनी इंद्रियों और भावनाओं पर पूरी तरह से विजय प्राप्त की। वास्तव में देखा जाए, तो महावीर जन्म कल्याणक किसी भी अन्य त्यौहार के मुकाबले बहुत ही अलग अवसर है, जिसे शांत माहौल में विशेष प्रकार की पूजा, ध्यान तथा स्तुति व भक्ति संगीत की अर्चना के जरिए मनाई जाती है। मंदिरों में इस दिन भव्य सजावट देखी जा सकती है, तथा भगवान महावीर का विशेष अभिषेक किया जाता है तथा जैन धर्मावलंबियों द्वारा मंदिरों में जाकर प्रार्थना की परंपरा है। जिन शासन की परंपरा में भगवान महावीर के इस जन्म कल्याणक के अवसर पर प्रत्येक जैन मंदिर में अपने सामर्थ्य के अनुसार गरीबों को दान देने का भी विशेष महत्व है। भगवान महावीर ने जीवन पर्यंत संसार के सभी लोगों को समता, समरसता व मानवता का मूल चरित्र सिखाया, इसीलिए उनके जन्म का यह पर्व जैन धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण त्यौहार माना जाता है।






स्वर्ग और मोक्ष की कामना आपसे
जैन धर्म का कल्यान आपसे
मेरे वीर | जय महावीर



SHINESHILPI®
GOLD | PLATINUM
TOUCH22

ख्यालीलाल तातेड़ | रजनीश मेहता | विनोद तातेड़
शिल्पिन तातेड़ | प्रमोद मेहता | रिकिन मेहता

1st Floor, Bhagat Niwas, 154\156, Kalbadevi Road, Opp. Cotton Exchange Building, Marine Lines East, Fanas Wadi, Kalbadevi, Mumbai, Maharashtra - 400002

022-4216 0700 www.shineshilpi.com Info@shineshilpi.com

तस्मै श्री गुरूवे नमः



भारत सरकार द्वारा गच्छाधिपति आचार्य श्री नित्यानंद सूरीश्वरजी को **पद्मश्री** सम्मान से विभूषित करने पर हार्दिक बधाई..!!



**माणेक जे. मेहता**
चेरिटेबल ट्रस्ट, मुंबई-खौड़

**त्याग की बात तो हर कोई करता है
सत्य का नारा तो हर कोई कहता है।
उतारे कथनी को करनी बनाकर जीवन में
ऐसा महावीर तो एकाध हुआ करता है।
महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की
शुभकामनाएं...**

POONAM DEVELOPERS
building Houses, creating Homes

**POONAM DEVELOPERS**

**Regd. Off.:** Podar Chamber, Room No. 66B, 3rd Floor, 23-E Sayed, Abdulla Brelvi Road, Fort, Mumbai-400 001.

**Admin. Off.:** A Wing, 1st Floor, Poonam Avenue, Global City, Virar (W), Pin : 401303,

Visit : www.poonamdevelopers.in
Email : poonamskyline@gmail.com



# सिद्धान्तो में भेद नहीं, फिर भी हम एक नहीं



उत्तम जैन

भगवान महावीर स्वामी ने जो भी कहा उस पर अमल किया, लेकिन वर्तमान समय में सिद्धान्तों में भेद नहीं फिर भी हम एक नहीं हो पा रहे हैं। भगवान महावीर का प्रसिद्ध उदघोषणा वाक्य रहा है जियो और जीने की सुविधा दो। इस वाक्य में मनुष्य को ही नहीं प्राणी मात्र को कल्याण की भावना समाई हुई है लेकिन वर्तमान में महावीर के अनुयायियों में यह भावना नजर नहीं आ रही है। भगवान महावीर ने जो कहा, उस पर स्वयं ने अमल किया। उन्होंने अहिंसा का उपदेश नहीं दिया परन्तु स्वयं सहन करते हुए निर्विकार भाव से रहे। उन्होंने मनुष्य मात्र को जीने के अधिकार का शंखनाद सुनाया जिसमें धर्म, भाषा, प्रदेश, लिंग और ऊंच-नीच, छुआछूत का कोई भेद नहीं था क्योंकि जैन धर्म किसी सम्प्रदाय या व्यक्ति का नहीं है 'वास्तव में वह जन धर्म है। आज यदि मानवता को राहत मिल सकती है तो भगवान महावीर की समानता, सापेक्षता, आत्मनिर्णय और आत्मानुशासन के सिद्धांत से। ज्यों-ज्यों इनका विस्तार होगा त्यों-त्यों समाज और राष्ट्र राहत की अनुभूति करेगा। मानवता शांति की धारा में निमाजित होगी अन्यथा सार का एक मात्र अनूठा पर्व है।



मरुधर केसरी
श्री मिश्रीमलजी म.सा.

2624 वें
महावीर
जन्म कल्याणक
महोत्सव की शुभकामनाएं!!



लोकमान्य सन्त शेरे राजस्थान
श्री रूपचंदजी म.सा. रजत

परम गुरूभक्त

**मातुश्री जमुबाई स्व. पुखराजजी छाजेड़
लुणावा**

पुत्र-पुत्रवधु : जयन्तिलाल - चन्द्रा
पौत्र-पौत्रवधु : चेतन - सलोनी, राहुल - सोनल
परपौत्र : ह्रदय, फियोनी

**Roop Rajat Industries**

**Mf. Of Copper Bottles, Matka & S.S. Handa Kalsi**

U-2, Kasturi Industrial Estate, Opp. Minakshi Bldg.,
Near Hero Asian Motors Showroom, Bhayander (E), Thane - 401 105
**Mob.: 98921 34643**
email: jayantilal_jain@hotmail.com
Web.: www.rooprajatindustries.com







# सारा जमाना पदम जैन का दीवाना

## हजारों परिवारों को रिश्तों में जोड़ने वाले पदमचंद जैन का हर कोई दीवाना






वैवाहिक दुनिया के बेताज बादशाह के रूप में सुप्रतिष्ठित पदमचंद जैन की आज दुनिया दीवानी है। दुनिया जिन उद्योगपतियों, फिल्मी सितारों की दीवानी है, वे सारे पदमचंद जैन के दीवाने है। और हो भी क्यों नहीं? आखिर देशभर में अब तक नामी-गिरामी परिवारों को आपस में वैवाहिक रिश्तों में जोड़ने का कीर्तिमान जो स्थापित किया है। जयपुर में एक शादी के आयोजन में जीतो के श्रेष्ठीवर्य से मुलाकात हुई। इनमें तारक मेहता का उल्टा चश्मा के फेम शैलेष लोढ़ा, शेयर मार्केट के दिग्गज मोतीलाल ओसवाल, प्रमुख बिल्डर सुभाष रूणवाल, सेलो ग्रुप के प्रदीप राठौड, इन्स्पीरा के प्रकाश जैन, डॉ. सुरेन्द्र जैन युएसए, प्रकाश कानुगो, तेजराज गुलेच्छा, किशोर खाबिया, राकेश मेहता, शांतिलाल कवाड़, संदिप बाफना सहित अनेक दिग्गजों से मुलाकात हुई। पदमचंद जैन ने अपनी चिर परिचित शैली में सभी का आत्मीय स्वागत किया। रूणवाल परिवार में वैवाहिक आयोजन के अवसर पर परिवार को बधाई दी। पूरे भारत में ओसवाल जैन बच्चों के वैवाहिक बायोडेटा के लिए पदमचंद जैन एक जाना-माना नाम है। राजनीति, प्रशासनिक, समाजसेवी, ब्यूरोक्रेटस उद्योगपति, सहित हर क्लास परिवार के बच्चों के बायोडेटा उपलब्ध है। सच में इतनी दीवानगी देखी नहीं कहीं। हर जुबां पर पदमचंद जैन का नाम।



■ आपके सपनों को पूरा करने वाली टीम ■



आईजेवीओ यानी पदम परिवार की यह टीम आपके बच्चों के लिए तलाशती हैं एक-से-बढ़कर एक सुंदर रिश्तों वाला बायोडाटा





॥ श्री पार्श्वनाथाय नमः ॥

**रिश्तों का मंडप**
**आई जे वी ओ**

विश्वस्तरीय ओसवाल-दिगम्बर जैन एवं वैश्य समुदाय के 8 हजार से अधिक वैवाहिक रिश्ते करवाने का गौरवशाली कीर्तिमान स्थापित

**9314510196 / 9602623456**




प्रोफेशनल, सीए, पायलट इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस, आरएएस, फिल्म, राजनैतिक क्षेत्र के अलावा हर वर्ग और क्षेत्र में कार्यरत युवा-युवतियों के लिए जांचे परखे वैवाहिक रिश्तों का खजाना

1 जून से 2000 से सतत आपकी सेवा में तत्पर

IJ VO **जैन - वैश्य वैवाहिक रिश्तों का आखिरी पड़ाव**

**एक छत के नीचे उपलब्ध सेवाएं**
वैवाहिक-रोजगार, छात्रवृत्ति, विधवा पेंशन, मेडिकल हेल्प, प्रशासनिक एवं कानूनी सलाह, धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सदैव अग्रणी सहयोगी

**इंटरनेशनल जैन एवं वैश्य ऑर्गनाइजेशन**
1662-बी, ए.पी. अपार्टमेंट, मोतीडूंगरी रोड, जयपुर-04
फोन : 0141-2602626

**अपनों से हो अपनों का रिश्ता**



इस केन्द्र की स्थापना से लेकर अब तक लगभग 50 हजार से अधिक वैवाहिक रिश्तों के बायोडेटा आ चुके हैं और निरंतर वृद्धि हो रही है। इस केन्द्र के काम्प्यूटर फीड बायोडेटा में बड़ी आसानी से मनवांछित रिश्ते के लिए बायोडेटा पलक झपकते ही उपलब्ध हो जाते हैं। देश में आज इतना बड़ा नेटवर्क कहीं देखने को नहीं मिलता जहां सभी बायोडेटा वेरीफाईड हो अर्थात प्रत्येक बायोडेटा की पूर्ण सूक्ष्मता से जांच की जाती है, उसके बाद ही बायोडेटा प्रोसेस में अपेक्षित होते हैं। इस केन्द्र में देश-विदेश के जैन-वैश्य समुदाय के हर क्षेत्र के युवक-युवतियों के वैवाहिक बायोडेटा उपलब्ध हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा हो, सी.ए. हो, आई पीएस हो या राजनीति, समाजसेवा के क्षेत्र से हो, देश का ख्यातनाम औद्योगिक घराना हो या फिर मीडिया हो या फिल्मी क्षेत्र हर क्षेत्र के युवक-युवतियों के बायोडेटा का नायाब खजाना है। संकोच नहीं, सम्पर्क करें : पदमचंद जैन -

**सेवा के सरोकार**
छात्रवृत्ति
मेडिकल शिक्षा
रोजगार
विधवा पेंशन
उक्त आवेदकों की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रखी जाती है।

अशोक सिरोया, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष | चंद्रराज सिंघवी, राष्ट्रीय अध्यक्ष | डॉ. प्रकाश गोलेछा, योजना मंत्री | नरेन्द्र कुमार जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, यू.वि. | बसंत जैन, राष्ट्रीय संगठन मंत्री | संजय जैन, कोर्डिनेटर | सुरेन्द्र कुमार जैन, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री

**सेवा के पथ पर अग्रसर टीम आईजेवीओ**

1662-बी, ए.पी. अपार्टमेंट, वैभव लॉन के पास, हनुमान मंदिर के सामने, मोतीडूंगरी रोड, जयपुर-04
फोन : 0141-2602626 / 4010196 email: neerapadamjain@gmail.com

## साधु संतों की सेवा में समर्पित

# रानीगांव में मुठलिया परिवार द्वारा निर्मित वैयावच्च भवन






स्व. श्री तिलोकचंदजी मुठलिया





स्व. मातुश्री धनवंतीबाई मुठलिया

**सभी गुरूभगवंतो एवं साध्वीश्री जी से विनती हैं कि वैयावच्चा भवन में पधारे।**

**आपकी सेवा में लगभग 300 उपकरण उपलब्ध है।**

**संपर्क : शिवलाल वैष्णव - 93566 42485**

OLYMPIA GAMES AND TOYS Since 1952

## तिलोकचंदजी हजारीमलजी मुठलिया (रानीगाँव)

**Olympia Games & Toys Pvt. Limited. Khar (W), Mumbai**



DINTARA JEWELS
Lab Grown Diamond Jewellery
a brand by Choksi Vimal® Bullion LLP Since 1949
Shop No. 3/4, 27, Round Chawl, Mumbadevi Road, Tambakata, Kalbadevi, Mumbai, Maharashtra - 400 002.
Intercom : 2781# | Tel.: 022 - 61832781, Email : shine@dintara.in, Web.: www.dintara.in


GUNDECHA
KBK-MAGNUM HEIGHTS
LALBAUGH
GUNDECHA
DEVELOPING MILESTONES SINCE 1966
Real Estate | Hospitality | Education
LUXURIOUS LIVING
HAS A NEW ADDRESS!
SPACIOUS 2 & 3 BHK HOMES
SCAN ME
Jain Derasar
Infinity Pool
Children Play Area
Mini Theatre
EXPERIENCE CENTER & KING SIZE SHOW FLAT READY
SITE ADDRESS:
PLOT NO.7, DR.SS.RAO ROAD, NEXT TO HILLA TOWER, LALBAUG, MUMBAI 400012.
T: +91 90761 30558 / 74001 52339 / 022 2267 1687 / 2267 1746
ONLY A FEW FLATS LEFT – DON'T MISS YOUR DREAM HOME
Disclaimer: Images shown and mentioned herein are an artist's impression for promotional purposes only. Please do not make your decision to purchase flats in the project on the basis of this information alone. If decisions are made on the basis of this information and you suffer any loss or damages, the eveloper/Promoter or any of its employees should not be made liable for damages.
RERAReg.No.- P51900034493
RERAWebsite:
https://maharera.mahaonline.gov.in
Project financed by
IndusInd Bank

# महावीर

त्याग, तप, सत्य व अहिंसा के
शाश्वत प्रतीक भगवान महावीर जी ने
कर्म प्रधानता से परिपूर्ण अपनी
शिक्षा से सम्पूर्ण मानव जाति के
कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया।
उनका जीवन व उनके विचार
सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

2624 वें
**महावीर**
जन्म कल्याणक महोत्सव की
**शुभकामनाएँ!!**

**सुखराज बी. नाहर**

**NAHAR**
**GROUP**

B-1, Mahalaxmi Chambers, 22, Bhulabhai Desai Road
Mumbai-400 026. Tel.: 2353 8425 - 2352 2784,
visit us : www.nahargroup.co.in

**RNI No. 70814/1999** Postal Regd. **No. MCS/119/2025-27.** License to post without payment **MR/Tech/WPP-286/South/2025-27**
Posting at Mumbai Patrika Sorting Office, Mumbai - 400001. POSTING DATE : 3rd & 4th, 19th & 20th Every Month, Publishing Date : 1st & 16th Every Month
**If undelivered Return to : 407, Kalbadevi Road, Daulat Bhavan, Office No. 203, 2nd Floor, Mumbai - 400 002**


# A WIDE RANGE OF HOUSEWARE PRODUCTS IN INDIA

cello

*Choose from the 3000 exquisite household products from the world of Cello*




All Cello Products are made from BPA free food grade plastic.

**For Corporate Enquiries:**

**(WEST) # Maharashtra / Mumbai** Manish 9699624460, Samir 98336 05023
# **Gujarat** Vimal 8905579701, **(NORTH)** Nancy 7906472310, Sandeep 8920995472,
Vivek 9911625261, Vipin 9780086965, **(SOUTH)** P. Sunil 9972206432, **(EAST)** Surajit 9007477833

Email: cello.sales@celloworld.com | Shop online at www.celloworld.com

Scan to order

celloworldofficial
cello_world
celloworldofficial
celloworldindia

amazon.in
Flipkart
Download the Cello mobile app from